

अमेरिका सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार - 12



भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा - 12



नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर - 13



अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की - 14



आज का मौसम

32.0° अधिकतम तापमान

18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.35 सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया 05:53 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 6 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 199, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया, 87 की मौत

**महायुद्ध**

## अभ्यास करने के बाद भारत से लौट रहा था युद्धपोत, हिंद महासागर में बनाया निशाना

## अब तक 1230 लोगों की युद्ध में गई जान, ईरान ने नए सिरे से किए हमले

दुबई, एजेंसी

अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबो दिया। इस हमले में 87 नौसैनिकों की मौत हुई है, जबकि 32 को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली ऐसी घटना बताया है। आईरिस देना उन 19 विदेशी युद्धपोतों में से एक था जो भारत मेहमान बनकर आए थे।

इन जहाजों ने 17 और 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में हुए इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। जब इस पर हमला किया गया तब यह मिलिट्री एक्सरसाइज से लौट रहा था। इस महायुद्ध में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,230 हो गई है।

वहीं, ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान ने हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर बुरी तरह पछताना पड़ेगा। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतर्राष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश गुरुवार को प्रसारित किया गया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया।



लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में गुरुवार को इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

### प. एशिया में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**दुबई।** पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध का दायरा फैलने और बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण दुबई समेत कई शहरों में फंसे हजारों यात्रियों की स्वदेश वापसी के लिए विभिन्न देशों की सरकारें निकासी उड़ानों की व्यवस्था कर रही हैं। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले तथा इसके बाद ईरान की कार्रवाई के मद्देनजर उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द हुई हैं जिससे लोग ओमान, मिस्र और सऊदी अरब जैसे मार्गों के जरिए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



अमेरिका द्वारा जारी की गई तस्वीर जिसमें ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबोया गया।

### ईरान के विदेश मंत्री बोले- नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया, उस पर उसे गहरा पछतावा होगा

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'आईरिश देना' पर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना– अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।



### श्रीलंका तट के पास ईरानी युद्धपोत डूबने के बाद भारतीय नौसेना खोज अभियान में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो के लगने से श्रीलंका तट के पास डूबे ईरानी युद्धपोत 'आईरिस देना' से संकटकालीन संदेश मिलने के बाद वह खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई। ईरानी युद्धपोत भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने श्रीलंका के नेतृत्व में चलाए जा रहे बचाव अभियान में सहयोग करने के लिए बुधवार सुबह 10 बजे लंबी दूरी के एक समुद्री गश्ती विमान के साथ खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया। आसमान से गिराए जा सकने वाले जीवनरक्षक राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया था। आसपास ही तैनात आईएनएस तरंगिनी को बचाव कार्य में सहायता के लिए भेजा गया और वह शाम 4 बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत



**मुंबई।** टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 7 विकेट खोकर 246 रन ही बना पाई। (...विस्तृत खेल पेज पर)

### शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सूचकांक चढ़े

**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899 .71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015 .90 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285 .40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765 .90 अंक पर पहुंच गया। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# पश्चिम एशिया, यूक्रेन के संघर्ष शीघ्र हों समाप्त : मोदी

- कहा- किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता
- प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद मोदी ने ये टिप्पणियां कीं।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ युद्ध छठे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें दोनों पक्षों ने नए हमले किए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया। स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का जोरदार समर्थन किया, और तर्क दिया कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में व्यापक सुधार के साथ-साथ यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी-स्टब वार्ता में पश्चिम एशिया का संकट प्रमुखता से उठाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे। मोदी ने भारत-यूरोप संबंधों में आए सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में, दुनिया की दो सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्तियां भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नयी मजबूती दे रहा है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि युद्ध समाप्त करना सभी के हित में है।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे।

# भारत ने ईरानी नेता खामेनेई की मौत पर शोक जताया



- विदेश सचिव मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया
- शोक पुस्तिका पर साइन किए श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया।

वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। भारत ने हालांकि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया।

# लोस अध्यक्ष को हटाने वाले नोटिस पर चर्चा 9 को

- सदन में उपस्थित रहेंगे बिरला कार्यवाही का नहीं करेंगे संचालन

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिए गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिए जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च को होगी।

लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पीडीटी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था। लोस सचिवालय के एक पदाधिकारी ने कहा, हालांकि, वह नोटिस प्रस्तुत किये जाने तक सदन की अध्यक्षता कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ प्रस्ताव का निपटारा होने तक सदन में उपस्थित न होने का निर्णय लिया।

## पश्चिम एशिया संकट : मुंबई दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण गुरुवार को मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 रवाना होनी वालीं और 18 आने वाली उड़ानें रद्द कर दी गयीं जबकि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 16 उड़ान भरने वाली और 14 आने वाली उड़ानें रद्द हुईं।

# चुनाव से पहले बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार शाम को नई दिल्ली में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके इस कदम पर हैरानी जताई और कहा कि बोस के इस्तीफा देने के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल एवं पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) आरएन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

17 नवंबर, 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नियुक्त किए गए बोस ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मैं साढ़े तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा हूं, यह मेरे लिए पर्याप्त है। उन्होंने अचानक इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं किया और न ही यह बताया कि क्या कोई राजनीतिक दबाव था जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले केंद्रीय गृहमंत्री शाह के दबाव में आनंद बोस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया हो सकता है।



- अचानक इस्तीफा देने के कारणों का नहीं किया खुलासा, ममता ने इस्तीफे पर जताई हैरानी

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नवीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है।



राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल नितीश कुमार।

- अमित शाह व बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दाखिल किया नामांकन

**होली मिलन** | मुख्यमंत्री बोले– सनातन पर सवाल उठाने वालों को होली जैसे पर्व का अहसास नहीं

# सकारात्मक सोच वाली ताकतों की सदैव होती विजय : योगी

- गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होली समारोह में सीएम ने लोगों को दी बधाई

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गोरखपुर

**अमृत विचार :** रंगोत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतों की हमेशा विजय होती है। नकारात्मक सोच वाली शक्तियां विध्वंसात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है।

बुधवार दोपहर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने लोगों पर पुष्पवर्षा कर सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साह और उमंग के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति की है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न उठाते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का वास्तविक भाव समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि होली ऐसा पर्व है जिसमें न कोई भेदभाव होता है और न ही छुआछूत। सनातन धर्म के पर्व-त्योहार समाज को नई दिशा देने के साथ धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इनमें सामूहिकता का भाव होता है और समाज का हर वर्ग इसमें सहभागी बनता है।



महापर्व होली पर भगवान श्री नरसिंह जी की रंगभरी भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आरएसएस गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में सहभाग करते योगी।

### राष्ट्र प्रथम के भाव से हो दायित्वों का निर्वहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के कई हिस्सों में अव्यवस्था दिखाई देती है, जबकि भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाए जा रहे हैं। इसका कारण भारत की सकारात्मक सोच है। भारत ने कभी किसी के साथ बुरा नहीं किया और न ही बुरा कहा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने की जरूरत है। समारोह में मुख्यमंत्री ने होली गीतों का आनंद भी लिया।

# गोरखपुर में होलिका भस्म की पूजा कर मुख्यमंत्री योगी ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरक्षपीठाधीश्वर व संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक
- गोरखनाथ मंदिर में फाग और फूलों के संग हुआ रंगोत्सव

**अमृत विचार :** होली के महापर्व पर बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली उत्सव का शुभारंभ किया। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका की भस्म (सम्मत की राख) की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और भस्म का तिलक लगाया।

मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने भी सभी को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित की। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कुछ देर रुककर फाग गीतों का आनंद लिया और उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी।

इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री के ऊपर अबीर-गुलाल, रंग और फूलों की वर्षा कर उत्साहपूर्वक होली खेली। पूरा परिसर रंग और भक्ति के माहौल से सराबोर दिखाई दिया। गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और संतों के बीच भक्ति, परंपरा और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

### गोवंश को लगाया तिलक गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गोवंश को भस्म और गुलाल का तिलक लगाया तथा गुड़ खिलाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री की आवाज सुनते ही गोवंश उनके पास आ गए, जिन्हें उन्होंने दुलार करते हुए उनके माथे और गर्दन को सहलाया।



होली पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित समारोह में शामिल मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# यूपी पुलिस को होंडा इंडिया देगा 50 क्यूआरटी वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस को होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत ये वाहन देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस और होंडा इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इन 50 दोपहिया वाहनों को उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इनका उपयोग विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति या अपराध की सूचना मिलने पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार सहारनपुर को पांच वाहन दिए जाएंगे, जबकि शामली, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, बिजनौर, पीलीभीत, महोबा, बांदा, प्रतापगढ़, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया और सोनभद्र को तीन-तीन वाहन मिलेंगे।

# यीडा क्षेत्र में बन रहा औद्योगिक कॉरिडोर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में विकसित और प्रस्तावित औद्योगिक सिटीज अब पारंपरिक औद्योगिक प्लॉटिंग से आगे बढ़कर सेक्टर आधारित आर्थिक ढांचे के रूप में उभर रही हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, टॉय सिटी और अपैरल पार्क जैसी परियोजनाओं के साथ फिल्म सिटी, फिनटेक सिटी और विदेशी साझेदारी पर आधारित थीम सिटीज यमुना एक्सप्रेस-वे को बहुक्षेत्रीय औद्योगिक कॉरिडोर में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और सेक्टर-24 में 200 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य उच्च मूल्य उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसके अलावा सेक्टर-33 में 100 एकड़ में टॉय सिटी और सेक्टर-29 में 175 एकड़ का अपैरल पार्क श्रम आधारित उद्योगों को संगठित ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं। इन परियोजनाओं को इस तरह डिजाइन किया गया है कि कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की सप्लाई चेन एक ही कॉरिडोर में विकसित हो सके। टप्पल क्षेत्र में 200 एकड़ का प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स पार्क औद्योगिक ढांचे की आपूर्ति और वितरण प्रणाली को मजबूत करेगा।

# प्रदेश के 6 प्रत्याशी अयोग्य घोषित 3 साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्वाचन व्यय का लेखा समय पर न देने के कारण भारत निर्वाचन आयोग ने किया फैसला

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में भाग लेने वाले छह प्रत्याशियों को अयोग्य घोषित कर दिया है। इनमें से चार अभ्यर्थी अकेले बदायूं हैं। आयोग ने यह निर्णय इन प्रत्याशियों द्वारा नियमानुसार अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल नहीं करने पर लिया है।

अयोग्य घोषित किए गए प्रत्याशी 25 फरवरी 2026 से अगले तीन वर्ष तक किसी भी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के तहत की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर अपने सभी व्यय वाउचर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होता है। इन छह प्रत्याशियों ने आयोग का नोटिस मिलने के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

### अयोग्य घोषित प्रत्याशी

- प्रज्ञा यशोदा- 112, बिसौली विधानसभा, ग्राम पिसनहारी, बदायूं
- सुरेन्द्र- 112, बिसौली, ग्राम लभारी, बदायूं
- ममता देवी- 116, शेखूपुर, ग्राम सराय पिपरिया, बदायूं
- ओमवीर- 117, दातागंज, ग्राम खजुरारा, बदायूं
- मुन्ना लाल-117, दातागंज, हसनपुर खेवली, लखनऊ
- अनिल कुमार-113, सहसवान विधानसभा, चन्दौसी, संभल

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच।**

पत्रांक- 209/मु0न0सृ0योजना/नि0का0/ई-टेण्डर/न0पं0प0/2026 दिनांक :- 28 फरवरी 2026

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक- 208/मु0न0सृ0योजना/नि0का0/ई-टेण्डर/न0पं0प0/2026, दिनांक- 28 फरवरी, 2026 मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना मे स्वीकृत 02 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 05 मार्च 2026 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 06 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025-26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों मे A, B,C, एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग-अलग आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा खुटेहना में मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना (CMNSY N.P. PAYAGPUR BAHRAICH) के नाम से संचालित बचत खाता संख्या- 50100487453375 IFS code HDFC0003844 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र / पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 06 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद-बहराइच।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद-बहराइच।**

# ईसीसीई किट से खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 20 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) किट का वितरण किया गया है। ईसीसीई किट के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 39 हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है। राज्य सरकार का मानना है कि तीन से छह वर्ष की आयु बच्चों के बौद्धिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। ऐसे में इस चरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री और वैज्ञानिक पद्धति उपलब्ध कराकर बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सकती है। ईसीसीई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट, ईसीसीई मैनुअल (पहल), वार्षिक गतिविधि कैलेंडर और बाल गतिविधि पुस्तिका उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित छह कहानियों की पुस्तकों का सेट तथा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) आधारित पुस्तिकाएं भी दी जा रही हैं।






# घाघरा में डूबने दो किशोरों की मौत

## थाना रौनाही स्थित कलाफरपुर गांव में होली के दिन की घटना | रंग खेलने के बाद नदी में नहाने गए थे तीन किशोर, एक को बचाया

बड़ागांव, अयोध्या।


राज सैनी (फाइल फोटो)


सुमित कोरी (फाइल फोटो)


कलाफरपुर घाट पर मौजूद पुलिस व मृतकों के परिवारीजन।

**अमृत विचार :** होली में रंग खेलने के बाद घाघरा नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई। एक किशोर को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों के शव बरामद कर लिये। घटना के बाद दोनों के परिवार में मातम छा गया।

होली के दिन बुधवार को रंग खेलने के बाद दोपहर करीब एक बजे सोहावल के मुबारकगंज गांव निवासी राज सैनी (16) पुत्र हरिओम सैनी, सुमित कोरी (15) पुत्र पप्पू कोरी अपने दोस्त धर्मचंद के साथ घाघरा नदी के कलाफरपुर घाट पर नहाने के लिए गये थे। ग्राम प्रधान मनोज सिंह व एनडी शुक्ला ने बताया कि नहाते समय राज सैनी का पैर फिसला और वह गहरे पानी में डूबने लगा। यह देख सुमित व धर्मचंद उसको बचाने के लिए नदी में गए तो वह भी डूबने लगे। तीनों को डूबता देख वहां मौजूद सोमनाथ पांडे, जीवधारी पांडे ने नदी में छलांग लगाकर धर्मचंद को बाहर निकाल लिया लेकिन तब तक राज सैनी व सुमित गहरे पानी में चले गए। सूचना पर पहुंचे सीओ सदर अरविंद सोनकर, थाना प्रभारी रौनाही लालचंद सरोज व चौकी प्रभारी सत्तीचौरा सत्यम अग्रवाल ने पुलिस व गोताखोरों की मदद से दोनों की नदी में तलाश शुरू की, कुछ देर में दोनों को ढूंढ निकाला। गंभीर हालत में दोनों को सीएचसी सोहावल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक राज सैनी दो भाईयों में बड़ा व सुमित कोरी तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। ग्राम प्रधान के अनुसार तीनों किशोर तैरना नहीं जानते थे। रौनाही थाना प्रभारी लालचंद ने बताया दोनों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के बिल्वहरि घाट स्टेशन के पास एक किशोर की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। उसकी पहचान महाराजगंज थाना क्षेत्र के भरटोला मजरे खुशहालगंज निवासी अमन राजभर (15) पुत्र राम सुरेश राजभर के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 01706 जबलपुर होली स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने के कारण किशोर की मौत हुई है। परिजनों के अनुसार मृतक परिवार के साथ अहमदाबाद में रहता था। होली के त्योहार पर बुधवार को ही परिवार के साथ गांव आया था। थाना प्रभारी महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना का मामला लग रहा है।

### बाइक पेड़ से टकराई एक की मौत दो घायल

अयोध्या, अमृत विचार। लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिले की सीमा रामसनेही घाट कल्याणी नदी पुल के पास होली के दिन एक बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार तीनों युवकों को बाराबंकी जिले के सीएचसी बनीकोडर भेजवाया। जहां मवई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा रसूलपुर कुशहरी निवासी रंजीत कुमार रावत (22) पुत्र राकेश कुमार की मौत हो गई। घायल प्रियांशु व एक अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। कोतवाली रामसनेही घाट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बाराबंकी भेज दिया है।

### सड़क हादसों में दंपति समेत नौ लोग घायल

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दंपति समेत नौ लोग घायल हो गए। पिपरी जलालपुर रामपुर भगन मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार माफी निवासी सचिन (20) घायल हो गया ।उसे सीएचसी बीकापुर से डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया। अन्य सड़क दुर्घटनाओं में रामपुर परेई निवासी हर्ष (17), कोरो राघवपुर हैदरगंज निवासी सुरेश सिंह (55), बछौली निवासी अखिलेश ((28), पुंहपी निवासी अभिनंदन (28), उमरनी पिपरी निवासी आलोक पाल (20), शिव तिवारी का पुरवा निवासी राजेंद्र (35), मनोज निषाद (36), नासिरपुर मूसी निवासी राजू (29) घायल हो गए। वहीं बृहस्पतिवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में खजुरहट निवासी अजय व उसकी पत्नी दुर्गा घायल हो गए। उनका सीएचसी बीकापुर में दवा उपचार कराया गया। डॉक्टर ने दुर्गा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डॉ. प्रतिभा सिंह को मिला कृषि अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार



**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत डॉ. प्रतिभा सिंह को कृषि महाविद्यालय, कुमारगंज का कृषि अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने डॉ. धीरेन्द्र कुमार सिंह को कृषि महाविद्यालय, कुमारगंज के अधिष्ठाता के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। डॉ. सिंह वर्तमान में कृषि महाविद्यालय परिसर, आजमगढ़ में सह अधिष्ठाता के रूप में कार्यरत हैं और अब वे वहीं अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कृषि जीव रसायन विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ कृषि महाविद्यालय, कुमारगंज के अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। फल विज्ञान विभाग के एस.एम.एस./प्राध्यापक/विभागाध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप को उनके वर्तमान दायित्वों के अतिरिक्त उक्त महाविद्यालय के दैनंदिनी कार्यों को संपादित करने हेतु सह अधिष्ठाता, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय पद पर तत्काल प्रभाव से नामित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सब जूनियर बालक हॉकी ट्रायल 9 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डॉ .आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सब जूनियर बालक हॉकी ट्रायल 9 मार्च को होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 11 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम 13 से 18 मार्च तक लखनऊ में प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में होने वाली प्रदेशीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### भूमि विवाद में मारपीट 10 लोगों पर केस

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के लुत्फाबाद बछौली पूरे प्रसाद पांडेय गांव में भूमि विवाद के चलते कुछ दिन पूर्व दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष की तरफ से 10 आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर रामकुमार, उनके पुत्र सुनील, स्वाति, सीटू, आशा, भूपेन्द्र पाण्डेय, नरेन्द्र पाडेय, सुमन, पुष्पा और शीला के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल खुलने से पहले दूर करें पेंडेंसी करें दूर

**अयोध्या, अमृत विचार :** नए शिक्षा सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र की शुरुआत से पहले सभी परिषदीय विद्यालयों के हेड टीचर्स और इंचार्ज टीचर्स को सख्त निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट कहा है कि स्कूल खुलने से पहले तीन दिनों के भीतर प्रेरणा पोर्टल पर लंबित सभी पेंडेंसी पूरी तरह समाप्त कर दी जाएं, अन्यथा हेड टीचर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसे लेकर निर्देशित किया गया है।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अयोध्या, अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के मानूडीह गांव में सूरज प्रजापति (25) पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल प्रजापतिका शव कमरे के भीतर फंदे से लटकता हुआ मिला ।मृतक अपनी बुजुर्ग मां और चाचा के साथ घर पर रहता था। प्रभारी निरीक्षक खंडासा सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था।

### अनफिट वाहन फिट कराएं, जमा कराएं बकाया कर

**अयोध्या, अमृत विचार।** आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा करते हुए मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बकाया कर जमा कराने व अनफिट वाहनों को फिट कराने के निर्देश दिए। कहा कि आईजीआरएस, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्राप्त प्रकरण, रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल लाइसेंस आदि सभी लंबित प्रकरणों के नियमानुसार निस्तारण करें। वित्तीय वर्ष में कुछ ही समय शेष है, निर्धारित मासिक क्रमिक एवं वार्षिक राजस्व लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।

# बदले मौसम के तेवर मरीजों की लगी कतार


मेडिकल कॉलेज में मरीजों का उपचार करते डॉ. वीरेंद्र वर्मा।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मार्च महीने में बदलते मौसम के कारण सर्दी, जुकाम, खांसी और पेट संबंधी बीमारियां के मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा देखा जा रहा है। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन ओपीडी में गुरुवार सुबह से ही कतारें लगी रहीं।

त्योहार के दौरान लोगों ने मीठे-नमकीन व्यंजनों का भरपूर सेवन किया, तले-भुने और चिकनाई युक्त पदार्थ खाए। जिससे पेट संबंधी समस्याएं बढ़ गईं। साथ ही फाल्गुन से चैत्र की ओर बढ़ते मौसम में दिन में गर्मी बढ़ रही है। सुबह-शाम ठंड है। इस मौसम में दिन-रात के तापमान में अंतर होने से वायरल इंफेक्शन, सर्दी-जुकाम और एलर्जी जैसी समस्याएं तेजी से फैल रही हैं।

मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मार्च में मौसम का यह संक्रमण काल बहुत संवेदनशील होता है। दिन की गर्मी और रात की ठंडक से शरीर का इम्यून सिस्टम प्रभावित होता है। जिससे सांस की नली में संक्रमण बढ़ जाता है। होली के बाद मीठे, तले हुए और मसालेदार खाने से एसिडिटी, गैस, दस्त और पेट दर्द के केस भी ज्यादा आ रहे हैं। कहा कि इस मौसम में हल्का, सुपाच्य भोजन लें। ज्यादा पानी पिएं। गर्म पानी से गरारे करें और भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें। यदि बुखार, लगातार खांसी या पेट दर्द बढ़े तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### ओपीडी में 60 फीसदी मरीज सर्दी-जुकाम के

पिछले कुछ दिनों में ओपीडी में औसतन 150-200 मरीज रोज आ रहे हैं, जिनमें 60-70 प्रतिशत सर्दी-जुकाम और उदर रोग से पीड़ित हैं। ओपीडी में पहुंचे नाका निवासी अर्जुन (45) ने बताया कि होली पर परिवार के साथ खूब रंग खेला, गुजिया, मालपुआ और चाट-पकौड़ी खाई। अगले दिन से ही पेट में जलन और दस्त शुरू हो गए। दिक्कत बढ़ने पर अस्पताल आना पड़ा। अब डॉक्टर साहब कह रहे हैं कि चिकनाई वाले खाने से गैस्ट्रोएंटेराइटिस हो गया है। इसी तरह नियांवा से आईं 32 वर्षीय राधिका देवी बोलीं सर्दी-जुकाम तो होली के पहले से ही था, लेकिन बच्चे के साथ रंग खेलते वक्त ठंडी हवा लग गई। नाक बह रही है, गला खराब है। बुखार भी आ-जा रहा है।

### अनियंत्रित डंपर ने ली युवक की जान

**अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चौकी अंतर्गत रसूलपुर गांव में एक युवक को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने डंपर और चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत (बघौड़ा) कच्चे का पुरवा निवासी आकाश तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी रसूलपुर गांव में अपने रिश्तेदार विनोद के घर आया था। विनोद के घर में आकाश की बहन की शादी हुई है। बीती रात आकाश घर के बाहर लगे हैंडपंप पर हाथ धो रहा था। इसी दौरान डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। आकाश को कुमारगंज के एक निजी अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। देवगांव चौकी पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

# 5 किमी. दूर सुनाई देती थी मिसाइल गिरने की आवाज

- आबूधाबी से सकुशल लौटे दशरथ महल के महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य ने सुनाई आपबीती

अयोध्या कार्यालय :


महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य का स्वागत करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और साधु संत।

**अमृत विचार :** जहां पर हम रुके हुए थे वहां से पांच किलोमीटर की दूरी पर अमेरिका का एयरवेस है। वहां जब मिसाइल गिरती थी तो तेज आवाज सुनाई देती थी। दहशत से लोग खिड़की दरवाजे बंद कर लेते थे। भगवान की कृपा से हम लोग सुरक्षित आ गए। ये कहना है दशरथ महल पीठाधीश्वर विंदुगद्याचार्य महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य का। वो गुरुवार को आबूधाबी से वापस अयोध्या पहुंचे थे। अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, रसिक पीठ के आचार्य महंत जनमेयज शरण और महंत हेमंत दास ने फूल माला से स्वागत किया।

महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य ने बताया कि भक्त ने आबूधाबी में बने राममंदिर में दर्शन के लिये बुलाया था। इसलिए 27 फरवरी को गया था ।इसी बीच 28 फरवरी से ईरान और अमेरिका में युद्ध प्रारंभ हो गया। जिसके कारण फ्लाइट कैंसिल हो गई। आबूधाबी के हवाई अड्डे पर भी मिसाइलें गिरीं। वहां पर जो लोग हैं वह भयभीत है।

श्रृंगऋषि आश्रम के महंत हेमंत दास ने बताया कि युद्ध के चलते हवाई सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गईं, जिसके कारण महाराज की निर्धारित तिथि 2 मार्च को भारत वापसी संभव नहीं पाई थी। कहा कि इजरायल और ईरान में रहे हमलों के बीच वहां के रहने भारतीय भी सुरक्षित नहीं हैं। दशरथ महल के महंत भी आबुधाबी यात्रा पर गये थे, जो युद्ध के कारण वह वापस नहीं आ पा रहे थे। जैसे ही हवाई सेवाएं शुरू हुईं वो सकुशल वापस आ गये।

# कृषि विवि के कुलपति ज्ञानेंद्र सिंह की नियुक्ति निरस्त

- निर्धारित समय पर नहीं ग्रहण किया पदभार

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने निरस्त कर दी है। राजभवन द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह आदेश 24 घंटे पूर्व से प्रभावी माना गया है। कुलाधिपति ने ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को 10 फरवरी को पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त किया था। हालांकि उन्होंने निर्धारित समयावधि के भीतर पदभार ग्रहण नहीं किया। राजभवन ने उन्हें 1 मार्च 2026 तक पदभार संभालने का अंतिम अवसर दिया था, जिसमें वे असमर्थ रहे।

सूत्रों के अनुसार, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान में आईसीएआर नई दिल्ली में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। उनकी सेवानिवृत्ति 31 मार्च 2026 को प्रस्तावित है। सेवानिवृत्ति से पूर्व विश्वविद्यालय में पदभार ग्रहण न कर पाने को नियुक्ति निरस्त किए जाने का प्रमुख कारण माना जा रहा है। राजभवन द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि यह निर्णय जनहित, छात्रहित और कृषि उच्च शिक्षा के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। फिलहाल, विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र कुमार सिंह को सौंपा गया है। वे अग्रिम आदेश तक नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का दायित्व भी संभालेंगे।

# एडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी से आठ बिंदुओं पर मांगा स्पष्टीकरण

- ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री सहित अफसरों से की है शिकायत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तारुन ब्लॉक के किछूटी किशुन दासपुर ग्राम पंचायत में पंचायत अधिकारी की कार्यशैली से परेशान ग्राम प्रधान अखंड प्रताप मौर्या ने मुख्यमंत्री सहित प्रदेश व जिले के अधिकारियों से शिकायत की। इसको संज्ञान में लेते हुए सहायक विकास अधिकारी हुसैन फारूखी ने पांच मार्च को नोटिस जारी कर ग्राम सचिव से आठ बिंदुओ पर तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है।

जारी किए पत्र में एडीए ने कहा कि ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर जन्म-मृत्यु और वित्तीय कार्यों में मनमानी, पंचायत भवन पर अनुपस्थिति, योजनाओं की जानकारी न देने और भुगतान में दबाव डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधान मौर्या ने 21 व 27 फरवरी और पांच मार्च को भेजे शिकायती पत्रों में कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। कहा कि अधिकारी नियमित रूप से पंचायत भवन में उपस्थित नहीं रहतीं, शासन की योजनाओं की जानकारी गांव के लोगों तक नहीं पहुंच रही है। प्रधान का आरोप है कि जन्म-मृत्यु रजिस्टर और भुगतान कार्यों के लिए गांव के लोगों को बार-बार दौड़ाया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने आरआरसी सेंटर और ई-रिक्शा का भुगतान कराने के लिए फर्जी बिल बनाने का प्रयास किया गया। सामुदायिक शौचालय की सफाई और रखरखाव का भुगतान न होने से दो महीने से सफाई ठप है। इसी तरह के अन्य आरोप भी है।

# हाईस्कूल इंटर की परीक्षा के दूसरे दौर की तैयारी, दो सचल दल बढ़े

- यूपी बोर्ड परीक्षा : बिना अनुमति अवकाश लेने वाले दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दूसरे दौर (विशेष विषयों) की तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन और नकलविहीन माहौल सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

विशेष विषयों की परीक्षाओं में बढ़ती जटिलता और छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए विभाग ने फ्लाइंग स्क्वॉड (सचल दल) की संख्या में इजाफा किया है। पहले चरण में जहां सात सचल दल तैनात किए गए थे, वहीं अब दूसरे दौर के लिए इनकी संख्या बढ़ाकर नौ कर दी गई है। ये दल परीक्षा केंद्रों पर अचानक निरीक्षण करेंगे, जिससे नकल और अनुचित साधनों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा विभाग ने सख्ती भी बरती है। दो केंद्र व्यवस्थापकों को अवकाश रोक (रोक अवकाश) के उल्लंघन के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। सूत्रों के अनुसार, इन अधिकारियों ने परीक्षा अवधि के दौरान बिना अनुमति के अवकाश लिया, जिससे केंद्रों पर अनुशासनहीनता की आशंका बढ़ गई थी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दूसरे दौर की परीक्षाएं निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही संपन्न होंगी। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी, बायोमेट्रिक व्यवस्था और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। अभिभावकों और छात्रों से अपील की गई है कि वे परीक्षा नियमों का पालन करें और निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है।

# तीन आरोपी गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त बंदूक बरामद

अयोध्या कार्यालय

**भूपेंद्र हत्याकांड**

**अमृत विचार।** थाना गोसाईगंज पुलिस ने बहुचर्चित भूपेंद्र हत्याकांड में पिता व दो पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास हत्या में प्रयुक्त दोनाली बंदूक बरामद हुई है।

थाना गोसाईगंज अंतर्गत काजीपुर गाडर गांव में एक मार्च को भूमि विवाद में प्रॉपर्टी डीलर भूपेंद्र सिंह निवासी अंकारीपुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के भाई यतेंद्र सिंह की तहरीर पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस की दो टीम गठित की गई थी। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने गुरुवार को बताया कि सीसीटीवी व अन्य साक्ष्य की मदद से तीन आरोपियों की पहचान की गई थी। थाना प्रभारी शारदेंदु दुबे व उनकी टीम ने गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे आरोपी चन्द्रप्रकाश वर्मा व उनके पुत्र अमित वर्मा निवासी काजीपुर गाडर को बाग पौसरा मोड से व दूसरे पुत्र आरोपी चन्द्रजीत वर्मा को बरेहटा पुल दूधनाथ बाबा मंदिर ग्राम बेनिया से गिरफ्तार कर लिया। एसपी के अनुसार आरोपियों ने हत्या करने की बात स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो नाली बंदूक बरामद कर ली गई है। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# दूसरे की खतौनी पर ऋण लेने में शाखा प्रबंधक समेत चार पर रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** दूसरे की खतौनी लगाकर 2,93,000 रुपये लोन पास कराने में कोर्ट के आदेश पर शाखा प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट सीजेएम के आदेश पर दर्ज हुई है। रिपोर्ट दर्ज करने के लिए अर्जी कोट सराय थाना कैंट के रहने वाले राधेशरण मिश्र ने दी थी। अधिवक्ता एखलाक अहमद ने बताया कि राधेशरण व माधव शरण मिश्रा गाटा संख्या 833 के भूमिधर हैं। उन्होंने अपनी खतौनी 7 सितंबर 2024 को जन सेवा केंद्र से निकलवाई तो उसमें आदेश था कि रतेंद्र कुमार यादव, चंद्रावती पुत्र केश कुमार द्वारा 2,93,000 लेकर ग्राम कोट सराय तहसील सोहावल जिला अयोध्या की गाटा संख्या 833 क्षेत्रफल 0.640 हेक्टेयर इंडियन बैंक शाखा मानस नगर के पक्ष में 30 जनवरी 2023 को बंधक रखी गई। जबकि राधे शरण और उनके भाई ने न तो खतौनी बंधक रखी और न उस पर कोई लोन ही प्राप्त किया। इस पर राधे शरण ने कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज करने की अर्जी दी ।जिस पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश हुआ था। इस आदेश के आधार पर कैंट थाने में शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक शाखा मानस नगर, अज्ञात तहसील कर्मियों, रतेंद्र कुमार यादव तथा चंद्रावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849


सिविल लाइन में रंग खेलती युवाओं की टोली। अमृत विचार


रामपथ पर स्कूटी सवार को रोककर रंग डालते युवा। अमृत विचार


महिला थाने में होली खेलती महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# पुलिस लाइंस में उड़ा अबीर गुलाल, हुई रंगों की बरसात

## डीजे पर थिरकते नजर आए पुलिस के जवान व अधिकारी | सख्त दिखी पुलिस, दर्शन पूजन को जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का रखा विशेष ध्यान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** होली के दिन सुरक्षा के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवान व अधिकारियों ने दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस लाइंस में होली खेली। इस दौरान जमकर अबीर-गुलाल उड़ा व रंगों की बरसात हुई। डीजे पर भोजपुरी और होली गीतों पर जवान ही नहीं अधिकारी भी थिरकते नजर आए।

महिला थाना में महिला पुलिसकर्मियों ने भी खूब मस्ती की, एक दूसरे को खूब रंग लगाया। डीआईजी कार्यालय में भी होली की मस्ती छाई रही। असली मस्ती पुलिस लाइंस में दिखी, जहां बड़ी संख्या में जवान, अधिकारी व उनके परिवार के लोगों ने होली खेली। डीआईजी सोमेन वर्मा, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी यातायात एपी सिंह समेत सभी क्षेत्राधिकारी, निरीक्षक, उप निरीक्षकों ने एक-दूसरे के ऊपर रंग डाला।

### आरएसएस के स्वयंसेवकों ने खेली होली

**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विवेकानंद नगर के स्वयंसेवकों ने फूलों की होली खेली। टोली चौक कोठापारचा से निकलकर रिकाबगंज होते हुए हनुमानगढ़ी मंदिर पर पहुंचे। यहां हनुमान जी से भी होली खेली। स्वयंसेवकों की टोली लौटकर चौक में मंडल बनाकर गीतों और फूलों के साथ होली मनाई। नगर के संघ चालक गोपाल जी ने देश भक्ति का गीत गाया। यहां महानगर व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल, अजय भज्जा, अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सह कार्यवाह सुनील साहू, श्रीराम केसरवानी, आदि थे।


हनुमानगढ़ी मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे भट्ठा मजदूर। अमृत विचार

### होली उत्सव मनाने रामलला के दरबार पहुंचे भट्ठा मजदूर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** होली पर रंग खेलने के बाद दूसरे दिन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के भट्ठा मजदूर रामनगरी आते हैं। इसी के चलते गुरुवार को बड़ी संख्या में भट्ठा मजदूर परिवार के संग अयोध्या पहुंचे हैं। यहां सरयू नदी में स्नान के बाद हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन-पूजन किया हैं। यह पूरा नजारा किसी मेला से कम नहीं रहा। अयोध्या पहुंचे भट्ठा मजदूर सुनील ने बताया कि उत्तर प्रदेश में होली पर्व को लेकर भट्ठा मजदूरों को छुट्टी दी जाती है। लोग अपने घर गांव जाते है, हम लोग भगवान के घर को अपना घर मानते हैं। छुट्टी मिलते ही अयोध्या पहुंच जाते हैं। सभी ने आज सरयू ने डुबकी लगाने के साथ मंदिरों में पूजा-पाठ किया हैं। भट्ठा मजदूर आशुतोष ने कहा कि परिवार से साथ अयोध्या आये हैं। रामलला के साथ हनुमानगढ़ी व अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन किया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** होली का पर्व शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगोत्सव का जुलूस श्रीहनुमान किला मंदिर कटरा से उठकर घोसियाना, नवाब बाजार ,शेखाना,भैरव धाम, टेढ़ी बाजार ,सिनेमा रोड अकबरगंज नयागंज कोठी होते हुए कटरा काली मंदिर पर समाप्त हुआ।जुलूस पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के नेता राजेश गुप्ता,पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष शतींद्र प्रकाश शास्त्री,राजेंद्र अग्रवाल प्रेम हरि आर्य,रवि कुमार वैश्य राज किशोर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं मां काली मंदिर लालकुआं काशीपुर और आर्य समाज रुद्रावली के तत्वाधान में प्राचीन देवकाली मंदिर में वैदिक यज्ञ ,होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। लाल कुआं पर विधायक रामचंद्र यादव,वीरेंद्र मिश्रा, मेढी लाल यादव,शिव नारायण लोधी,पूर्व बार अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में लोग रहे।


रुदौली में आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

### होली में जमकर बरसे रंग, छाई रही मस्ती, डीजे पर खूब थिरके लोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में होली पर जमकर रंग बरसे, मस्ती छाई रही और लोग डीजे की धुन पर खूब थिरके। शहर की गलियों, सरयू घाटों और विभिन्न मंदिर परिसरों में रंगों की होली ने अलग ही रौनक बिखेरी। अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का विशेष इंतजाम कर रखा था, जिससे कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई। कुछ जगहों पर सामूहिक रूप से भी होली खेलने का इंतजाम रहा, जहां लोगों ने परिवार समेत मस्ती की। शहर के रिकाबगंज, चौक, नियावा, नाका, फतेहगंज, रीडगंज, देवकाली, बेनीगंज, साहबगंज समेत अन्य इलाकों में बच्चों व युवाओं की टोली हर आने जाने वाले को रंगों से सरोबार करते रहे। यही हाल अयोध्या धाम की भी रहा। टेढ़ी बाजार, लता चौक, बासुदेवघाट, प्रमोदवन, रायगंज, कनीगंज समेत अन्य इलाकों में लोगों में होली का जादू सिर चढ़कर बोला। श्रृंगार हाट में व्यापारियों व साधु संतों की होली का अलग रंग दिखा। वहीं क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी, अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह, थाना प्रभारी रामजन्मभूमि अभिमन्यु शुक्ला पुलिस बल के साथ श्रद्धालुओं के आने जाने वाले रास्तों पर गश्त करते रहे। कोतवाल ने बताया कि कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय सूचना की खबर नहीं मिली।

● कुछ जगहों पर सामूहिक रूप से भी होली खेलने का इंतजाम रहा

### होली समता एवं समरसता का पर्व : राधेश्याम

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बिडहार में आयोजित होली मिलन में भाजपा के जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का स्वागत किया गया। भाजपा महामंत्री महिला मोर्चा प्रधान बिडहार सुमन पासवान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली समता और समरसता का त्यौहार है। इस मौके पर पूर्णमासी रावत प्रधान गौरैयामऊ,अशोक यादव, रामसरंदास,रविंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।


राम मंदिर परिसर में अनुष्ठान करते दक्षिण भारत के आचार्य।


होली पर रामलला को लगाया गया अबीर-गुलाल।


होली पर सजा भव्य रामदरबार।

### दक्षिण भारत के आचार्यों ने किया अनुष्ठान पूजन

### मंदिरों में भी खेली गई होली, रामलला को खिलाई गुजिया

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** होली उत्सव रामनगरी का भी प्रमुख त्योहार है। यहां के मंदिरों में बसंत पंचमी से शुरू हुई होली बुधवार को समाप्त हुई। जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं के साथ-साथ बुधवार को राममंदिर में भी रामलला के संग पुजारियों ने होली खेली। गर्भगृह में विराजमान भगवान श्रीराम का अभिषेक किया गया। श्रृंगार कर सुंदर वस्त्र धारण कराया गया और दोपहर में मेवा, मिठाई और गुजिया का भोग लगाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन भी किया। राम मंदिर परिसर में विशेष अनुष्ठान भी संपन्न किया गया। मंदिर के पूर्वी दिशा में स्थापित यज्ञ मंडप में दक्षिण भारत से आए वैदिक आचार्यों ने राम दरबार की उत्सव मूर्ति की विधि विधान पूर्वक पूजन-अर्चन करते हुए अनुष्ठान को सम्पन्न किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मेधावी अभिनीत को किया सम्मानित

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय करमडांडा के कक्षा 8 के छात्र अभिनीत का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने पर बृहस्पतिवार को विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर उसे सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने छात्र को रोली-चंदन का टीका लगाकर माला पहनाई और मिठाई खिलाई। इस अवसर पर अभिनीत के पिता ओमप्रकाश को भी सम्मानित किया गया। ग्राम सफदर भारी मजरे बदलू अहीर का पुरवा निवासी अभिनीत ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, पिता ओमप्रकाश पांडेय और माता कल्पना पांडेय को दिया। प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी, शिक्षिका प्रतिमा रानी श्रीवास्तव, वंदना, दिनेश सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के नारा कोटावा गांव निवासी सोनू (45) पुत्र राम अवध ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर घर के सामने ही पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन और ग्रामीणों ने उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे सीएचसी पूरा बाजार ले गई ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर भेज दिया गया। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि अब उसकी हालत सामान्य है।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अलावलपुर में बृहस्पतिवार सुबह करीब अलावलपुर गांव निवासी विजय बहादुर गौड़ (24) पुत्र स्व राधेश्याम गौड़ का शव खपरैल मकान के बड़ेर से रस्सी के फंदे से लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

### शराब बेचते गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** आबकारी निरीक्षक क्षेत्र बीकापुर और थाना तारुन पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को कस्बा रामपुर भगन में होली पर घोषित बंदी के दिन दीपचंद्र को अवैध रूप से शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्र के अनुसार यह शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी गई थी। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना तारुन में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सम्मान के साथ किया गया पूर्व सैनिक का अंतिम संस्कार


अवधेश प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम के सक्रिय सदस्य नायक अवधेश प्रताप सिंह का बीमारी से लखनऊ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लगभग 67 वर्ष के थे। राजपूत रेजीमेंट में 17 वर्ष सेवा देकर 1998 में सेवानिवृत हुए थे। उनका अंतिम संस्कार जमथरा घाट पर किया गया। डोगरा रेजीमेंट की टुकड़ी ने सलामी दी। अंतिम संस्कार में परिषद के अध्यक्ष कैप्टन जेपी द्विवेदी, कैप्टन बीके सिंह, सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा, सूबेदार कपिल देव सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षाविद् शेष राज सिंह का निधन


शेषराज सिंह (फाइल फोटो)

**पूराबाजार, अमृत विचार :** शिक्षाविद्, अनुशासन प्रिय, सरल व्यवहार के धनी पूराबाजार के रहने वाले पूर्व शिक्षक शेषराज सिंह (95) का निधन हो गया। उन्होंने मंडलीय चिकित्सालय में अंतिम सांस ली। उनके पैतृक आवास पूरा बाजार में उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ रही। उनके निधन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक अभय सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, पूर्व मंत्री तेजनरायण पांडे, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह, ब्लॉक प्रमुख सघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, गन्ना समिति अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह आदि ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार सरयू के दिलासीगंज घाट पर की गई। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र डा. सिकंदर सिंह ने दी।

## नॉनवेज की खरीदारी को लेकर विवाद, दो लोग घायल

**अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र में होली के दिन नॉनवेज की खरीदारी को लेकर विवाद हो गया। तीन युवकों के बीच हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना तेधा गांव के पास शमशाद की नॉनवेज की दुकान पर हुई। सिधौना खदरा गांव निवासी आशीष कुमार और दीनानाथ नॉनवेज खरीदने पहुंचे थे। इसी दौरान तेधा गांव निवासी अमन कुमार भी दुकान पर मौजूद था। बताया जा रहा है कि आशीष ने दुकानदार शमशाद से नॉनवेज देने को कहा। तभी अमन ने पहले देने की मांग की। आशीष ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमन ने दुकानदार शमशाद के हाथ से चिकन काटने वाला बांका छीनकर दीनानाथ पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई। वहीं आशीष पर पत्थर से हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि आशीष पर बांके से भी हमला किया गया था। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 और कुमारगंज पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आशीष और अमन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। दीनानाथ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। कुमारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**तारुन, अयोध्या।** थाना तारुन पुलिस ने गाड़ियों से डीजल व हेडलाइट चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि तारुन थाना अंतर्गत सहसीपुर गांव निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव के पास सड़क के किनारे अपने डंपर को खड़ाकर घर पर सो रहा था। चार फरवरी की रात चोरों ने लगभग 70 लीटर डीजल तथा हेड लाइट चोरी कर लिया। जांच कर रही पुलिस ने गुरुवार को आरोपी निधि का पूरा निवासी राहुल पांडेय, धारूपुर निवासी सुमित विश्वकर्मा व सहसीपुर निवासी विपिन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से तीन हेडलाइट, एक बाइक,व अन्य समान बरामद हुआ। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

## पीएचसी रेतिया को पॉलीक्लीनिक बनाए जाने की तैयारी

अयोध्या कार्यालय

● ईम्पैनल किए जाएंगे विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक



**अमृत विचार:** शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेतिया को पॉलीक्लीनिकि बनाए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही शहर की यह पीएचसी उच्चीकृत की जाएगी। इससे जन सामान्य को बेहतर एवं विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि इसके लिए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ को रोस्टर के आधार पर ईम्पैनल किया जाएगा। इससे नागरिकों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण परामर्श और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उन्होंने बताया कि इसके लिए इच्छुक विशेषज्ञ व चिकित्सक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपना सहमति पत्र प्रस्तुत दे सकते है या इसके लिए अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पॉलीक्लीनिक में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवा प्रदान करने पर प्रति दिवस पांच हजार रुपये संबंधित के खाते में हस्तान्तरित किये जाएंगे।

## चौक में होली मिलन समारोह का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार:** चौक में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में आम लोगों के साथ ही वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। आयोजन आरएसएस महानगर के विभाग से किया गया गया। सबसे पहले संघ प्रमुख रहे डॉ. केशव राम बलिराम हेडगेवार के और माधव राव सदाशिव गोलवरकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण किया गया। संघ चालक गोपाल जी ने होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आपसी भेदभाव को दूर कर होली का पर्व मनाया जाता है। होली मिलन समारोह में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर प्रचारक सुदीप, कृष्ण चंद्र, विवेक अग्रवाल , जिला सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव समेत सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

● आम लोगों के साथ वरिष्ठ नेता हुए शामिल



ग्रहण के दौरान जन्मभूमि पथ पर लगाई गई बैरिकेडिंग एवं ग्रहण के दौरान सूनी हनुमानगढ़ी की सीढ़ियां। अमृत विचार

## ग्रहणकाल समाप्त होते ही राम मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी कतार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी में चंद्र ग्रहण से नौ घंटे पूर्व सूतक काल लगते ही मंगलवार सुबह नौ बजे से राम मंदिर समेत सभी 5000 मठ-मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। ग्रहण काल समाप्त होने के बाद रात्रि 8:30 पर मंदिर के कपाट खुलते ही रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी। भक्तों ने रात्रि 10 बजे तक दर्शन किये। इसके बाद पुनः शयन आरती कर कपाट बंद कर दिये गये।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि ग्रहण समाप्त होने पर मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। भगवान को भी स्नान कराया गया और फिर रात 8:30 बजे मंदिर के कपाट खोले गये।

## 32 गभर्वती महिलाओं का पंजीकरण

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 32 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। जांच के दौरान चार महिलाएं उच्च जोखिमपूर्ण गर्भधारण हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी की मिली। डॉ. अंजली गुप्ता ने गर्भावस्था के दौरान ऐहतियात बरतने और संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी। बीसीपीएम दीपक तिवारी ने बताया कि हीमोग्लोबिन की कमी होने के चलते आठ गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कर खून की मात्रा बढ़ाने के लिए आयरन सुक्रोज का ड्राफ्ट चढ़ाया गया। महिलाओं की कई प्रकार की जांच भी की गई। फल का वितरण भी किया गया। मौके पर अस्पताल की स्टाफ नर्स अजितेश शुक्ला, संगीता, दीप्ति राजपूत, प्रिया वर्मा, सिरातुल बानो, शारदा, सुभाषिनी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



समारोह के दौरान मंच से संबोधित करते विधायक रामचंद्र यादव, साथ में मौजूद गणमान्य। अमृत विचार

### विधायक रामचंद्र यादव ने क्रिएटरों का बढ़ाया हौसला

**शुजागंज अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र के हनुमान मंदिर, रसूलपुर (मंजरे कुढ़ा सादात), नवीन मंडी भेलसर में आयोजित क्रिएटर मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे डिजिटल क्रिएटर्स, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव ने उनका हौसला बढ़ाया। समारोह में समाजसेवी संतोष यादव, कोटेदार ऐथर संतोष रावत,राजू रावत, अभिमन्यु यादव,सौनू यादव सहित कई गणमान्य नागरिक, युवा प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे।

### भाजपा का प्रशिक्षण शिविर कल से

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर व जिला इकाई के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 7 व 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर महानगर पार्टी कार्यालय सहादतगंज में बैठक आयोजित की गई। इसमें पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने बताया मंडल प्रशिक्षण वर्ग गोसाईगंज विधानसभा का गोसाईगंज में, रुदौली विधानसभा का रुदौली नगर में, मिल्कीपुर विधानसभा का अमानीगंज में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शैलेन्द्र कोरी, रवि सोनकर, हरभजन गौड, रवि शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में 204 बच्चों ने पाई सफलता

अयोध्या कार्यालय।

● चयनित बच्चों को कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक माह एक हजार रुपये की दर से मिलेगी छात्रवृत्ति



**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के जारी परिणाम में जिले के 204 बच्चों ने सफलता प्राप्त की है।

इस परीक्षा में बेसिक शिक्षा परिषद, राजकीय इंटर कॉलेज, सहायता प्राप्त विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। चयनित बच्चों को कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक माह एक हजार रुपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा परिणाम में उच्च प्राथमिक विद्यालय शुक्लापुर के सुधांकर शुक्ला ने 159 अंक पाकर जिले में पहला, कंपोजिट विद्यालय करीमपुर के सचिन कुमार, राजकीय विद्यालय की शिवांगी मिश्रा और शुक्लापुर के सुनील कुमार ने 156 अंक पाकर द्वितीय स्थान तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय रुरुखास की छात्रा आयुषी मौर्या व नैंसी मौर्या ने 147 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बीएसए लालचंद ने कहा कि ये बदलती शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा निखारने में मदद मिलेगी।

## 76 बच्चे इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित

अयोध्या कार्यालय

● बेसिक के 33 और माध्यमिक के 43 बच्चों को मिली सफलता

**अमृत विचार :** जिले के 76 छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड योजना में हुआ है। इन विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए आइडिया/तरीके को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार ने पसंद किया है। विद्यार्थियों को अपने मॉडल तैयार करने के लिए 10-10 हजार रुपये दिए जाएंगे।

इंस्पायर अवार्ड मानक योजना कराता है। इनमें एक कक्षा 6 से 10 तक के बच्चे शामिल होते हैं। जिसमें जिले के बेसिक के 415 विद्यालयों से 2050 छात्रों ने आवेदन किया था। योजना का उद्देश्य वैज्ञानिक सोच विकसित करना और नवाचार के लिए प्रेरित करना है। कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों ने अक्टूबर माह में वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किये थे। जिसके परिणाम जारी हुआ है। जिले के 76 बच्चों ने सफलता पाई है। मोटिवेशन अध्यापक श्रीप्रकाश पाठक ने बताया कि योजना में जो बच्चे चयनित हुए हैं उनके खातों में मंत्रालय द्वारा प्रोजेक्ट के सापेक्ष मॉडल तैयार करने के लिए 10-10 हजार की धनराशि भेजी जा चुकी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चंद्र ने कहा कि इस योजना से बच्चों की वैज्ञानिक सोच को विकसित होने में बल मिलेगा। भविष्य में वे ऊंचाइयां छू सकेंगे।

## जनपद में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की है पर्याप्त उपलब्धता

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में माह फरवरी तक उर्वरकों की उपलब्धता लक्ष्य से अधिक रही है। यूरिया के लक्ष्य 38 हजार 825 मीट्रिक टन के सापेक्ष 52 हजार 665 मीट्रिक टन, डीएपी के लक्ष्य 12 हजार 919 मीट्रिक टन के सापेक्ष 15 हजार 643 मीट्रिक टन, एनपीके के लक्ष्य 4 हजार 055 मीट्रिक टन के सापेक्ष 9 हजार 342 मीट्रिक टन, एसएसपी के लक्ष्य 11 हजार 381 मीट्रिक टन के सापेक्ष 21 हजार 593 मीट्रिक टन तथा एमओपी के लक्ष्य 603 मीट्रिक टन के सापेक्ष 509 मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जनपद को अयोध्या रैक प्वाइंट से सहकारिता क्षेत्र में नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की 100 मीट्रिक टन यूरिया तथा निजी क्षेत्र में 315 मीट्रिक टन यूरिया, कुल 415 मीट्रिक टन शीघ्र ही प्राप्त होगी। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उर्वरक से संबंधित किसी भी समस्या के लिए कार्यालय जिला कृषि अधिकारी में उर्वरक कंट्रोल रूम स्थापित है। कृषक हेल्पलाइन नंबर 9455485475 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# मजिस्ट्रेट लिखी कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र के करमिसिरपुर गांव के समीप गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार मजिस्ट्रेट लिखी लाल-नीली बत्ती लगी स्विफ्ट डिजायर कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

बता दें कि मालीपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर खुर्द निवासी हरकेश यादव गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे मोटरसाइकिल से दूध लेकर डेरी पर देने जा रहे थे। जैसे ही वह करमिसिरपुर गांव के पास पहुंचे तभी जलालपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार लाल-नीली बत्ती लगी और मजिस्ट्रेट लिखी कार उनकी मोटरसाइकिल से टकरा गई। हरकेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जलालपुर कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप सिंह यादव और मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल युवक को अपने वाहन से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि कार में सवार जलालपुर की एक महिला अधिकारी के पति जो सुल्तानपुर जनपद में तैनात अधिकारी हैं, ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान दुर्घटना हो गई। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# रोजा रखने से मिलती है नेक काम करने की प्रेरणा

अयोध्या कार्यालय



पुलिस लाइन की मस्जिद में तरावीह पूरी करने वाले रोजेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर की कई मस्जिदों में, विशेषकर सुनहरी मस्जिद, दाल मंडी, मस्जिद सालार जंग तेली टोला में, कुरान पाक का दौर पूरा किया गया।

सबसे बड़ा कार्यक्रम पुलिस लाइंस की मस्जिद में आयोजित किया गया। जिसमें मुफ्ती अहमद आरिफ हसन ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान में रोजा रखने और कुरान को नाज़िल करने का उद्देश्य अल्लाह सर्वशक्तिमान ने पवित्र कुरान में स्पष्ट किया है। उसमें अल्लाह बंदों को नेकी के मार्ग रह कर अच्छे काम करने की प्रेरणा मिलती है। कारी इरफान अहमद हलीमी ने भी संबोधित किया। समापन मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी की दुआ से हुआ। इससे पहले मुफ्ती अब्दुल मोमिन ने पवित्र कुरान की आयतों को पढ़ा उसके बाद कारी नदीम फैजी ने नात शरीफ पढ़ी।

इस मौके पर फुरकान भाई मस्जिद के इमाम हाजी मुहम्मद बिलाल, हाजी मुहम्मद अनीस, मौलाना जहीर अब्बास नदवी और मास्टर इरशाद रब्बानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पवित्र कुरान का दौर पूरा करने वाले हाफ़िज़ मुहम्मद अली को पुरस्कार दिया गया।

# 30 हजार मीट्रिक टन क्षमता का बनेगा गोदाम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● अंबेडकरनगर में उपज भंडारण की समस्या होगी दूर, शासन को भेजा गया है प्रस्ताव

**अमृत विचार।** जनपद में किसानों की अनाज भंडारण समस्या को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। टांडा विकासखंड में 30 हजार मीट्रिक टन क्षमता के एक नए सरकारी गोदाम के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके लिए भूमि का चिन्हांकन भी हो चुका है।

बता दें कि जनपद में लगभग चार लाख किसान 1.15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूं और धान की खेती करते हैं। वर्तमान में टांडा विकासखंड में केवल दो सरकारी गोदाम उपलब्ध हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता लगभग 10 हजार मीट्रिक टन है। यह क्षमता जनपद की आवश्यकता के अनुसार अपर्याप्त है। भंडारण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण जनपद के धान और गेहूं को अक्सर शाहगंज और अयोध्या स्थित गोदामों में भेजना पड़ता है। जिससे खरीद का कार्य प्रभावित होता है और किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। बेहतर सुविधाओं के अभाव में किसान अपनी फसल आढ़तियों को कम दाम पर बेचने को मजबूर होते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जनपद में सब्जी की खेती के प्रति किसानों का रुझान तेजी से बढ़ा है। किसान कद्दू, प्याज, मूली, पालक और हरी मिर्च जैसी कई प्रकार की सब्जियां उगा रहे हैं। हालांकि इन सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए भी पर्याप्त भंडारण सुविधाएं नहीं हैं, जो उनके लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### जिम्मेदार बोले

खाद्य एवं विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी ने बताया कि खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने पुष्टि किया कि वर्तमान में टांडा विकासखंड में दो गोदाम हैं, जिनकी कुल क्षमता 10 हजार मीट्रिक टन है और नए गोदाम से इस समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** घर के अंदर एक महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में होली की खुशियां मातम में बदल गईं। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के डड़वा महमदपुर निवासी चंद्रभान का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व कटका के निम्टिनी गांव की अंजली (25) के साथ हुआ था। दोनों ने प्रेम विवाह किया था और उनसे एक बच्चा भी है। चंद्रभान प्रदेश में रहकर परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि अंजली का शव घर के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। महिला के एक पैर का घुटना तख्त के पास जमीन पर मुड़ा मिलने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के जलालपुर-बसखारी मार्ग पर बैंक से पैसा निकालने जा रही एक वृद्ध महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के खुरमुल्लीपुर गांव निवासी कैता देवी 65 पत्नी राम किशोर गुरुवार को जलालपुर-बसखारी मार्ग पर जीवत के पास स्थित बैंक में पैसा निकालने जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद राहगीरों व परिजनों की मदद से घायल महिला को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद राहगीरों ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। बाइक चालक की पहचान खुरमुल्लीपुर गांव निवासी मटरू चौहान के रूप में हुई है। कोतवाल अजय प्रताप ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खेत में मिला अधेड़ का शव, चोट के निशान

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ की गला काटकर हत्या करने का मामला प्रकाश मे आया है। घटना से इलाके में हडक़ंप मच गया। मृतक की पहचान टांडा नगर निवासी सुरेंद्र मांझी उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि सुरेंद्र मांझी का शव जनार्दनपुर गांव से कुछ दूरी पर खेत में खून से लथपथ पड़ा मिला। सूचना मिलते ही टांडा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सुरेंद्र मांझी को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक फर्नीचर का व्यवसाय करता था, जिसकी फैक्ट्री नेहरूनगर में है। पुलिस के अनुसार मृतक के गले और सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुरहुरपुर-जलालपुर मार्ग पर चौबे का पूरा बड़ा गांव के पास हुई। बता दें कि अखंड नगर थाना क्षेत्र के शेखवली निवासी रणजीत चौहान अपने बहनोई अजय चौहान निवासी उस्मापुर कोतवाली जलालपुर के साथ मोटरसाइकिल से जलालपुर आ रहे थे। अजय अपने ससुराल गए हुए थे और दोनों एक साथ वापस लौट रहे थे। सुरहुरपुर-जलालपुर मार्ग पर चौबे का पूरा बड़ा गांव के पास बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ किनारे गिर पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रणजीत चौहान को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अजय चौहान को प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि मृतक की पहचान कर ली गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विषाक्त के सेवन से प्रेमिका की मौत, प्रेमी गिरफ्तार

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के अहरौला थाना के फुलवरिया पारा गांव में बुधवार की रात एक प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना में प्रेमिका की मौत हो गई, जबकि प्रेमी पुलिस हिरासत में है। वही परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। फुलवरिया पारा गांव निवासी सरिता पुत्री सुरेश गोंड, बीए की छात्रा थी। सरिता का गांव के ही युवक दिलीप से प्रेम प्रपंच चल रहा था। कुछ दिन पहले दोनों घर से फरार हो गए थे, लेकिन बाद में घर लौट आए। बताया जा रहा है कि होली की रात बुधवार को दिलीप ने सरिता को फोन कर बुलाया। दोनों गांव के सिवान क्षेत्र में मिलकर जहरीला पदार्थ खा गए। इसके बाद दिलीप ने अपने मित्र को बुलाया, जिसने सरिता को उसके घर के पास रास्ते पर छोड़ दिया। गुरुवार की भोर में गांव के लोग रास्ते पर अचेत पड़ी सरिता को देखकर अस्पताल ले गए, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। प्रेमी दिलीप की हालत ठीक है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सरिता के पिता की तहरीर पर पहले ही रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस मामले की पूरी जांच कर रही है। परिजनों का आरोप है कि पूर्व में दर्ज मुकदमे की रंजिश के चलते लड़की को फुसलाकर ले जाया गया और उसकी हत्या कर दी गई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती के पिता ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस हिरासत में गिरफ्तार अभियुक्त।

## आग से जलीं तीन दुकानें, सामान जलकर राख

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कटका थाना क्षेत्र के न्यौरी चौराहे रामनगर रोड पर अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन दुकानें जलकर राख हो गई। जिसमें दुकानों में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं आग बुझाते समय सर पर टीनशेड गिरने से कटका थाना के अमड़ी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमेंद्र प्रताप सिंह का सर फट गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना अध्यक्ष कटका अवधेश श्रीवास्तव ने गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक परमेंद्र प्रताप सिंह को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गए। बुधवार दोपहर रामनगर रोड पर स्थित अमड़ी गांव निवासी लाल चंद यादव की इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल रिपेयर को दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई, आग की लपटों को उठता देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग जब तक तक आग बुझाने का प्रयास करते आग की लपटों ने बगल की सैलून की मो. साजिद व विनोद कुमार की दुकान को भी अपने आगोश में ले लिया और देखते ही देखते तीनों दुकानें धू-धू कर जलने लगी। तीनों दुकानों में रखा लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

# पत्नी ने डंडे से पति को जमकर पीटा, मौत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोहसिनपुर मंसूरपुर गांव में पत्नी ने डंडे से पति को जमकर पीटा। गंभीर रूप से घायल पति की कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि मोहसिनपुर मंसूरपुर निवासी लगभग 75 वर्षीय हौसिला प्रसाद अपनी पत्नी के साथ रहते थे। होली के दिन हौसिला प्रसाद शराब के नशे में थे। वह पत्नी से रुपए की मांग कर रहे थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर पत्नी ने डंडे से पति की पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान गंभीर चोट लगने से हौसिला प्रसाद की हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में हडकंप मच गया। बताया जा रहा है कि महिला द्वारा पति की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

सम्मनपुर अंबेडकर नगर

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पलई कल्याणपुर के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा जाने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार टांडा कोतवाली क्षेत्र के उरई गांव निवासी राज (24) पुत्र राम किशोर किसी काम से घर से निकला था। इसी दौरान पलई कल्याणपुर के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी बाइक अचानक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक को संभलने का मौका ही नहीं मिला और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। जवान बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से किसान की मौत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र के गोपाल पट्टी गांव में एक 55 वर्षीय किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल किसान को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि अहिरौली थाना क्षेत्र के राम दास राम पट्टी निवासी 55 वर्षीय राम बचन अपना ट्रैक्टर लेकर गोपाल पट्टी गांव गए थे। ट्रैक्टर चलाते समय वह अचानक एक ब्रेकर के पास गिर गए। इस दौरान वह ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। उन्होंने एम्बुलेंस की मदद से घायल राम बचन को अस्पताल पहुंचाया। जहां अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अहिरौली थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

● ब्रेकर के पास हुआ हादसा, पोस्टमार्टम को भेजा शव

# स्टेडियम में कई खेलों के कोच नहीं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।





अकबरपुर स्थित राजकीय एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम।

**अमृत विचार।** जनपद के एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम में लगभग 300 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। हालांकिए फुटबॉलए बास्केटबॉल और टेनिस जैसे महत्वपूर्ण खेलों के लिए कोचों की तैनाती नहीं होने से खिलाडियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि लगभग दो दशक पहले अकबरपुर में राजकीय एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण हुआ था। इसका उद्देश्य जनपद की खेल प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करना था। शुरुआती दौर में कुछ कमियां थीं, लेकिन समय के साथ सुविधाओं में तेजी से सुधार हुआ। इन सुधारों के परिणामस्वरूप आज लगभग 300 खिलाड़ी स्टेडियम से जुड़े हुए हैं। हॉकी में लगभग 80 खिलाड़ी पंजीकृत हैं, जिनमें से आधा दर्जन ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया है। इसके अतिरिक्त बैडमिंटन में 50 से अधिक खिलाड़ी हैं, वहीं तैराकी और जूडो में भी खिलाड़ी अपनी प्रतिभाएं निखार रहे हैं। इन उपलब्धियों के बावजूद फुटबॉल, बास्केटबॉल और टेनिस के खिलाडियों को कोच की कमी के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन खेलों के लिए अब तक कोई कोच नियुक्त नहीं किया गया है। वर्तमान में स्टेडियम में कुल आठ कोच तैनात हैं, लेकिन इन खेलों के लिए विशेषज्ञ कोच उपलब्ध नहीं हैं।

## ग्राम प्रधान की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों पर रोक

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने ग्राम पंचायत जैतपुर खास विकास खण्ड भीटी में स्थित गौशाला से संबंधित मामले में प्राप्त जांच आख्या के आधार पर आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही किया है। जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित गोवंश के साथ अमानवीय व्यवहार एवं गोवंश की मृत्यु के संबंध में प्राप्त सूचना की जांच जिला विकास अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से कराई गई थी। जांच आख्या में गौशाला में मृत गोवंश के उचित निस्तारण में लापरवाही तथा संबंधित निर्देशों के पालन में कमी पाए जाने की बात प्रकाश में आई। मामले में ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के परीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने मामले की अंतिम जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# नन्हें बच्चे रोजा रखकर दिखा रहे अपनी आस्था

न्यौरी, अंबेडकरनगर।



सिदरा नूर



मो. मुकतदिर

**अमृत विचार।** पवित्र रमजान माह में जहां बड़े-बुजुर्ग इबादत में मशगूल हैं, वहीं नन्हें बच्चे भी रोजा रखकर अपनी आस्था और उत्साह दिखा रहे हैं। क्षेत्र में दो नन्हें रोजेदारों ने अपना पहला रोजा रखकर सबका दिल जीत लिया।

जाफराबाद जलालपुर निवासी मोहम्मद इम्तियाज के पांच वर्षीय पुत्री सिदरा नूर ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। सिदरा नूर केयर इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मो. इसहाक अंसारी की भांजी हैं। नन्ही रोजेदार के पहले रोजे पर परिवार में खुशी का माहौल रहा और सभी ने उसे दुआएं दीं। वहीं दूसरी ओर भियांव निवासी मो. मुजम्मिल के सात वर्षीय पुत्र मो. मुकतदिर ने भी रमजान में अपना पहला रोजा रखकर परिवार को खुश कर दिया। इस मौके पर मां नूर अफ्सा और भाई मो. मुजक्कीर ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चे की हौसला अफजाई की। परिजनों और क्षेत्र के लोगों ने नन्हे रोजेदारों को दुआएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**रंगोत्सव** — शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम, लोगों ने जमकर खेला रंग-गुलाल

# जनपद में हर्षोल्लास से मना होली का त्योहार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।





होली के त्योहार पर बच्चों के साथ परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे व साथ में अन्य एवं होली के त्योहार में सराबोर हुए लोग।

**अमृत विचार।** जनपद में रंगों का पर्व होली धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहार की रौनक देखने को मिली। बच्चे, युवा और बुजुर्ग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिए। चौक-चौराहों और गलियों में रंगों की फुहार के बीच लोग जमकर होली का आनदं लिए।

होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती रही। वहीं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की विशेष निगरानी रही। परम फाउंडेशन ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगों के साथ जमकर मस्ती किया। साथ ही मिष्ठान के रूप में गुजिया आदि का वितरण किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। परम पाठशाला पिछले कई वर्षों से दूरस्थ गांवों में शिक्षा की छोटी-छोटी इकाइयां स्थापित कर अति पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करने का सराहनीय प्रयास कर रही है। संस्था का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता और खुशियों का संचार करना है। परम फाउंडेशन के संरक्षक धीरेंद्र पांडे ने बताया कि भविष्य में भी गांवों तक पहुंचकर शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रयास जारी रखे जाएंगे।

### वृद्धा आश्रम में खेली गई होली

परम फाउंडेशन द्वारा वृद्धा आश्रम दाहिरपुर में भी होली का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धजनों के साथ रंगों का पर्व मनाया गया। इसके बाद भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के जीवन में अपनापन और खुशियों का संचार करना था।

## जनपद में पुलिस कर्मियों ने जमकर खेली होली

**अंबेडकरनगर।** जनपद में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद पुलिस विभाग ने पुलिस लाइन और सभी थानों में जमकर होली खेली। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया, मिठाइयां खिलाईं और डीजे की धुन पर जमकर नाचे-गाए। बता दें कि पुलिस लाइन में गुरुवार सुबह से ही होली की तैयारियां शुरू हो गई थीं। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के आवास पर पहुंचे। उन्होंने एसपी को रंग-गुलाल लगाकर उनके साथ होली खेली। इसके बाद एसपी और अन्य पुलिस अधिकारी जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के आवास पहुंचे और उन्हें अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

# होली के दिन सड़कें हुईं लाल, पांच की मौत और पांच घायल

## जिले के अलग-अलग इलाकों में हुई घटनाओं और सड़क हादसों ने कई घरों की खुशियां छीन लीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम हाउस भिजवाया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खुशियों, रंगों और उमंगों का पर्व होली इस बार जिले के कई परिवारों के लिए दर्दनाक याद बन गया। जिस दिन लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर खुशियां बांट रहे थे, उसी दिन जिले के अलग-अलग इलाकों में हुई घटनाओं और सड़क हादसों ने कई घरों की खुशियां छीन लीं। होली के दिन हुए ताबड़तोड़ हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद कई परिवारों में मातम छा गया और त्योहार की रौनक पल भर में गम में बदल गई।

सबसे दर्दनाक हादसा गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुआ, जहां लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर इटकौली गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे बने गेट से टकराई और फिर पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान फतेहपुर संगत गांव निवासी शनि उर्फ अभिमन्यु सिंह (35) और शिवम यादव (20) के रूप में हुई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी और गोसाईगंज





शनि उर्फ अभिमन्यु सिंह। शिवम यादव। सुरेश दत्त (फाइल फोटो)।

पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एक ही गांव के दो युवकों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

इसी थाना क्षेत्र में द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत सरवन मोड़ के पास एक अन्य सड़क हादसा हो गया। कटका बाजार से मायंग बाजार की ओर जा रही तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पेड़ से टकराने के बाद खाई के पास जा रुकी। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर चौकी प्रभारी अशोक कुमार चौरसिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। घायलों की पहचान अंश पुत्र जितेंद्र शर्मा निवासी गोलाघाट थाना कोतवाली नगर, मनोज पुत्र नन्हेंलाल निवासी सैफुल्लागंज थाना गोसाईगंज, प्रदीप तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी निवासी बलभद्रपुर थाना लंभुआ, योगेंद्र पुत्र किशोर कुमार निवासी अमहट थाना कोतवाली नगर तथा जुबेर खान निवासी बलभद्रपुर थाना लंभुआ के रूप में हुई। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया।

वहीं, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पीढ़ी-कूरेभार मार्ग पर करिया बझना के पास एक साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुरेश दत्त (50) को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

इसके अलावा कोतवाली नगर क्षेत्र के विनोबापुरी इलाके में जल निगम के तालाब में डूबने से 25 वर्षीय युवक आयुष रावत की मौत हो गई। बताया जाता है कि तालाब के किनारे पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। पुलिस की मानें तो उस समय वह नशे की हालत में था।

उधर, कुड़वार थाना क्षेत्र के नीर सहिया गांव में होली खेलने के बाद घर लौटे 40 वर्षीय अंगनू प्रसाद निषाद की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।एक ही दिन में हुई इन घटनाओं ने जिले में होली की खुशियों को गम में बदल दिया। जिन घरों में रंग और गुलाल की तैयारी थी, वहां अब सन्नाटा और मातम पसरा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### नकली डीजल बेचने में दोषी को सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआ कला बाजार में 14 साल पूर्व नकली डीजल बेचने के दोषी कुड़वार थाने के मनियारपुर निवासी मोहम्मद राशिद को एसीजेएम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी ने जेल में बिताई अवधि व 10 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक दोषी पर 14 अगस्त 2012 को बंधुआ कला बाजार में नकली डीजल बेचने के आरोप में तत्कालीन क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एपी सिंह ने केस दर्ज कराया था।

### बमबारी में किशोर की याचिका खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जुड़ारा प्रधान के घर पर बमबारी के मामले में तीसरे किशोर आरोपी की अंतरिम जमानत याचिका किशोर न्याय बोर्ड ने खारिज कर दी है। अधिवक्ता संतोष पांडेय ने आरोप गंभीर बताते हुए याचिका पर विरोध किया। नियमित जमानत पर सुनवाई 10 मार्च को होगी। कोतवाली देहात थाने के जुड़ारा गांव के प्रधान अनिल मिश्र ने बीती 10 फरवरी की रात लोहरामऊ के सूदापुर स्थित घर पर बमबारी के आरोप में दो नामजद एवं कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कराया था।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहे पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कानपुर जिले के बरौर थाने के रसालपुर किशोरपुर गांव निवासी दीपक सिंह उर्फ दीपू सिंह के खिलाफ वर्ष 2023 में कादीपुर कोतवाली में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से वह फरार चल रहा था। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गोपालपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### गोलीकांड का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अंदा रायपुर गांव में अच्छे लाल पाठक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया गया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर अच्छे लाल पाठक पर गोली चलाई गई थी, जो उनके बाएं पैर में लगी। इस मामले में पीड़ित ने मनदीप उर्फ गणेश प्रभाकर तिवारी निवासी कटघरा भीमलपुर व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को पुलिस ने मनदीप को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया।

# स्वस्थ शरीर के लिए योग करना जरूरी

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्वस्थ जीवन में स्वस्थ शरीर रखने के लिए नियमित योग अति आवश्यक है। जिसने भी यह काम नियमित करना शुरू कर दिया वह स्वस्थ तो रहेगा ही, इसके अलावा मानसिक तनाव में भी कमी आएगी। उक्त विचार जिम के उद्घाटन में जीएसटी कमिश्नर सुशील सिंह ने व्यक्त की।

लंभुआ क्षेत्र के चौकिया गांव में चौकिया विकास परिषद के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डॉ कुंवर बहादुर सिंह एवं जीएसटी कमिश्नर सुशील सिंह ने जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि नियमित शारीरिक श्रम करने से बेहतर स्वास्थ्य, वजन



चौकिया में जिम का उद्घाटन करते जीएसटी कमिश्नर व ब्लॉक प्रमुख।

- **जीएसटी कमिश्नर सुशील सिंह ने जिम का किया उद्घाटन**

नियंत्रण, मांसपेशियों और हड्डियों की मजबूती, और मानसिक तनाव में कमी आती है। वहीं जीएसटी कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है और नियमित ऐसा करने से मानसिक तनाव में कमी आती है तथा स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इस मौके पर प्रवक्ता सत्य प्रकाश पांडे, डॉ दिनेश सिंह, राजेश सिंह, अजय पांडे, अरविंद सिंह, चित्रसेन सिंह, पंकज सिंह, प्रवीण सिंह, सनी सिंह आदि मौजूद थे।

### युवती ने गोमती में लगाई छलांग, तलाश जारी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हलियापुर थाना क्षेत्र में होली के दिन एक युवती द्वारा गोमती नदी में छलांग लगाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नदी में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। हलियापुर थाना क्षेत्र के गोहनिया गांव निवासी मनीषा (20) पुत्री रमई निषाद ने बुधवार दोपहर गोमती नदी के आमघाट पुल से छलांग लगा दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवती की तलाश शुरू कराई, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद नदी में सर्च अभियान तेज कर दिया गया। थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी ने बताया कि युवती की तलाश के लिए सर्च अभियान लगातार जारी है।

# भाजपा एमएलसी से ठगी की साजिश नाकाम

संवाददाता, सुलतानपुर

- **डेढ़ घंटे तक डराते रहे साइबर ठग, सूझबूझ से टली बड़ी ठगी**

**अमृत विचारः** साइबर ठगों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे आम लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी निशाना बना रहे हैं। सुलतानपुर-अमेठी सीट से भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह को साइबर ठगों ने करीब डेढ़ घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की। हालांकि एमएलसी की सतर्कता और सूझबूझ से ठग अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके।

एमएलसी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुंबई एटीएस का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके नाम से केनरा बैंक में एक फर्जी खाता खोला गया है। आरोप लगाया गया कि इस खाते के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध लेन-देन किए जा रहे हैं। ठगों ने उन्हें वीडियो कॉल पर जोड़कर करीब डेढ़ घंटे तक मानसिक दबाव बनाने की कोशिश की। उन्होंने एमएलसी को कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करने और किसी से बात न करने की हिदायत दी। इस दौरान वे लगातार आधार कार्ड और बैंक से जुड़े गोपनीय विवरण मांगते रहे। एमएलसी के अनुसार जब कमरे का दरवाजा हल्का सा खुला तो ठग नाराज हो गए और बोले, आप मजाक कर रहे हैं दरवाजा किसने खोला किसी को अंदर मत आने दीजिए। इससे उन्हें शक हुआ कि मामला संदिग्ध है। इसी बीच एमएलसी के करीबियों को भी कॉल पर संदेह हुआ तो नंबर की जांच कराई तो पता चला कि वह नंबर मुंबई एटीएस का नहीं बल्कि सतना की एक महिला के नाम पर पंजीकृत है। जैसे ही ठगों को अपनी पोल खुलने का अंदेशा हुआ, उन्होंने कॉल काट दी।घटना के बाद एमएलसी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' की साजिश रची थी। मुकदमा दर्ज कर अब कॉल करने वाले नंबर और आईपी एड्रेस को ट्रैक किया जा रहा है साथ ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

# वारंट व अवमानना पर विवेचक दारोगा कोर्ट में हाजिर, वारंट हुआ रिकॉल

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र के बीरीपुर गांव में 11 वर्ष पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में विवेचक रहे दारोगा शिव प्रसाद शुक्ल गुरुवार को गैर जमानती वारंट और अवमानना नोटिस पर न्यायाधीश निशा सिंह की अदालत में उपस्थित हुए।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि कोर्ट ने दारोगा के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को रिकॉल करते हुए उनका बयान दर्ज किया। साथ ही जिरह के लिए मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित की गई है। बताया जाता है कि शिव प्रसाद शुक्ल सेवानिवृत्ति के बाद कौशांबी जिले के चरवा गांव में निवास कर रहे हैं। उनके लगातार कोर्ट में उपस्थित न होने के कारण इस मामले की सुनवाई लंबे समय से बाधित चल रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए न्यायाधीश निशा सिंह ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और कोर्ट अवमानना की नोटिस जारी कर उन्हें तलब किया था। गौरतलब है कि 30 जनवरी 2015 को हुई घटना में वादी शिवलाल और उनकी बहू चमेला को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप है। इस मामले में गांव के रमेश तिवारी और कृष्णा प्रसाद तिवारी के खिलाफ मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है।

### अंतरराज्यीय साइबर ठगी मामले में आरोपी की जमानत खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जनपद के साइबर थाना में दर्ज अंतरराज्यीय साइबर ठगी के मामले में सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने असम प्रांत के बरपेटा जिले के सालेपुरा जानिया गांव निवासी शफीकुल इस्लाम की जमानत अर्जी खारिज कर दी। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक कोतवाली नगर के विवेकानंद नगर निवासी भास्कर पाण्डेय ने 14 अक्टूबर 2025 को थाना साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया था ।फेसबुक पर शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने वाली कंपनी का प्रचार देखकर वह व्हाट्सएप से जुड़ गया, जहां फर्जी कंपनी के नाम पर विभिन्न खातों में 10 .11 लाख रुपये ट्रांसफर कराया गया ।विवेचना के दौरान पुलिस ने इस मामले को अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह से जुड़ा पाया। जांच में सामने आया कि फर्जी ट्रेडिंग कंपनी बनाकर लोगों को निवेश का लालच दिया जाता था और अलग–अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए जाते थे। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने सहअभियुक्तों के माध्यम से बैंक खाते खुलवाकर ठगी की रकम उन खातों में मंगाने की व्यवस्था की थी। जांच में यह भी सामने आया कि कई राज्यों में इसी गिरोह के खिलाफ करोड़ों रुपये की ठगी की शिकायतें दर्ज हैं।

### डकैती मामले में तय नहीं हो सके आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर :** सराफा डकैती कांड के मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत नौ आरोपियों पर दूसरी डकैती की योजना बनाने के केस में आरोपी त्रिभुवन कोरी और पुष्पेंद्र सिंह के मुकदमे से मुक्त करने की अर्जी पर सुनवाई के कारण गुरुवार को आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट ने डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रखा है। मामले में बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट न्यायाधीश निशा सिंह की अदालत ने आरोप तय करने के लिए 16 ;मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक शिवानंद यादव ने 23 जून 2025 को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के गोंड़वा इण्टर कॉलेज के निकट बाग में चुनहा स्थित महेश की फैक्ट्री में डकैती की योजना बनाने के आरोप में सराफा डकैती कांड के आरोपियों त्रिभुवन कोरी, पुष्पेंद्र सिंह और दुर्गेश प्रताप को गिरफ्तार किया था। उस दौरान तीनों जमानत पर छूटे थे ।जिसमें मास्टरमाइंड विपिन सिंह पर डकैती की साजिश रचने का आरोप है।

### बच्चों के विवाद में चलीं गोलियां युवक की मौत व दो लोग घायल

- **जिला अस्पताल पहुंचीं एसपी ने दिया विधिक कार्यवाही के निर्देश**

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के जनऊपुर गांव में गुरुवार शाम बच्चों के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। फायरिंग की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में विवाद होमगार्ड वीरेंद्र प्रताप सोनकर और रमेश सोनकर के परिवार के बीच का है। सुबह वीरेंद्र प्रताप के छोटे बेटे का रमेश सोनकर के परिवार से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसे बाद में आपसी सुलह से शांत करा दिया गया था। शाम को रमेश सोनकर के परिवार की महिलाएं और उनका बेटा भोलू सोनकर वीरेंद्र प्रताप के घर पहुंचे, जहां विवाद फिर बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान भोलू सोनकर ने करीब पांच राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग में वीरेंद्र प्रताप के बेटे मोहित के सीने में दो गोलियां लगीं। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मोहित के भाई मंगल को भी गोली लगी है, जिसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। होमगार्ड वीरेंद्र प्रताप को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसओजी और पुलिस की विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# गोल्डन बेल्स ग्लोबल को सीबीएसई की मान्यता

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शिक्षा के क्षेत्र में जयसिंहपुर के लिए गर्व की खबर सामने आई है। बरौंसा स्थित गोल्डन बेल्स ग्लोबल स्कूल ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से स्थायी संबद्धता प्राप्त कर ली है। इसके साथ ही यह विद्यालय पूरे जयसिंहपुर क्षेत्र का पहला स्कूल बन गया है जिसे सीबीएसई की मान्यता मिली है।

विद्यालय को सीबीएसई का संबद्धता कोड 2134645 तथा स्कूल कोड 72453 प्रदान किया गया है। गौरतलब है यह संस्थान प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा उपलब्ध कराता है। ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक



गोल्डन बेल्स ग्लोबल स्कूल का भवन। ● अमृत विचार

- **गोल्डन बेल्स ग्लोबल बना क्षेत्र का पहला सीबीएसई विद्यालय**

और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित यह स्कूल अब क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक मजबूत शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है।विद्यालय के प्रबंधक राजेश शुक्ला के नेतृत्व और दूरदर्शिता को इस उपलब्धि का प्रमुख कारण माना जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में स्कूल में आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है, जिसमें स्मार्ट कक्षाएं, कंपोजिट लैब, खेल मैदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# छात्राओं से छेड़खानी करने वाला शिक्षक निलंबित, मुकदमा दर्ज

- **कूरेभार विकास खंड के एक उप्रावि का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शिक्षा के मंदिर में एक शर्मनाक हरकत सामने आई है। स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा ने अपने ही गुरुजी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छात्रा के परिजनों ने थाने पर तहरीर दी है तहरीर पर पुलिस ने गुरुजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, 14 छात्राओं व सात अभिभावकों की ओर से साक्ष्य के साथ की गई लिखित शिकायत में प्रथम दृष्टया मामला सही पाए जाने पर प्रभारी बीएसए शिवशंकर मिश्र ने आरोपित शिक्षक को निलंबित करते हुए जांच बैठाई है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी मंदबुद्धि की है। स्कूल में शिक्षण कार्य के दौरान उसके साथ एक शिक्षक छेड़छाड़ करते हैं। इतना ही नहीं उक्त शिक्षक द्वारा दूसरी बालिकाओं के साथ भी छेड़छाड़ करते हैं। आरोप है कि शिक्षक उसकी बेटी को वाशरूम के पीछे लेकर गए। वहां शिक्षक ने छेड़खानी करते हुए उसके शरीर को अनैतिक रूप से छूने लगे। छात्रा ने विरोध किया तो उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए धमकी दिया। मामले की लिखित शिकायत वीडियो व अन्य साक्ष्य के साथ छात्राएं व अभिभावकों ने बीएसए से की। प्रभारी बीएसए ने आरोपित शिक्षक को निलंबित करते हुए जांच बैठा दी है। खंड शिक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। वहीं, सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि मेसर्स कुंवर कंस्ट्रक्शन ग्राम एवं पोस्ट– हंसवर, जिला– अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश के साझीदार छत्रबली सिंह पुत्र श्री वकिल सिंह हुकुलगंज वाराणसी उत्तर प्रदेश सिंह 18–02–2026 को व्यक्तिगत कारणों से उपरोक्त फर्म से पृथक हो रहे हैं तथा उक्त फर्म के भागीदार नहीं रहेगें। उनके स्थान पर नये साझेदार स्वर्णलता सिंह, आयु लगभग 56 वर्ष, पत्नी नरेंद्र मोहन सिंह, निवासी– 889 ग्राम एवं पोस्ट आफिस हंसवर, जिला– अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश के रूप में शामिल किये गये है।

**सूचना**
मैं, ऋतिक चंदेल, सुपुत्र राज भान सिंह चंदेल, निवासी A–52, तात्या टोपे नगर, गुजैनी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, यह घोषित करता हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकतालिका (Marksheet) में मेरे पिता का नाम आर बी सिंह दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में उनका सही नाम राज भान सिंह चंदेल है। आर बी सिंह और राज भान सिंह चंदेल एक ही व्यक्ति हैं, यानी मेरे पिता। भविष्य में उन्हें राज भान सिंह चंदेल के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**
मै अपने नाती मोहम्मद शाकिर को उसके गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य मे मेरा व परिवार वालो का कोई लेना देना नही है। उसके द्वारा किये गये कृत्यो का वह स्वंम जिम्मेदार होगा। **अनवर जहां पत्नी सादिक निवासी–536/368 ख मदेयगजं,धैला, लखनऊ यू.पी.**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MHAMMAD KAFIL था अब मैने बदलकर अपना नाम KAFEEL रख लिया है भविष्य में मुझे KAFEEL के नाम से जाना व पहचाना जाए IS/O- MOHAMMAD HANEEF R/O- 431/405,NEWTI TOLA SAADATGANJ, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित करना है कि प्रार्थिनी अंन्तिमा वर्मा पत्नी राकेश कुमार ग्राम दौलतपुर माफी पो0 गौरा चौकी तहसील मनकापुर जिला गोंडा की निवासी हूँ, दिनांक– 02.01.2026 को समय लगभग 3.20 शाम को प्रार्थिनी का मूल दस्तावेज (सेल डीड) मसकनवा गौरा चौकी मार्ग पर घर जाते समय कही गिर गया।जिसका बही नं0 1, जिल्द नं0 5448, पेज नं0 15 से 16, जिसका क्रंमाक सं0 6062 है।

**सूचना**
मैं **हरिश्चन्द्र पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम कन्दावां परगना बछरावां, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र मंशाराम मुझसे अलग रहता है। वह मेरी कोई मदद नहीं करता है। उसके कार्यो से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
मैं राधा पत्नी लोधे निवासिनी ग्राम माती, मुरादाबाद तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी उ0प्र0, मेरी पालिसी सं0–213927040 में मेरा नाम त्रुटिवश (Laxmi) अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम राधा (Radha) है जोकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक व अन्य अभिलेखो मे दर्ज है। उक्त पालिसी पर मेरा सही नाम राधा (Radha) अंकित किया जाय।

**सूचना**
मैं **विमल कुमार पुत्र कुन्जन लाल ग्रा. गड़वा, पो. डीह, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे बेटे संयम का नाम त्रुटिवश आधार कार्ड में सतेन्द्र कुमार अंकित हो गया है, जो कि पूर्णतया गलत है। अन्य दस्तावेजों में सही नाम संयम अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। आधार कार्ड में संयम अंकित होना है।

**आयोजन** | आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा में हजारों की संख्या में शामिल हुए जनपदवासी

# गाजे–बाजे के साथ निकली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** होली पर्व के अवसर पर जनपद में विभिन्न समितियों के सहयोग से होलीकोत्सव समिति द्वारा भगवान नरसिंह की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 8 बजे भगवान नरसिंह की आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक रमेश, स्वामी प्रपन्नाचार्य महाराज, विधायक विनोद सिंह तथा विभाग प्रचारक प्रकाश ने विधिवत पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा को रवाना किया।

गाजे-बाजे और भगवान नरसिंह की आकर्षक झांकी के साथ निकली शोभायात्रा में हजारों की संख्या में जनपदवासी शामिल हुए। शोभायात्रा चौक से प्रारंभ होकर पंचरस्ता, रूद्रनगर, कुड़वार नाका, गल्लामंडी, डाकखाना और शाहगंज चौराहा होते हुए पुनः चौक पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में नगरवासियों ने घरों से बाहर निकलकर शोभायात्रा का स्वागत किया और फूलों की वर्षा की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली खेलते हुए लोगों ने उत्साह और उल्लास के साथ इस आयोजन में भाग लिया।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए. के. सिंह ने बताया कि प्रबुद्ध वर्ग भी होली के पावन पर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे, इसी उद्देश्य से इस शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। साथ ही सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर डॉ. आर. ए. वर्मा, राम चंद्र मिश्रा, पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जगजीत सिंह छंगू, डॉ. पवन सिंह, रुपेश सिंह, डॉ. जे. पी. सिंह, आलोक आर्या, डॉ. डीएस मिश्रा, सीए संतोष सिंह, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, रूद्र प्रताप सिंह मदन, अंजनी जायसवाल, रवि सोनी, डॉ. राम जी गुप्ता, परितोष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



शहर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### पारंपरिक फाग व होली गीतों पर दिखा रंग

**लंभुआ, सुलतानपुर :** लंभुआ क्षेत्र में स्थित मां शीतला धाम भारद्वाज आश्रम बनकटवा रामगढ़ में कलाकारों द्वारा झांकी एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजक पुनीत द्विवेदी भारद्वाज फाउंडेशन के बैनर तले झांकी के आयोजन में झांकियों की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। होली पर्व पर धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने खूब गुलाल उड़ाए और एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में रंग, उमंग और उत्साह का माहौल देखने को मिला। समारोह के दौरान पारंपरिक फाग और होली गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन पर लोग देर तक झूमते रहे। मेहमानों के स्वागत में गुजिया, नमकीन व विभिन्न व्यंजनों की आकर्षक व्यवस्था की गई थी। भारद्वाज फाउंडेशन के अध्यक्ष पुनीत द्विवेदी , जितेंद्र द्विवेदी ,नीतेश द्विवेदी , नीरज द्विवेदी ,, राजेश द्विवेदी , अरुण द्विवेदी आदि मौजूद थे।


करनैलगंज में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार


सिर चढ़कर बोली होली की मस्ती। ● अमृत विचार


शहर में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

# खूब बरसे रंग, उड़ा अबीर-गुलाल और होली पर जमकर हुआ धमाल

## छाया उत्साह : होलिका दहन के बाद जिलेभर में रही रंगोत्सव की धूम, उत्साह के साथ खेली गई होली, ग्रामीण क्षेत्रों में फगुवा गीतों और चौताल की रही गूंज

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक होली का त्योहार बुधवार को जिले भर में उत्साह से मनाया गया। रंग,अबीर और गुलाल के साथ युवाओं ने डीजे की धुन पर नृत्य किया, वहीं गांवों में चौताल और फगुवा गीतों की गूंज सुनाई देती रही। बुधवार की सुबह से ही लोग एक-दूसरे को रंग लगाने के लिए घरों से निकल पड़े। दोपहर तक होली खेली गई, इसके बाद होली मिलन कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ।

लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गले मिलते हुए अबीर-गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले सोमवार की रात जिले भर में होलिका दहन किया गया। पुलिस लाइन में एसपी विनीत जायसवाल ने सपरिवार पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया और सभी को रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। गांवों में भी होलिका दहन से पूर्व पूजा की गई। होली के मौके पर युवाओं की टोलियां सड़कों पर झूमती नजर आईं। ढोलक की थाप और मंजीरे की संगत पर बुजुर्गों ने भी चौताल गाकर उत्सव में रंग भर दिया। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शहर से लेकर गांव तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। एसपी विनीत जायसवाल ने एएसपी मनोज रावत व सीओ आनंद राय के साथ शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


धानेपुर के जोतिया गांव में होली पर चौताल गाते लोग। ● अमृत विचार

**ग्रामीण इलाकों में रही होली की धूम:** ग्रामीण इलाकों में होली के त्योहार की धूम रही। जगह जगह चौताल का कार्यक्रम हुआ और फगुआ गीतों पर युवा,बच्चे व बुजुर्ग भी झूमते नजर आए। धानेपुर के जोतिया गांव में होलिका दहन के बाद बुधवार को होली खेली गयी। इसके बाद चौताल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। करनैलगंज क्षेत्र में होली का पर्व उल्लास से मनाया गया। बुधवार को सकरौरा बड़ा शिवालय से परंपरागत रूप से राधा-कृष्ण की झांकी निकाली गई। बालूगंज, कसगरान, गुड़ाही बाजार, कैलाश बाग रोड, हुजूरपुर रोड, रेलवे स्टेशन और बस स्टॉप सहित विभिन्न स्थानों पर युवा गीतों पर डांस करते नजर आए। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय, चौकी प्रभारी शिवनाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कटरा बाजार क्षेत्र में होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। कटरा नगर में सुबह गुलाल की होली के बाद शाम को फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर दयाशंकर गुप्ता, मोहित रस्तोगी, अमित रस्तोगी, गुरुगोविंद, राजेश रस्तोगी, सुमित रस्तोगी, हर्षित रस्तोगी, शिवम आदि मौजूद रहे।

**एक दूसरे से गले मिलकर दी होली की बधाई :** बुधवार को होली खेलने के बाद लोग शाम होते ही होली मिलन समारोह में पहुंचे। इससे पूर्व श्री श्याम मंदिर,श्री राम जानकी मंदिर, हनुमान गढ़ी, दुखहरण नाथ मंदिर,खैरा मंदिर और साईं मंदिरों में भक्तों ने दर्शन किया। सायंकाल रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीराम जानकी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल मित्तल, महामंत्री संजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, श्याम केडिया, रमन महेश्वरी, सीमा अग्रवाल,पूनम मित्तल,सरोज अग्रवाल,वर्षा अग्रवाल, ज्योति मित्तल,शारदा गर्ग,सुधा टेकरीवाल,सरोज गर्ग,कविता बंसल, अनामिका बंसल, नीतू गर्ग, नीलम जैन ,रेनू नेवटिया,किरन बंसल,रुचि अग्रवाल, डॉ नेहा नेवटिया,लक्ष्मी अग्रवाल, पूजा केडिया, शालू नेवटिया,प्रेमलता सिंघल, अमिता अग्रवाल आदि मौजूद रहे। उधर ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। लोगों ने बाबा खाटू श्याम जी और श्रीराणी सती दादी जी का दर्शन किया। इस दौरान सुरेश भावसिंहका,गोविंद जालूका, सुशील पचेरिया, विमलेश सिंघल, नितेश मित्तल, आशीष भावसिंहका आदि मौजूद रहे।


होली खेलते बच्चों के साथ एसपी व एएसपी। ● अमृत विचार

**रुपईडीह:** आर्यनगर, बनगांई, खम्हरिया, चौराभारी, नौव्वागांव, गौसिहा, मल्लापुर, भैरमपुर, रुकमंगतपुर, पिपरा चौबे, उमरा, बेलवा बाजार, हरखापुर, सहजनवा, बिछूड़ी आदि में लोगों ने जमकर होली खेली। बच्चों ने पिचकारी से एक दूसरे पर रंग बरसाये। चौकी आर्यनगर के पुलिसकर्मियों ने नए अंदाज में होली खेली। पुलिस की होली देखने के लिए राहगीरों ने कुछ देर रुक कर होली का आनंद लिया। कौड़िया के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह और पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी राजीव कनौजिया ने शांति व्यवस्था पर नजर रखी।

दुर्गा माता मंदिर में होली मिलन समारोह, मेले में उमड़ी भीड़

नवाबगंज गोंडा, अमृत विचारः दुर्गा माता मंदिर परिसर में बुधवार की शाम होली मिलन समारोह एवं मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राजीव कपूर, डॉ. अनुराग शर्मा, शिव शंकर मोदनवाल, श्याम साहू, दिलीप मोदनवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन मुस्तैद रहा।

## थारू महिलाओं के साथ होली गीतों पर थिरके बृजभूषण


थारू महिलाओं संग होली पर नृत्य करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** होली पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पैतृक गांव विश्नोहरपुर में रंगों और लोक संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। बलरामपुर और श्रावस्ती से आई थारू जनजाति की महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए फगुआ गीत और पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इन महिलाओं के साथ पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी जमकर नाचे। मंगलवार को आयोजित होली उत्सव में थारू समाज की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम को खास बना दिया। इस दौरान पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी थारू समाज की महिलाओं और युवतियों के साथ होली के गीतों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में कैसरगंज सांसद करनभूषण सिंह और सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह भी शामिल हुए। बुधवार को भी पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने गांव में ग्रामीणों के साथ पारंपरिक अंदाज में होली खेली। इस दौरान उन्होंने फगुआ गीत गाते हुए लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने थारू समाज की महिलाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें नकद पुरस्कार दिया।

### युद्ध किसी भी स्थिति में किसी के लिए अच्छा नहीं : पूर्व सांसद

**गोंडा, अमृत विचार :** अमेरिका-ईरान युद्ध पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण ने कहा है कि युद्ध किसी भी स्थिति में किसी के लिए अच्छा नहीं है। युद्ध बंद होना चाहिए और बातचीत का रास्ता खुलना चाहिए। विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित थारू जाति होली मिलन कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि पूरा भारतीय समाज चिंतित है। सरकार भी इस पर नजर बनाए हुए हैं। भारत यही चाहता है,लोग भी यही चाहते हैं कि यह युद्ध बंद होना चाहिए और बातचीत का रास्ता खुलना चाहिए। ईरान के समर्थन में देश के भीतर हो रहे आंदोलन पर पूर्व सांसद ने कहा कि इस मुद्दे पर हिंदुस्तान भी दो खेमे में बंटा हुआ है। अब ईरान में जिनकी हत्या हुई है उनके सजातीय यहां है, उनको मानने वाले हिंदुस्तान में हैं। उनकी भावना को ठेस पहुंची है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व सांसद ने कहा कि बातचीत का रास्ता ही सबको अपनाना पड़ेगा। खाड़ी देशों में बहुत बड़ी संख्या हमारी है। ऐसा नहीं है कि केवल मुसलमान की संख्या है। हर समाज के हर जाति के बच्चे वहां काम कर रहे हैं और आज सब वहां परेशान है और परिवार यहां परेशान है।

# हादसे में एक की मौत, मारपीट व दुर्घटनाओं में 200 से अधिक घायल

**बदरंग हुई होली**

अमृत विचार टीम गोंडा

**अमृत विचार :** होली के मौके पर जिले भर में हुई मारपीट की 35 व 27 अलग-अलग सड़क हादसों में एक शख्स की मौत हो गई जबकि 200 से अधिक लोग घायल हो गए।

बालपुर संवाददाता के मुताबिक, ग्राम पंचायत परसा गोंडरी के दर्शन तिवारीपुरवा निवासी बृजेश तिवारी (40) को होली की शाम लखनऊ हाइवे पर बीबी सिंह नहर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

करनैलगंज संवाददाता के अनुसार, के मनोकामना गैस एजेंसी के पास दो बाइकों की टक्कर हो गयी। हादसे में भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष के भाई कुलदीप मिश्रा (35) सहित दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कुलदीप मिश्रा, बृजेंद्र पाठक और पवन सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं होली के हुड़दंग के दौरान एक अन्य घटना में शुभम पाण्डेय (23) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भी सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त तालुकदार (45) भी सड़क हादसे में घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। नवाबगंज संवाददाता के मुताबिक, बुधवार दोपहर नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर महंगूपुर मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। महंगूपुर के बखिरा निवासी सोनू तिवारी (27) बाइक से नवाबगंज जा रहे थे। महंगूपुर मोड़ के पास दूसरी बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर तुलसीपुर माझा बलराज पट्टी निवासी अमन सिंह (22) और जितेंद्र (18) सवार थे। तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया। तीनों को अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी।

इटियाथोक संवाददाता के अनुसार, खरगूपुर मार्ग पर बेंदुली मोड़ के समीप बुधवार दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शिवपुरिया निवासी भरतलाल व रुदापुर के देवीदीन बुधवार को बाइक से खरगूपुर जा रहे थे। बेदुली गांव के मोड़ पर दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक खरगूपुर थाना क्षेत्र के पिपरा भोधर निवासी श्याम भारती चला रहे थे। घायलों को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।जहां से तीनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया। कटरा संवाददाता के मुताबिक, गुरुवार को कौड़िया क्षेत्र के चयपुरवा के बसई चितई गांव के पास बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज रिकॉर्ड के मुताबिक होली के दिन मारपीट की 35 व सड़क हादसे की 27 घटनाओं में 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मामूली रूप से घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। गंभीर रूप से घायल एक शख्स को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। जबकि 39 अन्य का इलाज किया जा रहा है। मारपीट की घटनाओं में घायल हुए 51 लोगों का मेडिको लीगल किया गया है।

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**नवाबगंज गोंडा, अमृत विचार :** बाजार से घर लौट रहे एक युवक की बाइक सड़क पर घूम रहे सांड़ से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भोपतपुर के मजरे हरना टायर निवासी अरुण यादव (19) की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक के बड़े भाई हरी यादव ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब सात बजे अरुण बाजार से सामान लेकर घर लौट रहा था। सुखवापुर के सामने सड़क पर घूम रहे सांड़ से उसकी बाइक टकरा गई। अरुण गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रंजिश में खूनी संघर्ष, एक दर्जन से अधिक घायल

**करनैलगंज गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कुम्हरौरा के मजरे ठाकुराइन पुरवा में गुरुवार को रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें एक पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित पक्ष के मोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे विपक्षी मंजीत गोस्वामी, अमित गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, अजीत गोस्वामी, मयंक, ननका देवी, दिलीप कुमार सहित 15-20 लोग संगठित होकर उनके घर में घुस आए और महिलाओं व बच्चों पर हॉकी, लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में स्वामीनाथ (45), उषा (40, प्रियांशी (12), अंकित, ननके, अंकित, प्रियांशु, शिवसागर, खुशबू, विनोद, शिल्पी, मोहनलाल, विवेक समेत कई लोग घायल हो गए। डायल 112 पुलिस टीम ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। डॉ. आलोक पाण्डेय ने स्वामीनाथ, उषा और प्रियांशी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आरोप है कि ननका देवी ने कुल्हाड़ी से हमला किया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### रास्ता-नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कलेनिया पोखरभिटवा गांव में रास्ता व नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पहले पक्ष के विजयपाल ने आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह करीब छह बजे वह घर के बाहर सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रामबहाल, संदीप, आरती व रामबहाल की पत्नी गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने लाठी-डंडा व कुदाल से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। उनकी भतीजी अनीता को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। दूसरे पक्ष के रामबहाल वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रास्ता व नाली के विवाद को लेकर अनिल वर्मा, रामचरित्र, विनय कुमार व विजयपाल ने लाठी-डंडा, मुक्का-थप्पड़ से मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने आई गुड़िया, आरती, संदीप व रामनाथ को भी पीटकर घायल कर दिया गया। दूसरे पक्ष ने भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर दो महिलाओं समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मेधावी छात्राओं व अभिभावकों को मिला सम्मान



मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आझाराम में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्नति, अंशिका व संगीता को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा तथा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान सहित अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। उनके अभिभावकों बजरंगी प्रसाद, कमला देवी और निशा को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से बच्चों को स्टेशनरी, केक, पानी की बोतल, मोम कलर, शैम्पू, टूथपेस्ट और टूथब्रश सहित कई उपयोगी सामग्री भी उपहार में दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद, वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार भारती, प्रभारी प्रधानाध्यापक बलजीत सिंह कनौजिया, शिक्षक अरुण कुमार सिंह, अमर ज्योति, अनुराधा मिश्रा सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### चार छात्र-छात्राओं ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विकास खंड कटरा बाजार के कंपोजिट विद्यालय जगतापुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमित कुमार कनौजिया व अध्यापक सुशील कुमार ने बताया कि छात्र ऋषभ, शिवम प्रजापति व छात्रा सीमा देवी व दीपा कुमारी ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। बच्चों की सफलता पर बीईओ अंजनी कुमार सिंह,प्रधान ललिता देवी,प्रधान प्रतिनिधि नन्द कुमार तिवारी सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### जूनियर छात्रों ने सीनियर को दी फेयरवेल पार्टी

**बालपुर गोंडा, अमृत विचार :** गुरुवार को जूनियर छात्रों ने सीनियर साथियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। हलधरमऊ विकास खंड का पहला स्कूल पं. दीनदयाल उपाध्याय एकेडमी बालपुर बाजार में गुरुवार को जूनियर वर्ग के छात्रों ने कक्षा आठ के बच्चों को फेयरवेल पार्टी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधक चन्द्र प्रकाश तिवारी ने शुभकामनायें दीं। इस मौके पर शिक्षिकाएं रंजना शुक्ला, मधूलिका तिवारी, नीलम पांडेय, रिंकी पाल, सोनाली सिंह, मोनू अवस्थी, आनंद शुक्ला, मंगल तिवारी, राजेश शुक्ला, जगत नरायन तिवारी, शिवनाथ, मधुर वर्मा आदि थे।

### दबंगों ने किया हमला, पांच लोग घायल

**नवाबगंज गोंडा, अमृत विचार :** सब्जी बेचकर घर लौट रहे युवकों को रास्ते में रोककर दबंगों ने मारपीट कर दी। लाठी-डंडों से हुए हमले में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने सात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के रामस्वरूप पुरवा निवासी रामसेवक चौहान ने बताया कि उनके परिवार के शिवा और आकाश गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे मंडी में सब्जी बेचकर घर वापस लौट रहे थे। जब वे नगवा के बाबा ज्ञानदास पुरवा में पिंटू के घर के पास पहुंचे, तभी पहले से मौजूद पिंटू, हरीश, अखिलेश, खूंटी, फूलचंद यादव, शिवशंकर और रोशन ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। रामसेवक के अनुसार जब शिवा और आकाश ने गाली देने का विरोध किया तो सभी आरोपियों ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे प्रमिला पत्नी श्रीराम, नकछेद, श्यामू चौहान और सूरज ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लापता युवक का कुएं में मिला शव

**रहस्य गहराया**

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचारः** मंगलवार से लापता युवक का शव गुरुवार को बहराइच के भगड़वा बाजार में मुनीजर सिंह के टाल के पास के कुएं में मिला। मृतक की मां ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बलुहा जयराम जोत गांव निवासी अर्जुन सिंह का बेटा ऋषभ (28) मंगलवार को सहयोगियों आफत, विनय सिंह व रवि सिंह के साथ प्रमोद सिंह के यहां लकड़ी काटने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा था। मां निरमा सिंह ने अनहोनी की आशंका जताते हुए गुमशुदगी दर्ज करायी थी।

गुरुवार को ऋषभ का शव मुनीजर सिंह के टाल के पास कुएं में मिला। सूचना मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि बहराइच पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। रिपोर्ट मिलने पर मामला दर्ज किया जायेगा।

**रेलवे ट्रैक किनारे मिला महिला का शव : इटियाथोकः** रेलवे स्टेशन व पारासराय क्रॉसिंग के बीच पोल संख्या 202/12 के पास रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में अज्ञात महिला का शव मिला। पुलिस जांच कर रही है। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे स्टेशन मास्टर को जानकारी हुई। इटियाथोक थाना कोतवाली के प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसी आधार पर कार्रवाई होगी।

### पंखे से लटकता मिला युवक का शव

**गोंडा,अमृत विचार :** घरेलू विवाद से परेशान होकर युवक ने पंखे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात पुलिस के मुताबिक स्थानीय क्षेत्र के लव्वा टेपरा निवासी 23 वर्षीय लाल बाबू यादव ने गुरुवार सुबह घर के कमरे के पंखे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद था जिसके चलते मृतक काफी परेशान था। कोतवाल बिहार शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पत्नी मायके में थी। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच हो रही है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचारः** थाना धानेपुर पुलिस ने नाबालिग को भगा ले जाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, थाना धानेपुर में पॉक्सो एक्ट से संबंधित मुकदमें में वांछित आरोपी सचिन सिंह निवासी मध्यनगर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को पुलिस टीम ने बगुलही पुल के पास राधास्वामी आश्रम के निकट से गिरफ्तार किया। आरोपी ने वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। मामले में पुलिस पहले से ही आरोपी की तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक धानेपुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामविलास यादव और उपनिरीक्षक मृत्युंजय तिवारी की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया।

## थार सवारों ने युवक को किया अगवा, पुलिस ने किया बरामद

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचारः** सोमवार को दिनदहाड़े हुई अपहरण की वारदात हुई। काले रंग की थार से आए पांच युवकों ने एक युवक को घर से बुलाकर रास्ते में रोक लिया और जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए युवक को मसकनवा क्षेत्र से बरामद कर लिया है।

पहली गांव निवासी सुशीला यादव ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक काली थार उनके घर के दरवाजे पर आकर रुकी। गाड़ी में पांच युवक सवार थे। उनमें से एक ने उनके पति अंकित कुमार यादव को बुलाया और कहा कि कटरा शिवदयालगंज चलना है, जरूरी काम है। अंकित ने उनके साथ गाड़ी में बैठने से मना करते हुए कहा कि वे अपने साधन से पहुंच जाएंगे। इसके बाद थार सवार युवक वहां से निकल गए। कुछ देर बाद अंकित बाइक से उनके पीछे निकल पड़े। आरोप है कि अकबरपुर चौराहे के पास थार सवारों ने उन्हें रोक लिया और जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। खोजबीन के बावजूद देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता ने आशंका जताई कि उनके पति का अपहरण किया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अंकित को बरामद कर लिया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# रंगों और फगुआ गीतों के साथ उत्साहपूर्वक मनाई गई होली, डीजे की धुन पर थिरके युवा

## सिटी पैलेस में महाराजा ने नगरवासियों संग खेली होली

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को रंगों का पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। पुराने गिले-शिकवे भुलाकर लोग रंगों में सराबोर नजर आए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

मंगलवार की रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। इसके बाद से ही रंग खेलने का सिलसिला शुरू हो गया। होलिका दहन के दौरान युवाओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर देर रात तक उत्सव मनाया। बुधवार की सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर में भी होली का उल्लास दिखाई देने लगा। गांवों और मोहल्लों में फगुआ गीतों की धुन पर लोग रंगों के इस पर्व का आनंद लेते रहे। नगर क्षेत्र में सुबह से दोपहर तक सड़कों पर होली खेलने वालों की भीड़ रही। डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए रंग और गुलाल उड़ाते नजर आए, वहीं बच्चों ने पिचकारियों से रंग बरसाया। लोगों ने घर-घर जाकर सगे-संबंधियों, मित्रों और सहयोगियों के साथ होली खेली। इस दौरान बलरामपुर राज के महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने सिटी पैलेस में नगरवासियों के साथ होली खेली और सभी को अबीर-गुलाल लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने पहले सिटी पैलेस स्थित मंदिर में कुलदेवी की पूजा-अर्चना की, इसके बाद लोगों से गले मिलकर होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। सिटी पैलेस में फगुआ लोकगीतों का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर संजीव कुमार वार्ष्णेय, बृजेश सिंह, प्रो. जे.पी. पाण्डेय, राजकुमार श्रीवास्तव, तुलसीश दुबे, प्रो. अरविंद द्विवेदी, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. आलोक शुक्ल और अंबरीष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा। तुलसीपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में होली का भव्य जुलूस निकाला गया महंत मिथलेश नाथ योगी तथा तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने जुलूस की अगुवाई की और लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।


बलरामपुर नगर के सिटी पैलेस में लोगों के साथ होली खेलते महाराज बलरामपुर जयेन्द्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार


देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में निकाला गया होली का भव्य जुलूस।

### भव्य होली मिलन महोत्सव आज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के मार्गदर्शन में 6 मार्च को शाम 5 बजे तुलसी पार्क में होली मिलन महोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व आम नागरिक शामिल होंगे। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा होली गीतों व लोक संगीत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।


इंडोनेशिया में भव्य सामुदायिक होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद ब्रह्म समाज के लोग। ● अमृत विचार

## जकार्ता में इंडोनेशिया ब्रह्म समाज ने मनाया होली महोत्सव

● वेब कास्ट के माध्यम से बलरामपुर भी जुड़ा

**बलरामपुर अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के उद्देश्य से इंडोनेशिया ब्रह्म समाज ने जकार्ता में भव्य सामुदायिक होली महोत्सव का आयोजन किया। शिव मंदिर समूह के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 450 भारतीय समुदाय के सदस्य शामिल हुए, जबकि कई इंडोनेशियाई नागरिकों ने भी भारतीय रंग, संगीत और उत्साह का आनंद लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व दीप्ती चतुर्वेदी ने किया। शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद केतन गुरुजी और उनकी टीम ने पारंपरिक होली लोकगीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह से भर दिया। बड़े पंडाल में होलिका दहन भी किया गया। इंडोनेशिया ब्रह्म समाज के अध्यक्ष विजय पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का वेबकास्ट भी किया गया, जिसे भारत और इंडोनेशिया में तीन लाख से अधिक लोगों ने देखा। बलरामपुर में डॉ. हिमांशु शुक्ला के नेतृत्व में लोगों ने वेबकास्ट के माध्यम से इसमें भाग लेकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन आरती, प्रसाद वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


परंपरागत ढंग से होली मनातीं थारू महिलाएं।

## थारू जनजाति क्षेत्र में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** थारू जनजाति क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत कोहरगड्डी में थारू समाज के लोगों ने अपनी प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए गांव-गांव जाकर होली गीत गाए और रंगों के उत्सव को धूमधाम से मनाया।

ढोल-नगाड़ों की थाप, अबीर-गुलाल और लोकगीतों की मधुर धुनों से पूरा गांव उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हुए प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम ग्राम प्रधान नीलम की अगुवाई में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा, जिससे पूरे कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनी रही।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओम प्रकाश राना, संतोष कुमार चौधरी, महेंद्र कुमार, किशन कुमार, कृष्ण मुरारी, अजय कुमार, उदय राज, संजय कुमार सोनी, छैल बिहारी, सामाजिक कार्यकर्ता कृष चौधरी व टीकाराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बुजुर्गों ने नई पीढ़ी को परंपराओं का महत्व बताया।

# दुर्घटना में पिता और पुत्र की मौत

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे के बाद चालक मय वाहन फरार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद श्रावस्ती सीमा पर गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की टक्कर से दोनों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई थी। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में मातम छा गया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के खलवा मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय सोनू मिश्रा पुत्र विमल मिश्रा अपने पिता 50 वर्षीय विमल मिश्रा पुत्र तुकाराम के साथ बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र स्थित तेंदुआ कबीर गांव में अपनी ससुराल गए हुए थे। गुरुवार सुबह दोनों बाइक से घर बलरामपुर लौट रहे थे। बताया जाता है कि देहात कोतवाली क्षेत्र में श्रावस्ती के ओडाझार गांव के सामने जैसे ही उनकी बाइक पहुंची, उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत की खबर जैसे ही खलवा मोहल्ले पहुंची, घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर ट्रक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।


हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार


विमल मिश्रा व सोनू मिश्रा (फाइल फोटो)

## हाईस्कूल गणित परीक्षा में नकल का वीडियो वॉयरल

● केंद्र व्यवस्थापक समेत अन्य पर एफआईआर दर्ज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के दौरान नकल कराने का वीडियो वायरल होने के मामले में जांच के बाद कोतवाली देहात में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पब्लिक सिटी मॉंटेसरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अगरहवा के केंद्र व्यवस्थापक श्रवण कुमार शुक्ल को नामजद किया गया है, जबकि आंतरिक सचल दल और कक्ष संख्या-8 के कक्ष निरीक्षकों को भी आरोपी बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित की परीक्षा के दौरान कक्ष संख्या-8 में नकल कराने का वीडियो किसी छात्र के मोबाइल से बना लिया गया था। बाद में यह वीडियो दूसरे मोबाइल के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंच गया। जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने मामले की जांच के लिए राजकीय हाईस्कूल मधवानगर के प्रधानाचार्य चंदन कुमार पांडेय को नामित किया। जांच में वीडियो सही पाया गया और यह भी सामने आया कि कक्ष निरीक्षक ने परीक्षार्थियों से पर्चियां इकट्ठा कर उत्तर लिखवाए थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर वाह्य केंद्र व्यवस्थापक मधुसूदन पासवान की तहरीर पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और वायरल वीडियो की जांच भी कराई जा रही है। इस घटना के बाद परीक्षा केंद्रों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी और सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## कंपोजिट विद्यालय शीतलपुर में छात्रों को मिलीं किताबें


विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित करते समिति के लोग। ● अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** जय गोविंद सेवा समिति की ओर से कंपोजिट विद्यालय शीतलपुर में कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषय की पुस्तकें वितरित की गईं। समिति के प्रबंधक आशीष पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और जरूरतमंद बच्चों तक शैक्षिक सामग्री पहुंचाना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। सब पढ़ें, सब बढ़ें के संदेश के साथ उन्होंने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समिति के सक्रिय सदस्य अजय यादव, पिंटू वर्मा, प्रशांत मिश्रा, भानु प्रताप सिंह व पंकज शुक्ला प्रधानाचार्या शकीला बानो और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बलरामपुर, पचपेड़वा, अमृत विचार :** होली की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। नगर पंचायत पचपेड़वा के मारवाड़ी मोहल्ला निवासी सिद्धांत कश्यप (20) गुरुवार को होली के मौके पर साथियों के साथ रंग खेल रहा था। इसके बाद वह लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज के पीछे स्थित तालाब में नहाने चला गया। बताया जाता है कि नहाते समय वह तालाब के बीच में गिरा एक पेड़ पर बैठ गया और बाहर निकलने के प्रयास में गहरे पानी में चला गया, जहां डूब गया। सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि युवक का शव ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


इब्राहिम मस्जिद में नातिया कलाम पढाते चांद रजा। ● अमृत विचार

## कुरान पाक मुकम्मल होने पर सम्मान समारोह

**बलरामपुर अमृत विचार :** मुकद्दस महीने रमजान के दौरान गोविंदबाग स्थित इब्राहीम मिस्त्री की मस्जिद में 14 रमजान को तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल होने की खुशी में बुधवार रात सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुस्लिम धर्मगुरु सैय्यद अहमद रजा कादरी ने कहा कि कुरान पाक मुकम्मल होने के बाद भी ईद का चांद नजर आने तक तरावीह की नमाज जारी रखनी चाहिए। मौलाना मोहम्मद उमर व कारी नईम ने रमजान की फजीलत बताते हुए कुरान की तिलावत और इबादत पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ. निसार आलम, महमूद उर्फ कुनने बाबा, अयान सिद्दीकी, राजू मिस्त्री, अनीस अहमद, अनस, इरफान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पांच ग्राम पंचायतों में बनेगी बड़ी गौशालाएं

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिले में बेसहारा गोवंश के संरक्षण को मजबूत करने के लिए बड़ी क्षमता वाली गोशालाओं के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है।

पशुपालन विभाग ने तीनों तहसीलों की पांच ग्राम पंचायतों में पर्याप्त बंजर भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव जिलाधिकारी को अनुमोदन के लिए भेज दिया है। डीएम की स्वीकृति मिलने के बाद शासन से निर्माण के लिए बजट की मांग की जाएगी।

बेसहारा गोवंश संरक्षण योजना के अंतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां आधा हेक्टेयर या उससे अधिक बंजर जमीन उपलब्ध है। विभाग का मानना है कि बड़ी गोशालाओं के संचालन से पशुओं के रखरखाव में आने वाला खर्च कम होगा और व्यवस्थाएं भी बेहतर हो सकेंगी।

विभागीय जानकारी के अनुसार एक अप्रैल से 100 से कम गोवंश संरक्षित करने वाली गोशालाओं को बंद करने का निर्देश दिया गया है।

ऐसे में छोटे गोशालाओं में मौजूद पशुओं को बड़ी गोशालाओं में स्थानांतरित किया जाएगा। जिले में 50 से कम पशुओं वाली आठ गोशालाएं चिह्नित की गई हैं। इन गोशालाओं के पशुओं को अन्य केंद्रों में शिफ्ट कराने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

उतरौला तहसील के गैंड़ास बुजुर्ग विकास खंड में ग्राम पंचायत बिलारिया में 1.039 हेक्टेयर तथा गैंड़ास बुजुर्ग में 0.571 हेक्टेयर भूमि गोशाला निर्माण के लिए चयनित की गई है। वहीं सदर तहसील के हरैयासतघरवा ब्लॉक के इमलिया में 1.2 हेक्टेयर और इटवा में 1.036 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है। तुलसीपुर तहसील में चौरासी में 1.039 हेक्टेयर, कल्याणपुर में 1.153 हेक्टेयर और पुरुषोत्तमपुर में 1.437 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है।

इस संबंध में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि वृहद गोशालाओं के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश मिल चुके हैं। जिलाधिकारी से अनुमोदन के बाद शासन से बजट की मांग की जाएगी ताकि जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अशरफपुर वि०ख० बिलरियागंज आजमगढ़**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अशरफपुर द्वारा वर्ष 2025–26 में मनरेगा, चतुर्थ वित्त, पंचम वित्त, राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त,14वां वित्त, 15 वां वित्त, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य हेतु सामाग्री जैसे सीमेन्ट, इण्टर लाकिंग, प्रथम श्रेणी ईट, एसओबी ईट, मोरंग बालू, सफेद बालू, स्टोन ब्लास्ट, ईट गिट्टी, सरिया, ह्यूम पाईप, हैण्ड पम्प सामाग्री, चूना, पेंट सामग्री, लोहे का एंगल, जाली, जंगला, सी.एफ.एल. बल्ब, सोलर, स्ट्रीट लाईट, डस्टविन, समरसेबल, पानी की टंकी, एसबेस्टस सीट, टाइल्स, लकड़ी की सामाग्री एवं अन्य सामाग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर कराने जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06/03/25 से 11/03/25 तक अपरान्हन 2 बजे तक उक्त सामाग्री हेतु अपनी दरें वांछित बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निविदा 11/03/2025 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

मोहम्मद अमीक, ग्राम प्रधान — राहुल यादव, सचिव

ग्राम पंचायत अशरफपुर विकासखंड – बिलरियागंज, जिला आजमगढ़



**एस. डी. हर्ष कालेज आफ लॉ**

रैंचा, (भवानीगढ़) सुल्तानपुर (उ०प्र०)

सम्बद्ध : डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)

**में आवश्यकता है :-**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता 9 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**

मो0नं0– 9451555055, 9670897000


## वार्षिकोत्सव में देश भक्ति गीतों की धूम

**गोंडा, अमृत विचार :** सरस्वती इंटर कॉलेज मसकनवा में आयोजित वार्षिकोत्सव संकल्प ने क्षेत्र में शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना और देशभक्ति की मिसाल प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय निदेशक शुभम द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम में संरक्षक संतोष धर द्विवेदी, प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडेय, टी.पी. सिंह, श्रीमान पाठक, अवधेश मिश्रा, संजय वर्मा, आर.डी. मिश्रा, अजय वर्मा, संजय गुप्ता, आरती गुप्ता आदि थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत

बालपुर गोंडा

**अमृत विचार :** बालपुर चौकी क्षेत्र के चकसनिया गडरीयनपुरवा गांव में बुधवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गयी। गांव की रहने वाली नीलम पत्नी इंद्रलाल (45) घर में अकेली रहती थी। उसका पति वह दो बेटे रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं गांव के रहने वाले मुंशीलाल ने बताया कि बुधवार की सुबह जब नीलम को उठने मे देर हुई तो वह उसे जगाने गया। उसने भीतर देखा तो नीलम अपने घर मे पड़े बेड पर पड़ी हुई थी। मुंशीलाल ने इसकी सूचना गांव वालों को दी। मृतका की होंठ पर चोट के निशान मिले हैं। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम की लिए भेज दिया है। बालपुर चौकी प्रभारी विवेक कुमार मौर्या ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में एक विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला।सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के करछुलिया बेहड़ा चौबे निवासी राम शब्द ने सूचना दी कि उनकी पुत्री गीता (30) पत्नी अखिलेश शर्मा, निवासी बसंतपुर ने आत्महत्या कर ली है। बताया गया कि गीता विवाहित थी और उसके दो पुत्री तथा एक पुत्र हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## थाने में बिखरे रंग, पुलिस कर्मियों ने मनाई होली

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद पुलिसकर्मियों ने भी गुरुवार को थाने में रंग-गुलाल उड़ाया। डीजे की धुन पर जवान थिरकते नजर आए और एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। थाना परिसर में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्र में होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार ड्यूटी में जुटे पुलिसकर्मियों ने त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद थाने में एकत्र होकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा की। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली जैसे पर्व समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी त्योहार के दौरान लोगों की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए लगातार ड्यूटी करते हैं, लेकिन जब मौका मिलता है तो वे भी आपसी सद्भाव के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते हैं। इस अवसर पर थाने में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया।


**एम0पी0 सिंह स्मारक विधि महाविद्यालय**

पचपुती जगतापुर मनकापुर गोण्डा उ0प्र0 (271302)

**में आवश्यकता है :-**

प्राचार्य 01 पद एवं प्रवक्ता एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय 09 पद एल0एल0बी0 पंचवर्षीय (विधि 09 पद एवं समाजषास्त्र, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, इतिहास तथा अर्थषास्त्र प्रत्येक में एक एक पद ) इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रपत्र 02 पासपोर्ट फोटो के साथ विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर कालेज के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार का देय नहीं होगा।

योग्यता/अर्हता/वेतनमान यू0जी0सी0/बार काउंसिल/ मॉ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के परिनियमानुसार।

प्रबंधक

मो0न0–8299552664

पता – पचपुती जगतापुर मनकापुर गोण्डा उ0प्र0 271302

ईमेल – mpsslawcollege@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### कार सवारों ने युवक पर किया हमला

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** होली खेलने बाइक से भिनगा आ रहे एक युवक पर भिनगा में खैरी मोड़ के पास कार सवारों ने घेराबंदर कर हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिलकपुर गांव निवासी पीड़ित राहुल मिश्रा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह बाइक से होली खेलने भिनगा आ रहा था। भिनगा नगर में खैरी मोड़ के पास कार सवार दो लोगों ने कार को उसकी बाइक के सामने खड़ी कर रोक लिया। इसके बाद उसे गाली देते हुए डंडे से हमला कर दिया। लोगों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।

### शराब के साथ दबोचा

**कानी बोझी, श्रावस्ती :** होली पर बुधवार को सोनवा थाना प्रभारी बिशुनदेव पांडेय टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान लक्ष्मननगर के पास स्थित तिलकराम कुट्टी के पास से बहराइच जिले के चहलारी घाट निवासी विजय जायसवाल को 29 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### जमीनी विवाद में मारपीट, दी तहरीर

**इकौना, श्रावस्ती :** ग्राम पंचायत टंडवा महंथ निवासी अमरेश कुमार ने इकौना थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका गांव निवासी छेदी के साथ जमीनी विवाद है। बुधवार की सुबह इसी विवाद हो लेकर छेदी ने परिवार के अन्य सदस्यों निरहू, बहादुर, खोपी, किशोर, ननकने आदि के साथ उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि किशोर ने उउनके परिवार की सरोज कुमारी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वहीं, बुद्धरानी, राम नरेश, रामकुमार व उन्हें लाठी-डंडो से जमकर पीटा।

# राप्ती नदी में नहाने गये 4 बच्चे डूबे, 1 की मौत

## सेमरहनिया गांव की घटना, होली खेलने के बाद नहाने गये थे सभी, 3 को बचाया गया, 1 की हालत गंभीर



नदी में डूबे बच्चों को तलाशते गोताखोर। अमृत विचार




दुर्घटना करने वाली बोलेरो। अमृत विचार

संवाददाता जमुनहा, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** सेमरहनिया गांव में बुधवार होली खेलने के बाद राप्ती नदी में नहाने गए चार बच्चे डूब गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तीन बच्चों को सुरक्षित बचाया। जबकि एक बालिका का शव गुरुवार नदी किनारे से बरामद किया गया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहनिया निवासी उर्मिला (10) पुत्री शेरबाबू, अंशिका (9) पुत्री खिलाड़ी, लक्ष्मन (12) पुत्र शेरबाबू व कुमकुम (8) पुत्री मनीष होली खेलने बाद बुधवार दोपहर को गांव के पास स्थित राप्ती नदी में नहाने गई थी। वहां नहाते समय सभी गहरे पानी में चले जाने से नदी में डूबने लगे। पास में मौजूद घटवार मंगली ने बच्चों को डूबते हुए देख नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान उसने उर्मिला, अंशिखा व लक्ष्मन को बाहर निकाल लिया। इसमे से उर्मिला की हालत गम्भीर होने पर उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल भिनगा पहुचाया। वहीं नदी में तेज बहाव के कारण कुमकुम लापता हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोर के सहयोग ने तलाश कराया। गुरुवार को कुमकुम का शव घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर के पास राप्ती नदी किनारे रेत में आधी पटी हालत में बरामद किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनो को सौंप दिया है।

**खड़ी पिकअप में सेंट्रो की टक्कर, चालक घायल: जरवल रोड, बहराइच:** लखनऊ बहराइच मार्ग पर बुधवार को थाना जरवल रोड क्षेत्र अंतर्गत राजधानी ढाबा के पास शाम करीब 5:30 बजे एक सेंट्रो कार ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंट्रो कार के चालक शिवलोचन पुत्र खिलावन निवासी पासवान गौरा बाजार, थाना कर्नलगंज, जनपद गोंडा वाहन चला रहे थे। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खड़ी पिकअप से जा टकराया, जिससे सेंट्रो कार क्षतिग्रस्त हो गई और चालक घायल हो गया। घायल चालक शिवलोचन को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद उपचार हेतु भेजा गया हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

**बेकाबू बोलेरो ने राहगीरों को रौंदा, चार घायल: पयागपुर, बहराइच:** पयागपुर कस्बे के बस स्टॉप चौराहे पर मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 'एसडीएम' लिखी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे मौजूद राहगीरों को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में एक मासूम बच्ची समेत चार लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सफेद रंग की बोलेरो (UP 40 BH 4997) बहराइच की ओर से काल बनकर आई। होली के त्योहार के चलते चौराहे पर भारी भीड़ थी। अनियंत्रित वाहन ने राहगीरों को चपेट में लेते हुए एक टेम्पो को जोरदार टक्कर मारी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को संभाला। हादसे में परागपुरवा मनिकापुर निवासी प्रद्युम्न कुमार (40), उनकी चार वर्षीय पुत्री अन्तिमा और सोहरियावां निवासी दुखीराम (40) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एक अन्य व्यक्ति को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय सिंह ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने तीन घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है पकड़े गए चालक ने बताया कि यह गाड़ी एसडीएम सदर की है। अधिकारी के छुट्टी पर जाने के कारण वह गाड़ी को अपने घर पयागपुर ले जा रहा था तभी पयागपुर बस स्टॉप के पास संतुलन बिगड़ गया।

**घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत: बहराइच, अमृत विचार:** जिले के रानीपुर इलाके में स्थित निजाम पुरवा के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने बताया कि फोन पर किसी लड़की से बात करने के बाद वो घर से निकला था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुटी हुई है। रानीपुर थाना क्षेत्र में स्थित हरदुवा ग्राम का रहने वाला युवक राजू उम्र 25 वर्ष घर पर था इसी दौरान देर रात किसी लडक़ी का फोन आने पर वो उससे बात करते हुए घर से निकल गया। जिसके बाद वो वापस नहीं लौटा, देर रात इसके में स्थित निजाम पुरवा के पास वो घायल अवस्था में मिला, लोगों ने इसकी सूचना रानीपुर पुलिस व परिजनों को दी। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ननके ने लाठी डंडों से पीटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

### अलग- अलग घटनाओं में पांच लोग घायल

**जमुनहा, श्रावस्ती :** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के रानीसीर निवासी सोनू (16) पुत्र बालकराम व बहराइच के थाना दरगाह शरीफ के मुसगढ़ा निवासी पवन कुमार (19) पुत्र पुत्तीलाल किसी कार्य से बाइक से बदला चौराहा जा रहे थे। मल्हीपुर बहराइच मार्ग स्थित मील के निकट बहराइच की तरफ से आ रहे बाइक सवार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गंगापुर के मजरा गंगापुर निवासी राम गोपाल (35) पुत्र कल्लू की बाइक से भिड़ंत हो गई। घटना में साथ में मौजूद भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर निवासी करियाती पुत्र सहज राम सहित चार लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी को सीएचसी मल्हीपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को भिनगा रेफर कर दिया गया। वहीं एक अन्य घटना में मल्हीपुर क्षेत्र के मल्हीपुर कला के मजरा गंगापुर निवासी जाफरून (15) पुत्री मुबारक घर के बाहर खेल रही थी। जमुनहा की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल जाफरून को जिससे को प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर महेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस वाहन से सीएचसी मल्हीपुर पहुंचा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भिनगा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

## रफ्तार की मार

संवाददाता श्रावस्ती

**अमृत विचार:** जिले में हुई अलग अलग मार्ग दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। बौद्ध परिपथ स्थित नवीन माडर्न थाना कटरा क्षेत्र के खरगौराबस्ती पेट्रोल पंप के पास बुधवार को तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गिलौला थाना क्षेत्र के कमलाभारी गांव निवासी सुभाष (20) पुत्र बिंदेश्वरी गंभीररूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल बहराइच में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह मंगलवार को इकौना के भगवानपुर बनकट निवासी जटाशंकर (35) पुत्र श्रवण कुमार बाइक से गिलौला से वापस घर लौट रहा था। बौद्ध परिपथ पर मलावा गांव के पास वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में जटाशंकर को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज बहराइच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में भिनगा कोतवाली के गौड़रा निवासी संतराम (50) पुत्र पतिराम की बाइक किसी काम से बुधवार शाम को बहराइच क्षेत्र में गया था। जहां से वह देर रात वापस घर लौट रहा था। सोनवा थाना क्षेत्र के अंकारा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और वह गंभीररूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस से घायल हो जिला अस्पताल भिनगा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो गंभीर: लेंगड़ी गूलर, श्रावस्ती:** गिलौला-खुटेहना मार्ग गोबारि के निकट सोमवार अज्ञात वाहन से एक बाइक टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार कुन्ने (30) की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गिलौला क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर मसढ़ी निवासी कुन्ने जम्मू कश्मीर में रहकर मजदूरी करते थे। सोमवार को वह होली का त्योहार मनाने के लिए अपने घर वापस आ रहे थे। बहराइच के योगेंद्रधाम रेलवे स्टेशन पर उतरकर उन्होंने अपने बड़े भाई प्रहलाद को फोन कर किसी को बाइक से रेलवे स्टेशन भेजने के लिए कहा। इस पर प्रहलाद ने अपने पुत्र ओम (20) को बाइक से भेज दिया। रेलवे स्टेशन से एक ही बाइक पर ओम, कुन्ने व गांव का ही एक व्यक्ति खुड़भुड़ (32) सवार थे। गिलौला-खुटेहना मार्ग पर ग्राम गोबारि के निकट बाइक सामने से आ रहे किसी वाहन से टकरा गई। इससे बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को गिलौला सीएचसी पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने कुन्ने को मृत घोषित कर दिया।

# घास काटते समय भेड़िये के हमले से 2 बच्चियां और महिला घायल

**बहराइच, अमृत विचार:** महसी तहसील क्षेत्र में एक भेड़िए ने दो बच्चियों और एक महिला पर हमला कर घायल कर दिया। यह घटना हरदी थाना अंतर्गत ग्राम चरमरानपुरवा में नदी किनारे घास काटते समय हुई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे बलराम की 9 वर्षीय बेटी कोमल और भूलन की 9 वर्षीय बेटी मुस्कान गांव के पास नदी किनारे घास काट रही थीं। उसी दौरान एक 50 वर्षीय महिला भी वहीं मौजूद थी। झाड़ियों में छिपे भेड़िए ने अचानक कोमल पर हमला कर उसके बाएं पैर को दांतों से जकड़ लिया। जब तक मुस्कान और महिला कुछ समझ पातीं, भेड़िए ने मुस्कान के हाथ पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद उसने महिला को भी निशाना बनाया। बच्चियों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर बच्ची के चाचा दीपक लाठी-डंडा लेकर मौके पर दौड़े, जिसके बाद भेड़िया नदी किनारे झाड़ियों में ओझल हो गया। घायल कोमल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महसी ले जाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. उपेंद्र कुमार ने बताया कि कोमल के पैर में जख्म थे, जिसका उपचार कर दिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची की स्थिति सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया। डॉक्टर ने पुष्टि की कि घाव के निशान भेड़िए के हमले जैसे ही प्रतीत होते हैं। बच्चियों के पिता बलराम और भूलन ने बताया कि क्षेत्र में भेड़िए की बढ़ती सक्रियता से ग्रामीण डरे हुए हैं।



अस्पताल में इलाज के लिए आयी बच्ची।

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जरवल रोड, बहराइच:** स्थानीय पुलिस ने ग्राम अहाता के भिज्जूपुरवा में छापेमारी कर 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। घाघरा घाट चौकी प्रभारी दिनेश कुशवाहा महिला कांस्टेबल मंजू देवी पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम अहाता के भिंजुपुरवा पहुंचे। सूचना थी कि कुछ लोग अपने घरों में अवैध तरीके से कच्ची शराब बेच रहे हैं। पहली गिरफ्तारी, तलाशी के दौरान लछमिना पत्नी शिवनाथ के घर से पांच लीटर अवैध कच्ची शराब भरी एक गैलन बरामद हुई।

# धूमधाम से मना रंगों का त्योहार, सुरक्षा चौकस

बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार:** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में होली का पर्व बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया है। सुबह से ही बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष सड़कों पर उतरकर होली खेलने लगे थे। युवाओं की टोली सड़क पर डीजे के गानों की धुनी पर थिरकते हुए एक-दूसरे के साथ अबीर और गुलाल से लगाकर होली मनाई। वहीं घरों में भी लोग पुआ और अन्य पकवानों का आनंद भी लिए हैं। पूरे क्षेत्र कस्बा बाबागंज, चर्दा, जमोग, बरवालिया, रूपईडीहा, जैतापुर सहित विभिन्न स्थानों पर होली पर्व बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष होली खेलने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में यह उत्साह देखने को मिला। सभी डीजे गानों पर थिरकते हुए एक दूसरे को अबीर, गुलाल, और रंग लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने अपने निजी आवास पर ही कस्बा वासियों व ग्रामीणों को होली पर्व पर रंग, अबीर, गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। वही आवास पर आए सभी आगंतुकों को गोझिया, मिठाई खिलकर होली पर्व मनाया। क्षेत्र के सभी चाक चौराहों पर होली की धूम देखने को मिला। बच्चों के हाथों में जहा रंग और पिचकारियां दिखाई पड़ी। वही युवाओं व महिलाओं, पुरुषों ने जाती, धर्म, उच्च नीच भेद भाव को मिटाते हुए विभिन्न रंगों में सराबोर दिखे।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता प्रबंध:** होली पर्व शांति-व्यवस्था के बीच मनाया जा गया है, इसलिए थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत व चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस पूरा दिन अलर्ट पर रही है। पुलिस की सक्रियता काफी तेज थी। गली गली, गांव, गांव तक पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रही ताकि कोई होली पर्व के दौरान हुड़दंग कर माहौल खराब न कर सके।

### सड़क पर युवाओं और बच्चों में दिखा जोश

इस दौरान युवाओं की टोली भी सड़क पर उतर कर एक-दूसरे के साथ होली मना रही थी। होली त्योहार में उमंग और उत्साह की कोई सीमा नहीं रही। लोग रंगों के साथ-साथ अबीर और गुलाल से होली खेल रहे थे। घर में भी लोग होली के रंगों के साथ-साथ पुआ और अलग-अलग पकवानों का आनंद लिए हैं। इस अवसर पर शिकवे व गिले को भूलकर एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी भी हैं। कस्बे से लेकर गांव तक होली पर्व की धूम मची रही है। बच्चे और युवा रंगों और कपड़ा फाड़ के रंगों के साथ होली खेल खेलते भी दिखे हैं। लोगो ने अलग-अलग तरीकों से होली खेलने का आनंद लिया हैं। कुछ अबीर और गुलाल तो कुछ रंगों से सराबोर होकर खेल रहे थे तो कुछ अलग तरीके से होली पर्व का आनंद उठा रहे थे।

### पुलिस लाइन में होली महोत्सव

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस लाइन भिनगा में गुरुवार को पुलिस प्रशासन के होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने जवानों के साथ रंगोत्सव मनाया। होली गीतों पर जवानों ने जमकर ठुमके भी लगाए। विगत वर्षों की भांति इस बार भी होली के एक दिन बाद पुलिसकर्मियों ने होली त्योहार मनाया। होली पर्व शांतिपूर्ण महौल में संपन्न कराने के बाद पुलिस अधिकारी व कर्मचारी तथा जवानों ने जमकर होली खेली। साथ ही एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाया। इस दौरान एसपी राहुल भाटी ने भी जवानों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### बालिका को परिजनों से मिलाया

**वीरगंज, श्रावस्ती :** हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र के गौसपुर चौराहा पर एक बालिका भटक रही थी। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना हरदत्तनगर गिरंट पुलिस को दी। सूचना पर थाने के मिशन शक्ति टीम प्रभारी आलोक कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बालिका को शांत करवाया। बालिका की फोटो स्थानीय थाने व सोशल मीडिया पर डाल कर बालिका के पहचान की प्रयास शुरू की गई। बालिका की पहचान होने पर मल्हीपुर क्षेत्र के गंगापुर निवासी परिजनों को सूचना दी गई और बालिका को परिजनों को सौंप दिया गया।

# ढोल की थाप पर फगुआ गीत गाते रहे होरियारे

## उमंग

संवाददाता श्रावस्ती

**अमृत विचार:** होली पर्व जिले में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। कहीं डीजे तो कहीं होरियारों की टोली ने होली पर्व को गीत व संगीत से भर दिया। रंग व गुलाल से गांव की गलियों से लेकर शहर के चौक चौराहे तक सराबोर नजर आए। वहीं, सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। इस बार चंद्रग्रहण के चलते होली का पर्व तीन दिनों तक मनाया गया।

चंद्रग्रहण के दौरान लोग रंग भले ही न खेल सके हों, लेकिन पूरे दिन गीत संगीत का दौर चलता रहा। कोई डीजे पर गीत का आनंद ले रहा था तो कोई ढोल, मंजीरा व करताल की धुन पर होली गीतों का आनंद ले रहा था। बुधवार को सुबह से ही लोग रंग खेलने में जुट गए। बच्चे, बूढ़े, युवा, महिलाएं सभी अपने-अपने अंदाज में रंगोत्सव मना रहा था। हलांकि इस बार लोगों ने रासायनिक रंगों के बजाए प्राकृतिक रंगों का अधिक प्रयोग करते नजर आए। कई लोगों ने तो सिर्फ गुलाल से ही होली खेलने में रुचि दिखाई। वहीं, कुछ स्थानों पर तो युवाओं पर होली की खुमारी इस तरह से चढ़ी की वह एक दूसरे का कपड़ा फाड़कर होली खेलते नजर आए। डीजे पर बज रहे होली गीतों का क्रम शाम चार बजे तक चलता रहा रहीं, जबकि ढोल व मंजीरे के साथ निकली होरियारों की टोली देर शाम तक गांव में भ्रमाण कर धंवार, चौताल, डेढ़ ताल व आशीर्वादी गीत गाते दिखे। इस दौरान एसएसबी मुख्यालय भिनगा में संदीक्षा की सदस्यों ने परिवार संग जमकर होली खेला। वहीं गुरुवार को पुलिस लाइन सहित थानों में पुलिस ने अधिकारियों के साथ जमकर होली खेला इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस व पीएसी जगह-जगह तैनात रही।




एसएसबी मुख्यालय पर होली खेलतीं संदीक्षा सदस्य। अमृत विचार

### कल आएंगे अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण

**बहराइच, अमृत विचार :** अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, उप्र शासन तथा महानिदेशक उपाम एवं एसआईआरडी श्री एल वेंकटेश्वर लू का 07 मार्च को जनपद आगमन प्रस्तावित है। अपर मुख्य सचिव श्री लू पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बहराइच में कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रबुद्धजनों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि श्री लू अपरान्ह 01:00 बजे जनपद श्रावस्ती के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को दी गई श्रद्धांजलि

**जरवल रोड, बहराइच :** ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज परिसर में संस्थापक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ठाकुर भगौती सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने पूज्य पिता एवं विद्यालय के संस्थापक ठाकुर भगौती सिंह के कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन समाज सेवा, शिक्षा के प्रसार और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा, कनिष्ठ प्रताप सिंह, सुमित सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा और कृतज्ञता से परिपूर्ण रहा।

### चाय व पान की गुमटी जलाने का आरोप

**जमुनहा, श्रावस्ती :** सोनवा क्षेत्र के ग्राम बढ़हीपुरवा के निकट बुधवार देर रात पान व चाय की दो गुमटियों में आग लग गई। लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम उत्तमापुर के मजरा बढ़हीपुरवा निवासी पंकज कुमार यादव गांव के पास स्थित सरयू मुख्य नहर की पटरी पर गुमटी रखकर पान की दुकान करता है। रात में उसकी दुकान में आग लग गई। घटना की जानकारी होने पर पंकज मौके पर पहुंचे तब तक गुमटी पूरी तरह से जल कर राख हो चुकी थी। ग्रामीण आग को बुझाकर अपने घर चले गए। इसी बीच गुमटी के बगल स्थित सुखितराम के चाय की दुकान में भी आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक यह दुकान भी जल कर राख हो गई। पीड़ितों ने सोनवा पुलिस को शिकायती पत्र देकर अग्निकांड के खुलासे की मांग की है।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में हुई निबंध प्रतियोगिता

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भिनगा में गुरुवार को अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत रेडक्रॉस की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौ की ललिता ने प्रथम व कक्षा आठ की आराध्या ने द्वितीय स्थान हासिल किया। परिवार में बुजुर्गों के महत्व को समझाने के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से अटल वयो अभ्युदय योजना चलाई जा रही है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भिनगा में वृद्धजनों का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौ व आठ की 89 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ की ललिता ने प्रथम, कक्षा 8 की आराध्या मिश्रा ने द्वितीय व कृति ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# होली भेदभाव मिटाने का पर्वः सुभाष

**पयागपुर, बहराइच:** पयागपुर के रामालय गेस्ट हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह राजनीतिक सौहार्द और साहित्यिक उल्लास का केंद्र बन गया। क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कवियों ने फागुन के गीतों से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित जनसमूह झूम उठा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाकर एक-दूसरे को गले लगाने का पर्व है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आह्वान करते हुए कहा, "सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऐसे मिलन समारोह समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को प्रगाढ़ करते हैं। संबोधन के बाद विधायक सुभाष त्रिपाठी जब मंच पर कवि के रूप में उतरे, तो उनकी ओजस्वी रचनाओं ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों का दिल जीत लिया। उनके काव्य पाठ पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा कवि सम्मेलन में प्रदीप पांडेय 'बहरैची' की पंक्तियों 'रंग मा फगुनवा के रँगि जइहौ गोरिया, होली मा जब हमरे घर अइहौ गुजरिया' पर श्रोताओं ने खूब तालियां बटोरीं कार्यक्रम का कुशल संचालन देशराज मधुसूदन ने किया। मंच पर महेश्वर बक्श सिंह, नीरज शुक्ला और शैलेन्द्र सागर जैसे लब्धप्रतिष्ठ कवियों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से होली के रंगों को और गहरा कर दिया इस अवसर पर विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी हरिओम रस्तोगी, पंकज शुक्ल और उमा शंकर तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




आयोजित कार्यक्रम में काव्य पाठ करते प्रदीप बहरैची।

# बाजपुरवा में सात वर्षीय बालक पर तेंदुए का हमला, हालत गंभीर

खैरीघाट, बहराइच

**अमृत विचार:** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एकघरा ग्राम पंचायत के मजरा बाजपुरवा गांव में गुरुवार शाम करीब 5 बजे एक 7 वर्षीय बालिका पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार बाजपुरवा गांव निवासी तसव्वर की पुत्री आफरीन (7 वर्ष) घर के बाहर द्वार पर खेल रही थी। इसी दौरान झाड़ियों की ओर से आए तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और शोर मचाते हुए हाका लगाया, जिससे तेंदुआ मौके से भाग गया। हमले में घायल बच्ची को परिजन तत्काल सीएचसी शिवपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

सीएचसी शिवपुर के डॉ. विकास सिंह ने बताया कि आफरीन पुत्री तसव्वर उम्र करीब 7 वर्ष अस्पताल लाई गई थी, जिसकी हालत खराब थी। बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना परिजनों ने वन विभाग को दूरभाष के माध्यम से दी। डीएफओ ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा एक बच्ची को काटने की सूचना मिली है। वन विभाग कीटीम को मौके पर भेज दिया गया है और जानवर को पकड़ने के लिए क्षेत्र में दो पिंजरे लगाए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इलाके में एक या दो तेंदुए होने की आशंका है, जिन्हें जल्द से जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 6 मार्च 2026






अगर आप केवल भविष्य के विषय में ही सोचते रहेंगे,
तो वर्तमान को भी खो देंगे।
-गुरु गोबिंद सिंह

## ऊर्जा संकट के संकेत

ईरान के दावे और अमेरिका तथा इसराइल के बयानों से लगता है कि पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुकी यह जंग लंबी खिंच सकती है। यह टकराव कुछ सप्ताह से आगे बढ़ता है, तो भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। हमारी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल बाहर से और उसका बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से बरास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए प्रतिदिन आता है। इसके बाधित होने से तेल आपूर्ति व कीमत दोनों पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

भारत के पास विशुद्ध रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन के आयात के बराबर है, जबकि सार्वजनिक और निजी कंपनियों के पास वाणिज्यिक स्टॉक मिलाकर कुल भंडार लगभग 70 दिन तक माना जाता है। यही कारण है कि आधिकारिक और अनौपचारिक आंकड़ों में अंतर दिखाई देता है। युद्ध तीन सप्ताह से अधिक खिंचने और होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की आशंका गलत नहीं है। इससे भारत का आयात बिल और चालू खाते का घाटा बढ़ेगा, तो रुपये पर दबाव पड़ेगा। ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी। फलतः खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की सेवाओं तक कीमतें बढ़ जाएंगी। थोड़ी राहत उन जहाजों से मिल सकती है, जो पहले ही होर्मुज पार कर चुके हैं या रूसी तेल लेकर समुद्र में खड़े हैं। ये कुछ दिनों या हफ्तों की आपूर्ति बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं। ऐसे में भारत को वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। पश्चिम अफ्रीका-विशेषकर नाइजीरिया और अंगोला तथा दक्षिण अमेरिकी देशों से तेल आयात एक विकल्प हो सकता है, हालांकि इन स्रोतों से तेल लाने की दूरी अधिक होने से परिवहन लागत बढ़ेगी। अमेरिकी दबाव के बावजूद, यदि वैश्विक संकट गहराता है तो भारत को रूस से तेल खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी जोखिम कम नहीं है। खाड़ी क्षेत्र से एलएनजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और कतर के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की खबरें चिंता बढ़ाती हैं। यदि आयातित गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो पीएनजी और सीएनजी की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने, एलएनजी के वैकल्पिक अनुबंध करने और उद्योगों को प्राथमिकता-आधारित वितरण नीति अपनाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण, अतिरिक्त एलएनजी कार्गो की व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भंडार बनाए रखने के निर्देश इसके संकेत हैं।

सरकार बाजार की अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने की हर संभव कोशिश करेगी। वह रिफाइनरियों से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अस्थायी नियंत्रण लगा सकती है, ताकि घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित रहे। व्यापार मार्गों में बदलाव और रणनीतिक भंडार का नियंत्रित उपयोग भी विकल्प हो सकते हैं। इस आसन्न संकट ने याद दिलाया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए मात्र आयात पर निर्भरता तज कर देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू गैस उत्पादन और रणनीतिक भंडार क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेज़ कदम तत्काल उठाने होंगे।

## ‘युद्ध-भय’: भारत को आर्थिक पैटर्न बदलने की जरूरत





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत का ‘युद्ध-भय’ सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुंचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है। निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस ‘युद्ध-भय’ की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुंचा, महंगाई सात प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा। कहीं दूर युद्ध और यहां विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक ‘युद्ध-भय’ को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की ‘स्वीट स्पॉट’ अर्थव्यवस्था, जहां महंगाई काबू में और विकास संतुलित था, अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महंगा होता है, तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम ‘ऊर्जा झटके’ को ‘मुद्रास्फीति तूफान’ में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है। यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है, तो विदेशी ऋण महंगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महंगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है। ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। ‘युद्ध-भय’ इसलिए भी गहरा है, क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पांच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएं पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब ‘युद्ध-भय’ आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो ‘युद्ध-भय’ स्थायी नियति नहीं रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।**

### प्रसंगवश

## भारतीय इतिहास के नक्षत्र छत्रपति शिवाजी महाराज



श्वेता गोयल
शिक्षिका

भारत के इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल ‘स्वराज’ का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था।

पंचांग के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया छह मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर छह मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहींस बल्कि उस ‘हिंदवी स्वराज’ के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है।

शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था।

मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना, उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। ‘गणिमी कावा’ अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया।

1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1663 में उन्होंने मुगल सूबेदार शाइस्ता खान पर पुणे में साहसिक आक्रमण कर उसे अपमानित होकर भागने को विवश किया। 1666 में आगरा दरबार में बंदी बनाए जाने के बाद उनका अद्भुत पलायन उनकी बुद्धिमत्ता और धैर्य का परिचायक है। वे विपत्ति में भी अवसर खोज लेते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के करीब पहुंच गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत को मजबूत नेतृत्व की जरूरत, लेकिन देश के पास समझौता कर चुके प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता किया है।

-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

चीन ने वर्षों तक ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, लेकिन अब उससे दूरी बना रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस ईरान के लिए भारत का आंख बंद करके समर्थन चाहती है, जबकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और वहां लाखों भारतीय रहते हैं और काम करते हैं।

-अमित मालवीय
भाजपा प्रवक्ता



## राज्यसभा चुनाव में एनडीए को हो सकता है लाभ



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 का राज्यसभा चुनाव भारतीय राजनीति के लिए केवल नियमित संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के पुनर्निर्धारण का वर्ष साबित हो सकता है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से लगभग 72 से 75 सीटें वर्षभर में विभिन्न चरणों में रिक्त हो रही हैं। मार्च में 37 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि शेष सीटों पर अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में चुनाव होंगे। इन चुनावों का सीधा असर केंद्र की विधायी रणनीति और विपक्ष की प्रभावशीलता पर पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन में बहुमत का समीकरण कई महत्वपूर्ण विधेयकों की दिशा तय करता है।

ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सदन में भाजपा के पास 103 सीटें, कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस के 12, आम आदमी पार्टी के पास 10, द्रमुक की 10, बीजद की सात, वाईएसआरसीपी की पांच और अन्नाद्रमुक के सात सदस्य हैं। सात सदस्य नामित श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की कुल ताकत लगभग 121 के आसपास मानी जा रही है, जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक करीब 80 सीटों के साथ मौजूद है। मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को सात से नौ सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है, जिससे उसकी संख्या 140 के पार जा सकती है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन को लगभग पांच सीटों का नुकसान संभव है।

मार्च में जिन 37 सीटों पर चुनाव होंगे, वे महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से संबंधित हैं। इन राज्यों की विधानसभा संरचना ही परिणामों का आधार बनेगी। राज्यसभा के चुनाव प्रत्यक्ष जनमत से नहीं, बल्कि निर्वाचित विधायकों के वोट से होते हैं। प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और विधायकों की कुल संख्या के आधार पर ‘कोटा’ तय किया जाता है। सूत्र है- कुल विधायक संख्या को (सीटें +1) से भाग देकर उसमें एक जोड़ दिया जाता है। यही न्यूनतम मत संख्या है, जो किसी उम्मीदवार को प्रथम वरीयता के आधार पर जीत के लिए चाहिए।

बिहार का उदाहरण इस गणित को स्पष्ट करता है। वहां विधानसभा में 243 सदस्य हैं और इस चरण में पांच सीटों पर चुनाव होना है। सूत्र के अनुसार 243 को 6 से भाग देने पर 40.5 आता है, उसमें एक जोड़ने पर कोटा 41.5 बनता है, जिसे व्यावहारिक रूप से 42 माना जाता है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इस आधार पर वह चार सीटें सहजता से जीत सकता है, क्योंकि 202 को 42 से भाग देने पर चार पूर्ण कोटे बनते हैं। इसके बाद उसके पास 38 वोट शेष रहते हैं। पांचवीं सीट के लिए उसे कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों का समर्थन चाहिए। यही वह बिंदु है, जहां सियासी रणनीति और क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं अहम हो जाती हैं।

बिहार में एनडीए के घटक दलों में भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक हैं। इसके अतिरिक्त लोजपा (रामविलास), हम और अन्य सहयोगियों को मिलाकर संख्या 202 तक पहुंचती है। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद के 25, कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन विधायक हैं। इनके अलावा पांच विधायक एआईएमआईएम और एक विधायक बसपा का है, जो किसी खेमे में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हैं। महागठबंधन की कुल संख्या 35 है, जो एक सीट के लिए भी पर्याप्त नहीं। यदि विपक्ष एआईएमआईएम और बसपा का समर्थन जुटा ले, तब भी उसे कोटा पूरा करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता रहेगी। इसीलिए बिहार में पांचवीं सीट का मुकाबला केवल गणित नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक तालमेल का प्रश्न बन गया है।

एनडीए की रणनीति स्पष्ट है कि वह चार सुनिश्चित सीटों के बाद पांचवीं पर भी दांव लगाए। इसके लिए बसपा के विधायक, महागठबंधन से जुड़े कुछ असंतुष्ट चेहरों या निर्दलीय समर्थन पर नजर है। वहीं विपक्ष भी यह समझता है कि यदि वह एकजुट होकर एक ही उम्मीदवार उतारे और अतिरिक्त समर्थन सुनिश्चित करे तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। किंतु यदि विपक्षी खेमे से एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में आते हैं, तो प्रथम वरीयता के वोटों के बंटवारे से एनडीए को लाभ मिल सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यही गणित कई राज्यों में दोहराया जा रहा है। महाराष्ट्र में हालिया विधानसभा परिणामों ने एनडीए को बढ़त दी है, जिससे वहां अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी क्षेत्रीय दलों की बदली ताकत का असर दिख सकता है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने से विपक्ष की सीटें घट सकती हैं। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में सीमित नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है, परंतु कुल मिलाकर संतुलन एनडीए के पक्ष में झुकता दिखाई देता है। इन चुनावों का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है। कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को 7-9 सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है।**

### सोशल फोरम

## कायर और क्रांतिकारी



आरती सिंह
ब्लॉगर

चे ग्वेरा को उनके छुपने की जगह से पकड़ा गया, क्योंकि एक चरवाहे ने उसकी सूचना दी थी! तो किसी ने उस चरवाहे से पूछा– ‘तुमने उस आदमी की शिकायत क्यों की, जिसने अपनी पूरी ज़िंदगी तुम्हारे जैसे लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए गुज़ारी?’

चरवाहा बोला, ‘उसकी दुश्मन से लड़ाई मेरी भेड़ों को डरा देती थी।’

इसी तरह जब मिस्र में मोहम्मद करीम ने नेपोलियन के नेतृत्व में आई फ्रांसीसी सेना का डटकर मुकाबला किया, तो अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई। नेपोलियन ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, ‘मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हें मारूंगा, क्योंकि तुमने बहादुरी से अपने देश की रक्षा की। मैं नहीं चाहता कि इतिहास मुझे उन लोगों में गिने जो अपने देश के रक्षकों को मार डालते हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर सकता हूं, लेकिन एक शर्त पर.... तुम्हें मेरे सैनिकों की मौत के बदले दस हज़ार सोने की मुद्राएं भरपाई के रूप में देनी होंगी।’

मोहम्मद करीम ने कहा, ‘मेरे पास इतना पैसा नहीं है, लेकिन व्यापारियों पर मेरा सौ हज़ार सोने की मुद्राओं से भी ज़्यादा का क़र्ज़ है।’

नेपोलियन बोला, ‘ठीक है, मैं तुम्हें समय देता हूं। जाओ, उनसे वसूल कर लो।’

इसके बाद मोहम्मद करीम जंजीरों में जकड़ा हुआ और फ्रांसीसी सैनिकों से घिरा हुआ बाज़ार में गया। वह अपने देशवासियों से आशा लेकर गया था, जिनकी स्वतंत्रता के लिए उसने अपनी जान तक दांव पर लगा दी थी, लेकिन किसी व्यापारी ने उसकी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा उसे ही दोष देने लगे, ‘इसी की वजह से अलेक्ज़ान्द्रिया बर्बाद हो गया। इसी की वजह से हमारा कारोबार तबाह हुआ।’

मायूस होकर वह नेपोलियन के पास लौटा।

नेपोलियन ने कहा, ‘अब मेरे पास तुम्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन सुनो! मैं तुम्हें इसलिए नहीं मार रहा कि तुमने हमारे सैनिकों को मारा, बल्कि इसलिए कि तुमने अपनी जान उन लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जो डरपोक और स्वार्थी हैं, जिन्हें अपनी आज़ादी से ज़्यादा अपने कारोबार की फिक्र है।’

जैसा कि मोहम्मद रशीद रिदा ने कहा, ‘एक अंधे समाज के लिए क्रांतिकारी वही है, जैसे कोई आदमी अपने शरीर को जला कर रोशनी करे, लेकिन जिस रास्ते पर चलने वाला ही अंधा हो।’

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला सशक्तीकरण से बदल रही यूपी की सूरत



धनीश शर्मा
लेखक

उत्तर प्रदेश की गलियों, गांवों और कस्बों में आज एक शांत, लेकिन गहरा बदलाव महसूस किया जा सकता है। यह बदलाव केवल आधारभूत संरचनाओं का नहीं, बल्कि सोच, अवसर और भागीदारी का है। जिन महिलाओं की भूमिका कभी घर की चौखट तक सीमित मानी जाती थी, वे अब शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया, बल्कि वर्षों की सामाजिक चेतना, सरकारी पहलों और महिलाओं के आत्मविश्वास का परिणाम है। आज महिला सशक्तिकरण राज्य की विकास यात्रा का अनिवार्य अध्याय बन चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश में शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ‘बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा’ जैसी सोच अब केवल नारा नहीं रही। केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज में जागरूकता का वातावरण बनाया, वहीं राज्य स्तर पर छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं ने बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता-पिता अब बेटियों की शिक्षा के प्रति अधिक सजग हुए हैं, हालांकि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान पहुंच अब भी चुनौती है, विशेषकर दूरदराज़ क्षेत्रों में। फिर भी यह बदलाव आश्वस्त करता है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

आज राज्य में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इन समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप संस्कृति में भी महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं के आत्मसम्मान और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया है। अब वे केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि आय और विकास की सहभागी भी हैं।

राजनीतिक सहभागिता ने इस परिवर्तन को और गहराई दी है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में आरक्षण के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनी हैं। ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और पार्षद के रूप में वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ स्थानों पर ‘प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व’ की समस्या देखी जाती है, फिर भी यह अनुभव महिलाओं को नेतृत्व और प्रशासन की समझ प्रदान कर रहा है। यह सहभागिता आने वाले समय में व्यापक राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार बन सकती है।

सरकार ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 और मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। 1090 हेल्पलाइन विशेष रूप से छेड़छाड़, स्टॉकिंग और साइबर उत्पीड़न जैसी शिकायतों के समाधान के लिए संचालित की जाती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों तथा महिला पुलिस थानों की स्थापना से सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

अमृत विचार

# यूरेका

## खोज

## इंटरनेट का आविष्कार

आज इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जानकारी प्राप्त करना, ई-मेल भेजना, वीडियो देखना, ऑनलाइन खरीदारी करना या दुनियाभर के लोगों से जुड़ना- ये सब इंटरनेट की बदौलत संभव हुआ है, लेकिन इसका विकास एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि कई वैज्ञानिकों और दशकों के शोध का परिणाम है।



इंटरनेट की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। उस समय अमेरिका में शीत युद्ध का दौर था और अमेरिकी रक्षा विभाग चाहता था कि ऐसा संचार तंत्र बनाया जाए, जो किसी आपात स्थिति या हमले की स्थिति में भी काम करता रहे। इसी उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा विभाग की संस्था ARPA (Advanced Research Projects Agency) ने एक परियोजना शुरू की, जिसे ARPANET कहा गया। 1969 में ARPANET के माध्यम से पहली बार दो कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा गया। पहला नेटवर्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलिस (UCLA) और स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटरों के बीच स्थापित हुआ। इसी घटना को इंटरनेट के जन्म की शुरुआत माना जाता है। इंटरनेट किसी एक व्यक्ति का आविष्कार नहीं है, बल्कि कई वैज्ञानिकों के योगदान का परिणाम है। फिर भी दो वैज्ञानिकों को इंटरनेट का प्रमुख जनक माना जाता है विंटन सर्फ और बॉब कान।

1970 के दशक में इन दोनों वैज्ञानिकों ने मिलकर TCP/IP (Transmission Control Protocol / Internet Protocol) नामक संचार प्रणाली विकसित की। यही तकनीक विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्कों को आपस में जोड़ने का आधार बनी। 1 जनवरी 1983 को ARPANET ने आधिकारिक रूप से TCP/IP को अपनाया और यहीं से आधुनिक इंटरनेट की वास्तविक शुरुआत मानी जाती है।

### वैज्ञानिक के बारे में



विंटन सर्फ का जन्म 23 जून 1943 को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के न्यू हेवन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें गणित व विज्ञान में गहरी रुचि थी। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में पीएचडी की। सर्फ बचपन से आंशिक रूप से श्रवण बाधित थे, इसलिए उन्होंने संचार तकनीक के महत्व को बहुत करीब से महसूस किया। उन्होंने इंटरनेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें अक्सर "इंटरनेट का जनक" कहा जाता है।

वहीं बॉब कान का जन्म 23 दिसंबर 1938 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। उन्होंने सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीक में रुचि थी। वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने नेटवर्किंग तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

# ऐसा था साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण



आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर तब, जब चंद्रमा में कोई बदलाव आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

### भारत में चंद्र ग्रहण

भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण का प्रारंभ बीती 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे हुआ। इसकी पूर्णता का प्रारंभ शाम 4:34 बजे रहा, समाप्ति शाम 5:33 बजे हुई और संपूर्ण ग्रहण की समाप्ति शाम 6:48 बजे हुई, लेकिन देश के तमाम हिस्सों में बचा-खुचा चंद्र ग्रहण यानी आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखाई दिया।

### अंब्रा और पेनअंब्रा

ग्रहण के दौरान दो छायाएं बनती हैं। पहली छाया को प्रच्छाया (अंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते यह छाया छोटी होती जाती है। यह ग्रहण की छाया का गहरा केंद्र होता है। दूसरी छाया को उपछाया (पेनअंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते उपछाया बड़ी होती जाती है। अर्थात् उपछाया चंद्रमा की छाया का बाहरी भाग होता है। यह वह जगह है, जहां प्रकाश आंशिक रूप से ही अवरुद्ध होता है।

### पूर्ण व आंशिक चंद्र ग्रहण

देश के कई हिस्सों में इस चंद्र ग्रहण को चंद्र उदय के साथ आंशिक रूप से देखा गया। अपने उदय के समय ही चंद्रमा हल्की लालिमा लिए नजर आया। ध्यान रहे, मुख्य छाया (अम्ब्रा), ग्रहण की अंधेरी, घनी छाया होती है। चंद्रमा इसमें पूरी तरह घुस जाए तो पूर्ण ग्रहण लगता है और चंद्रमा लाल-कॉपर रंग का हो जाता है अर्थात् सूर्य की रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ती है और चंद्रमा पर लाल-भूरा रंग डालती है, इसे रक्त चंद्रमा (ब्लडमून) कहते हैं। वहीं उपछाया (पेनअम्ब्रा), ग्रहण की बाहरी हल्की छाया होती है। चंद्रमा इसमें गुजरने पर सिर्फ थोड़ा धुंधला या मंद दिखता है, कोई बड़ा रंग परिवर्तन नहीं होता। जैसा की इस बार आंशिक चंद्र ग्रहण के समय दिखाई दिया।

पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है। अर्थात् जब पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब पूर्ण चंद्रग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दिया, जिसे ब्लडमून कहा जाता है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण की घटना घटित हुई, लेकिन यह भारत के अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण का समापन दिखाई दिया सिवाय उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों के, जहां ग्रहण के पूर्ण चरण का अंत भी दिखाई दिया। देश की कई वैज्ञानिक संस्थाओं के आह्वान पर बच्चों और बुजुर्गों ने इस खगोलीय घटना को नंगी आंखों से देखने का आनंद लिया।





### क्या होती है ग्रहण ऋतु

जब सूर्य वर्ष में दो बार चंद्रमा की कक्षा के उन बिंदुओं के निकट पहुंचता है, जिन्हें राहु और केतु (नोड) कहा जाता है, तब लगभग 35-35 दिनों की दो विशेष अवधियां बनती हैं। इन्हीं अवधियों को ग्रहण ऋतु कहा जाता है। लगभग हर 173 दिन, यानी करीब छह महीने में, सूर्य एक नोड से दूसरे नोड के पास पहुंचता है और उसी समय यह ग्रहण ऋतु बनती है।



इस अवधि में ग्रहण होने की संभावना अधिक रहती है। सामान्यतः इस लगभग 35 दिनों की खिड़की में पहले अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण हो सकता है। इसके लगभग 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है, जब चंद्र ग्रहण की संभावना बनती है। फिर करीब 15 दिन बाद अगली अमावस्या पर एक और सूर्यग्रहण संभव हो सकता है। इसलिए एक ही ग्रहण ऋतु में अधिकतम तीन ग्रहण हो सकते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में सामान्यतः छह ग्रहण तक हो सकते हैं, हालांकि विशेष खगोलीय परिस्थितियों में कभी-कभी सात ग्रहण भी संभव हो जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण तभी संभव होता है, जब सूर्य चंद्र कक्षा के नोड से लगभग 15 डिग्री के भीतर हो। सूर्य आकाश में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री आगे बढ़ता है, इसलिए नोड से 15 डिग्री पहले और 15 डिग्री बाद तक का क्षेत्र लगभग 30 डिग्री का होता है। इसी कारण यह अवधि लगभग 30 दिनों के आसपास बनती है। वास्तविक खगोलीय परिस्थितियों के कारण यह सीमा लगभग 31 से 37 दिनों तक भी हो सकती है। इसी औसत अवधि के कारण लगभग 35 दिनों की ग्रहण ऋतु मानी जाती है, जिसके दौरान सूर्य और चंद्रमा की स्थिति ऐसी बनती है कि पृथ्वी से सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण देखने की संभावना रहती है।

---

## वैज्ञानिक फैक्ट

# ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जमता है गर्म पानी

यह बात सुनने में कुछ अटपटी लग सकती है कि कभी-कभी गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जम जाता है। सामान्य अनुभव तो यही बताता है कि ठंडा पानी पहले बर्फ बनेगा, लेकिन विज्ञान में एक ऐसी घटना दर्ज है, जो इस सामान्य धारणा को चुनौती देती है। इस अनोखी घटना को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है।

इस प्रभाव का नाम 1960 के दशक में तंजानिया के एक किशोर छात्र के नाम पर रखा गया, जिसने एक साधारण-सी घरेलू प्रक्रिया के दौरान एक असामान्य बात पर ध्यान दिया। उसने देखा कि जब घर पर आइसक्रीम बनाने के लिए गर्म मिश्रण को सीधे फ्रीजर में रखा गया, तो वह उस मिश्रण की तुलना में जल्दी जम गया, जिसे पहले ठंडा होने दिया गया था। यह



अवलोकन उसके लिए भी हैरानी भरा था। शुरुआत में कई लोगों ने इस दावे को संदेह की दृष्टि से देखा, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस पर प्रयोग शुरू किए और पाया कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा वास्तव में संभव है। इसके बाद से वैज्ञानिक इस रहस्य को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है?

हाल के शोधों से यह संकेत मिला है कि इसका संबंध पानी की उस अवस्था से हो सकता है, जिसे ऊष्मागतिक संतुलन से बाहर होना कहा जाता है। साधारण शब्दों में कहें, तो जब कोई प्रणाली संतुलन में होती है, तब उसके गुण- जैसे तापमान या ऊर्जा स्थिर रहते हैं और उनमें बदलाव नहीं होता, लेकिन जब पानी गर्म अवस्था में होता है और तेजी से ठंडा होने लगता है, तो वह इस संतुलन से बाहर की स्थिति में होता है, जिससे उसके व्यवहार में कुछ असामान्य परिवर्तन देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इस प्रभाव को समझाने के लिए कई अन्य संभावित कारण भी सुझाए हैं। एक विचार यह है कि गर्म पानी का कुछ भाग वाष्प बनकर उड़ जाता है, जिससे पानी की कुल मात्रा कम हो जाती है और वह जल्दी ठंडा हो सकता है। एक अन्य सिद्धांत यह बताता है कि ठंडा पानी जमते समय अपनी सतह पर बर्फ या पाले की पतली परत बना सकता है। यह परत नीचे के पानी को ढककर उसे इंसुलेट कर देती है और उसके जमने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है।

इस विषय पर कई अध्ययन किए जा चुके हैं, फिर भी म्पेंबा प्रभाव का सटीक कारण आज तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यही वजह है कि यह घटना विज्ञान के क्षेत्र में एक दिलचस्प रहस्य बनी हुई है।

---

## वाइल्ड लाइफ



# ऊंचे पैरों वाला अनोखा वन्यजीव

मैनड वुल्फ का स्वरूप अत्यंत विशिष्ट और आकर्षक है। इसके अतिरिक्त लंबे समय तक चलने वाले और लोमड़ी जैसे दांतों के चेहरे के कारण इसे अक्सर 'ऊंची टांगों वाली लोमड़ी' कहा जाता है। यह नाम केवल उनकी फर्म पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसकी चाल-चलन और रहन-सहन में भी एक अलग सी भव्यता झलकती है। इसकी आकृति लंबी, काली किरणों की पट्टियां इसकी पहचान का प्रमुख हिस्सा हैं। जब यह किसी को खतरा महसूस होता है, तो अपने मुखिया के बालों को खड़ा कर खुद को बड़ा और भोला बना लेता है।

मैनड वुल्फ के शरीर के अन्य हिस्से भी कैनिडे परिवार के अन्य सदस्यों से अलग हैं। इसके बड़े और चौकन्ने कान, लंबे व नुकीला थुथन, ऊंचे पैर और गाढ़े रंग की गर्दन इसे एक अनोखे रूप में पेश करते हैं। इस परिवार में भेड़िये, लोमड़ीयन, सियार, कोयोट और कुत्ते जैसे जीव शामिल हैं, लेकिन मैनड वुल्फ न तो किसी भेड़िये का निकट संबंधी है और न ही किसी फॉक्स का। मैनड वुल्फ का वैज्ञानिक नाम क्राइसोसियोन ब्रैच्यूरियस है। यह क्राइसोसियोन वंश का एकमात्र सदस्य है। यह रहस्यमयी जीव दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों, जंगलों और खुले जंगलों में पाया जाता है। ब्राजील, पार्वे, अर्जेंटीना और बोलीविया जैसे देशों के विस्तृत घास के मैदानों में इसकी उपस्थिति सामने आई है। यह अकेलापन वाला जीव है और दिन की एकांत शाम या रात के समय से अधिक सक्रिय रहता है।

एक वयस्क मैनड वुल्फ की ऊंचाई आमतौर पर लगभग तीन फीट तक होती है और इसका वजन लगभग 50 पाउंड तक होता है। इसके शरीर पर सुनहरा-लाल या लाल-भूरा होता है, जबकि ग्लास, सिरप का भीतरी भाग और पूंछ का सिरा सफेद रंग का होता है। दाढ़ी के बाल और पैर काले होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसके पिछले पैर, बाकी जनजातियों की तुलना में लंबी-लंबी बातें होती हैं, जो इसके लंबे और ऊंचे आकार को और लंबी चट्टानें हैं। इसके लंबे पैर घास के ऊंचे मैदानों में चलने और दूर तक देखने में भी सहायक माने जाते हैं।

---



# पंछियों को 'अंधा' भी बना देता है प्रेम



डॉ. कैलाश चंद सैनी
जयपुर

क्या प्यार वाकई अंधा होता है? वैज्ञानिकों ने पक्षियों की दुनिया का वह विरोधाभास उजागर किया है, जहां नर तीतरों का सौंदर्य ही उनकी दृष्टि की बाधा बन जाता है। प्रेम की उस महंगी कीमत की दास्तान, जहां आकर्षण ही जान का जोखिम बन जाता है। 'प्यार अंधा होता है' यह कहावत इंसानी रिश्तों पर तो सटीक बैठती ही है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि पक्षियों की दुनिया में यह केवल कहावत नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। आमतौर पर नर पक्षी रंग-रूप, पंखों की बनावट और प्रणय-नृत्य आदि में मादाओं से कहीं अधिक आकर्षक होते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब यह सवाल उठाया है कि क्या नर पक्षियों की यह सुंदरता हमेशा उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होती है?

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, 'क्राइसोलोफस' वंश की दो पक्षी प्रजातियां- गोल्डन तीतर और लेडी ऐम्हर्स्ट तीतर इस तथ्य के सबसे रोचक उदाहरण के रूप में उभरे हैं। इन नर तीतरों के सिर पर राजाओं की तरह एक सुंदर कलगी और गर्दन के चारों ओर पंखों का खूबसूरत घेरा होता है, जो प्रजनन काल में मादा को रिझाते समय किसी जादुई पर्दे की तरह फैल जाता है। दिखने में बेहद भव्य लगने वाली यही सजावट उनकी आंखों की दृष्टि के लिए सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि इन नर तीतरों का दृश्य क्षेत्र यानी देखने का दायरा मादाओं की तुलना में काफी कम हो जाता है। उनके 'ब्लाइंड एरिया' (जहां आंखों से कुछ भी दिखाई नहीं देता), मादाओं की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक पाया गया है। इतना ही नहीं, उनकी द्विनेत्री (बाइनोक्युलर) दृष्टि, जो दोनों आंखों से एक साथ देखने और दूरी का अनुमान लगाने में मदद करती है, वह भी औसतन 41 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

यह स्थिति लगभग वैसी ही है, जैसे कोई व्यक्ति माथे तक झुकी हुई लंबी छज्जे वाली कैप पहनकर चारों ओर निगरानी रखने की कोशिश करे, उसे न तो ऊपर से आता खतरा साफ दिखेगा और न ही किनारों की हलचल। यह वैज्ञानिक खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब तक दुनियाभर की करीब 300 पक्षी प्रजातियों के अध्ययन में नर और मादा के देखने के दायरे में इतना बड़ा अंतर कभी दर्ज नहीं किया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन्हीं के निकट संबंधी सिल्वर और ग्रीन तीतरों में ऐसा कोई अंतर नहीं पाया गया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि प्यार के लिए चुकाई जाने वाली यह कीमत केवल दृष्टि तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह उनके जीवन के लिए भी खतरा पैदा करती है। दृष्टि में आई यह कमी नर तीतरों को शिकारियों के प्रति अधिक असुरक्षित बना देती है, विशेषकर उस समय जब वे नीचे झुककर दाना चुग रहे होते हैं और ऊपर से आने वाले खतरों को नहीं देख पाते, लेकिन संतोष की बात यह है कि यह अंधापन स्थायी नहीं होता।



प्रकृति ने उनके अस्तित्व को बचाने के लिए एक संतुलन भी बनाया है। साल के कुछ महीनों में जब इन पक्षियों के पंख झड़ जाते हैं और यह भारी-भरकम सजावट हट जाती है, तब उनकी दृष्टि फिर से पूरी तरह सामान्य हो जाती है। यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में नियंत्रण और संतुलन का नियम कितना सूक्ष्म है, जो सौंदर्य जीवन के नए अध्याय यानी प्रेम को आमंत्रित करता है, वही कभी-कभी जीवन के अंत का कारण भी बन सकता है। इसीलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्राकृतिक संसार में पक्षी भी कभी-कभी प्यार में अंधे हो जाते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,015.90 | 24,765.90 |
| बढ़त | 899.71 | 285.40 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.17 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,300 प्रति किलो

अमृत विचार

अयोध्या, शुक्रवार, 6 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक के प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उसकी संयुक्त उपक्रम वाली बीमा और जीवन बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गयी है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल बैंक ने जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी (जीसीआईसीएल) और जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (जीसीएलआईसीएल) में क्रमश: 1.09 प्रतिशत और 0.82 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी है। दोनों कंपनियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इटली के जेनराली समूह का संयुक्त उपक्रम हैं।

### राजमार्ग इंफ्रा के आईपीओ का मूल्य दायरा 99-100 रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 6,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार इस इन्विट का पहला सार्वजनिक निर्गम 11 मार्च को खुलेगा और 13 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी।

### इंडिगो जामनगर से नवी मुंबई के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो गुजरात के जामनगर से महाराष्ट्र के नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह दैनिक उड़ान 23 अप्रैल से शुरू होगी। इस मार्ग पर वह ए320 विमान का परिचालन करेगी। अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, राजकोट और भावनगर के बाद जामनगर इंडिगो के नेटवर्क में शामिल होने वाला गुजरात का छठा शहर होगा। उसने बताया कि नयी उड़ान से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम योगी ने किया कपिल देव के अस्पताल का उद्घाटन

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-10 में स्थित नवनिर्मित केडीजीएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित विधिवत पूजा-पाठ और हवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। अधिकारियों के अनुसार, यह अस्पताल पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव और उनकी कंपनी द्वारा बनवाया गया है। इस अवसर पर कपिल देव, उनकी पत्नी रोमा देव, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, धीरेंद्र सिंह और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नरेंद्र भाटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ओमनीटेक का शेयर पहले दिन के कारोबार में 10 प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को 227 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 205 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 9.69 प्रतिशत कम है और अंत में यह 9.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.15 रुपये पर बंद हुआ।

## खुशहाली की ओर...




जम्मू और कश्मीर अब विकास की राह पर लगातार अग्रसर है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू में चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें एक स्टार्टअप आउटरीच प्रोग्राम के दौरान एक अवार्ड दिया। **फोटो** : एजेंसी

# करदाता अनुकूल व्यवस्था बनाए आयकर विभाग

## टीडीएस विसंगतियों संबंधी शिकायत के निपटारे के आदेश में सीईसी ने की यह टिप्पणी

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **टीडीएस सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार डीडीओ की तय हो जवाबदेही**
- **व्यक्तिगत करदाता को टारगेट करने से परेशान होते हैं ईमानदार करदाता**

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को ''करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की'' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।

सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं। आदेश में कहा गया कि यह बेहद खराब चलन है क्योंकि इससे एक ईमानदार करदाता परेशान होता है, जबकि गलत काम करने वाला डीडीओ पूरी तरह से बच जाता है। आयोग ने व्यवस्था में सुधार की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में करदाता-अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप देना" उचित होगा ताकि विसंगतियों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी तरीके से दूर किया जा सके।सीआईसी ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी से पहले विसंगति का स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए और यह पुष्टि करने के लिए कहा जाना चाहिए कि कर की विधिवत कटौती, जमा और रिपोर्टिंग की गई है या नहीं। आयोग ने कहा कि ऐसी जांच के बाद ही, यदि गलती करदाता की है, तो करदाता और कर कटौतीकर्ता दोनों को एक साथ सुना जाना चाहिए ताकि मामले को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। आयोग को इस मामले में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्भावना या जानबूझकर सूचना छिपाने का कोई संकेत नहीं मिला और उसने शिकायत को खारिज कर दिया।

# भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत और फिनलैंड ने बृहस्पतिवार को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षित कार्यबल की आवाजाही के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी और फिनलैंड के रोजगार मंत्री मैतियास मार्टिनेन के बीच यह बातचीत फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की भारत यात्रा के दौरान हुई है।



नई दिल्ली में डेलीगेशन लेवल की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब। **फोटो** : एजेंसी

स्टब चार-दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बयान में कहा-दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग और शिक्षा प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जा सके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

इस दौरान चौधरी ने कहा कि भारत की युवा आबादी और फिनलैंड की प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञता, कौशल क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारी का आधार बनाती है।

मार्टिनेन ने कहा कि फिनलैंड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के योगदान की सराहना करता है और कौशल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक में स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई। इसके साथ प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण, भाषा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अकादमिक शिक्षा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए संस्थागत साझेदारी और निरंतर संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

## रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और कारोबार के दौरान 91.30 के उच्चस्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 91.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 41 पैसे की बढ़त है।

# सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार

वाशिंगटन, एजेंसी

न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार हैं। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है।



- **अमेरिकी अदालत ने कहा-एकतरफा शुल्क निर्धारित नहीं कर सकते राष्ट्रपति**

न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आईईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।

# हनोई-दिल्ली और मुंबई-टोक्यो के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

मुंबई, एजेंसी

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और तोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के तोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी। इन उड़ानों के लिए ''ए320 नियो'' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी।

एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा। जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) निपुण अग्रवाल ने कहा, 'जापान और वियतनाम भारतीय यात्रियों के लिए तेजी से बढ़ते गंतव्य के रूप में उभरे हैं।

## बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये बीओबी ने जुटाए 10हजार करोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। बीओबी ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है।

बैंक ने बताया कि सात वर्षीय बॉन्ड को एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक ऋण बोली मंच पर 5,000 करोड़ रुपये के आधार बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये के ग्रीन शू यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प के साथ पेश किया था। बीओबी ने कहा कि मौजूदा बाजार अस्थिरता के बावजूद, बैंक ने 7.10 प्रतिशत ब्याज के साथ यह बोली हासिल की है।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से ज्यादा चढ़े

**मुंबई, एजेंसी।**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में धन प्रबंधन के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि प्रमुख व्यापारिक मार्ग हर्मुज दर्रे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षा और बीमा की अमेरिका की गारंटी से बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। अमेरिका ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच हर्मुज दर्रे से होकर गुजरने वाले तेल के टैंकरों को उसकी सेना एस्कॉर्ट भी




कर सकती है। साथ ही इन खबरों से भी बाजार को समर्थन मिला कि ईरान युद्ध समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,210 के शेयर ऊपर और 1,038 के गिरावट में बंद हुए।

अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.51 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी का शेयर 3.88 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.36, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.29, बीईएल का 2.98, पावरग्रिड का 2.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.56, इंडिगो का 2.55 और टाटा स्टील का 2.01 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा में 1.92 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.86, बजाज फाइनेंस में 1.83, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.62, टाइटन में 1.57, बजाज फिनसर्व में 1.24, एचडीएफसी बैंक में 1.11, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.08 और ट्रेंट में 0.91 प्रतिशत की तेजी रही।

## ईरान संघर्ष लंबा खिंचा तो कंपनियों पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।

बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने पहले ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर से विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया-सप्ताहांत में ईरान संघर्ष शुरू होने के साथ, विदेशी निवेशकों का रुख फिर से सतर्क हो गया है क्योंकि भारत तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के प्रति संवेदनशील है और यहां चालू खाते का घाटा (कैड) अनुमान से अधिक होने का जोखिम है।

# सेबी ने 'कस्टोडियन' को दिशा-निर्देश जारी किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने गैर-बैंक कस्टोडियन (संरक्षक) के लिए विनियमित और गैर-विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग रणनीतिक व्यापार इकाइयों (एसबीयू) के माध्यम से संचालित करने को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इन इकाइयों के लिए अलग खाते बनाए रखने और इन व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से नेटवर्थ संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश भी शामिल हैं।

नियामक ने अपने परिपत्र में कहा कि कस्टोडियन एंड डीडीपी स्टैंडर्ड्स सेटिंग फोरम (सीडीएसएसएफ), सेबी के परामर्श से उन वित्तीय सेवा गतिविधियों की सूची तय करेगा, जो संरक्षक कर सकते हैं। सेबी ने कहा कि ऐसे कस्टोडियन जो बैंक नहीं हैं, या बैंकों की अनुषंगी कंपनियां, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं हैं, उन्हें सेबी विनियमित और गैर-सेबी विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग एसबीयू के माध्यम से संचालित करना होगा।

सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा-एसबीयू के लिए समान दूरी के आधार पर अलग खाते तैयार और बनाए रखे जाएंगे, कस्टोडियन के लिए नेटवर्थ के मानदंड एसबीयू के बही-खातों को छोड़कर पूरे किए जाने चाहिए।

# पोत परिवहन कंपनियों की अधिक अधिभार की मांग, निर्यातकों ने जतायी चिंता

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्यातकों ने कहा है कि जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं ले जा रही पोत परिवहन कंपनियां 40 फुट के कंटेनर पर 4,000 डॉलर तक का आकस्मिक अधिभार मांग रही हैं। वे उन उत्पादों की खेप भी छोड़ने से इनकार कर रही हैं जो अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमले से पहले बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। इस मांग से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें यह अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले जहाज पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। लेकिन वे माल की डिलिवरी नहीं कर रहे हैं और भारी अधिभार की मांग कर रहे हैं। हमने वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। सरकार ने भारत के निर्यात, विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पर चल रहे वैश्विक घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है।

ये शुल्क 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण लगाए गए हैं। सहाय ने कहा कि ये शुल्क उन उत्पादों पर भी लगाए जा सकते हैं जिन्हें अभी भारत से जहाजों पर लादा जाना बाकी है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने सभी सामान पर शुल्क लगा दिया है। इससे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। माल की डिलिवरी नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि इस लागत को कौन वहन करेगा?घरेलू निर्यातकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशियाई देशों के लिए माल लेना बंद कर दिया है।

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि समुद्री माल ढुलाई भाड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। धीरे-धीरे हमें कंटेनर की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जहाज बीच समुद्र में ही फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं।

### चावल निर्यातकों ने तुरंत मांगी राहत

**नयी दिल्ली।** चावल निर्यातकों ने बृहस्पतिवार को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद ईरान संकट से निपटने के लिए सरकार से तुरंत राहत के उपाय की मांग की है। जिसमें बंदरगाह से जुड़े प्रभार में छूट तथा भुगतान समायोजन की मांग भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह से जुड़े प्रभार (स्टोरेज/डेमरेज और दूसरे शुल्क) में छूट मांगी है, जहां जहाज रद्द होने की वजह से कार्गो वापस हो जाता है। ऐसे में पारगमन में कार्गो को वापस करने, राह बदलने करने की सुविधा के साथ दस्तावेजीकरण और भुगतान समायोजन के लिए सीमा शुल्क और रिजर्व बैंक की मदद की मांग की गई है। उन्होंने सरकार से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है जिसमें इस रुकावट को एक अपरिहार्य स्थिति की घटना के रूप में मान्यता दी जाए ताकि गलत तरीके से जुर्माने को रोका जा सके और कोविड-काल की राहत की तरह ही अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमा और ऋण विस्तार के ज़रिये तात्कालिक बैंकिंग मदद दी जाए।

### खाड़ी के बाजारों में भारतीय चाय निर्यात पर खतरा

कोलकाता, एजेंसी। अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये निर्यात खेपों पर असर पड़ता है, तो भारतीय चाय निर्यात में बड़ी रुकावट आ सकती है। भारतीय चाय संघ ने यह जानकारी दी है। संघ ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र के मुख्य बाजार, जिनमें इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, में भारत की चाय खेप का एक बड़ा हिस्सा इस रणनीतिक रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान ने कहा कि वह चीन के मालवाहक जहाज को छोड़कर इस रास्ते से अन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। संघ ने कहा कि वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 28 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत, यानी 11.5 करोड़ किग्रा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और इराक को इकट्ठा मिलाकर भेजी गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को दिया जाएगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'स्वाधीनता पदक 2026' के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा कर दी है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की दिवंगत मां बेगम खालिदा जिया का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को स्वतंत्रता, लोकतंत्र और महिलाओं की शिक्षा में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 विशिष्ट व्यक्तियों और पांच संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। जारी अधिसूचना में स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, संस्कृति, खेल, ग्रामीण विकास, सामाजिक सेवा, लोक प्रशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान को मान्यता दी गई है।

### एनएचआरसी ने दो सफाई कर्मियों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दो मार्च को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सीवर कक्ष में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। आयोग के मुताबिक समाचार रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्य यदि सत्य हैं तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण मांगा गया है। जल निकासी प्रक्रिया के दौरान सीवर में गिरे एक सक्शन टैंकर पाइप के हिस्से को निकालने के लिए पीड़ित सीवर कक्ष में घुसे थे, तभी जहरीली गैसों के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई।

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

## अमेरिका के मोंटाना राज्य में गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी

अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं।

मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष




- **गवर्नर ने कहा- गांधी के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में जरूरी**

प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को भेंट करने के लिए वाणिज्य दूतावास का आभार जताया। भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

## कच्चा तेल आपूर्ति की बड़ी चुनौती

होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर संकट है। ईरान की ओर से दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारे को बंद करने के एलान से पूरी दुनिया में भारी उथल-पुथल मची हुई है। होर्मुज के बंद होने का सबसे ज्यादा विनाशकारी असर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान समेत कई खाड़ी देशों पर पड़ने की आशंका है क्योंकि तेल और गैस के बड़े निर्यातक इन देशों की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पूरी तरह इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में काफी साफ है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस लड़ाई में एक निर्णायक बढ़त हासिल की है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तमाम देश अमेरिका और इजराइल पर जल्द युद्ध समाप्त करने का दबाव बना सकते हैं।

## होर्मुज : दुनिया की दुखती रग



### क्या पड़ेगा दुनिया पर असर

- दुनिया के कच्चे तेल का 20% और वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 20% से अधिक इसी मार्ग से गुजरता है।
- आशंका जताई जा रही है कि यह मार्ग बंद होने से तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।
- कतर जैसे बड़े निर्यातकों से होने वाली एलएनजी सप्लाई रुकने से बिजली-गैस की कीमतों पर सीधे असर की संभावना है।

### भारत की स्थिति

- भारत अपनी तेल आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत इसी मार्ग से पूरा करता है।
- तेल सप्लाई रुकने से पेट्रोल और डीजल के दाम भारत में तेजी से बढ़ सकते हैं।
- रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर भारत को अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ सकती है।
- टैंकरों को लंबे रास्तों से जाना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ेगी।

### सैकड़ों जहाज फंसे

- अनुमान है कि फारस की खाड़ी के अंदर लगभग 800 से 3,200 जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें कंटेनर जहाज, तेल टैंकर और मालवाहक जहाज शामिल हैं।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार लगभग 20,000 नाविक इन जहाजों पर फंसे हुए हैं। यात्री जहाजों पर लगभग 15,000 लोग भी प्रभावित हैं।

पिछले हफ्ते में इस मार्ग से गुजरने वाले टैंकरों में 90% कमी आई है। पहचान छुपाने के लिए कई जहाज ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके इस मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगर कुछ महीने मार्ग बंद रहा तो...

- कच्चे तेल की कीमतें 130 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, 300 डॉलर का स्तर भी छूने की आशंका है।
- कतर से सप्लाई रुकने से यूरोप में प्राकृतिक गैस कीमतें तीन गुना होकर 100 डॉलर मेगावाट घंटे तक जा सकती हैं।
- परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति में 0.6% से 0.8% की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
- कई देशों के केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, इस कारण से वैश्विक जीडीपी विकास दर धीमी हो जाएगी।

- सबसे सीधा और विनाशकारी असर खाड़ी देशों पर पड़ेगा जो तेल और गैस के बड़े निर्यातक हैं।
- इन देशों की अर्थव्यवस्था के साथ दैनिक जीवन भी पूरी तरह से इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है।

### खाड़ी देशों की जीवन रेखा

- कुवैत, कतर और बहरीन जैसे देशों का करीब 100% तेल और गैस निर्यात इसी मार्ग से होता है।
- मार्ग बंद होने से इन देशों की सरकारी आय ठप हो जाएगी, जिससे खर्चों पर संकट आ सकता है।
- खाड़ी देशों की लगभग 70% खाद्य सामग्री होर्मुज के रास्ते आती है। बड़ा खाद्य संकट पैदा होगा।

# नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर

### तख्तापलट के बाद हुए आम चुनाव में शाम पांच बजे तक करीब 60% मतदान, मतगणना शुरू

- **पड़ोसी देश में चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा भारत**

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के बाद पहले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूर्व रुझानों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व रैपर एवं काठमांडू से महापौर रहे बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने देश के दोनों परंपरागत राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस पार्टी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दी है। भारत इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके।

जेन जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को देश में आम चुनाव कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान ही 2022 में गठित आरएसपी को काफी समर्थन मिला, इस कारण शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) उस सरकार का हिस्सा थीं जिसे पिछले साल जेन जी ने गिरा दिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा अपनी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जबकि सीपीएन (यूएमएल) ने ओली को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना चेहरा बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाल में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुआ। निर्वाचन आयुक्त सगुन शमशेर राणा के मुताबिक देश भर में कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि कुछ स्थानों पर मामूली मतभेदों के अलावा कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू हो गई।



नेपाल में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर लगीं कतारें।

### 1.89 करोड़ मतदाता, पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि अपनाई गयी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और 388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अनंतिम मतदाता भी हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।



### कार्की, थापा, बालेंद्र शाह ने किया मतदान

कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार सुबह काठमांडू के बाहरी इलाके धापासी में काठमांडू-5 निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी उम्मीदवार गगन थापा ने सुबह मैतिदेवी स्थित काठमांडू-4 निर्वाचन क्षेत्र से वोट डाला। आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने काठमांडू के बाहरी इलाके चुचेपाटी और बालेंद्र शाह 'बालेन' ने काठमांडू के गैरेगांव से अपना वोट डाला। वह झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चीन ने रक्षा बजट 10% बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को तेज कर अमेरिकी सेना के बराबर तक पहुंचना है।

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने गुरुवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में पेश अपनी कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए लगभग 1.9 ट्रिलियन युआन (275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे प्रमुख मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी भी सीमित है।

- **अमेरिकी सेना की बराबरी का लक्ष्य, भारत पर बढ़ा दबाव**

पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी, जो 2024 की तुलना में 17 अरब डॉलर अधिक था। अमेरिका के बाद दूसरे सबसे बड़े रक्षा बजट वाले चीन का सैन्य खर्च कुछ वर्षों से बढ़ रहा है। इससे भारत और अन्य पड़ोसी देशों पर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है।

## आपसी सहयोग को पुख्ता करेंगे भारत और फिनलैंड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही।दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। यह साझेदारी एआई से लेकर 6 जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग, कई हाईटेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, कूटनीति और संवाद में विश्वास रखते हैं। हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हुआ। यह समझौता भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल करेगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति शाम को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे और मुख्य भाषण देंगे।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ मोदी।

- **मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से की मुलाकात**
- **दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का लिया निर्णय**

## डीआर कांगो में खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोग मरे

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या 400 से ज्यादा पहुंच सकती है, क्योंकि तमाम लोग अभी लापता हैं।

- **तमाम लोग लापता, 400 के पार पहुंच सकती है मृतकों की संख्या**

कहा गया है कि यह दुर्घटना बहुत ज़्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि रुबाया माइनिंग क्षेत्र 2024 से मार्च 23 मूवमेंट (एम23) विद्रोही ग्रुप के नियंत्रण में है, जिससे इस हादसे में बचाव कार्य खास तौर पर मुश्किल हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि खनन क्षेत्र को पहले नवंबर से खतरे के क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। इस वर्गीकरण के बाद यहां खनन पर रोक लग जानी चाहिए थी। रूबाया के रहने वाले और खनिक डेविड कासेरेका ने बताया, कसासा नाम के पहाड़ पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन ने कई लोगों को निगल लिया।

## आईएसआईएस, अल कायदा के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आह्वान किया है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को कहा, आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। यह सीमाओं, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं जानता और यह एक ऐसी चुनौती है जिसका सामना अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सामूहिक रूप से मिलकर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वार्षिक राजदूत स्तरीय संबोधन में पुरी ने अप्रैल 2025 में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। इस हमले को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादी संगठन) के सहयोगी संगठन ''द रेजिस्टेंस फ्रंट'' ने अंजाम दिया था। इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, हमें आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करनी होगी।

- **संयुक्त राष्ट्र में भारत ने किया आह्वान, कहा- अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बड़ा खतरा**

भारत ने बहुपक्षीय सहयोग के लिए एक केंद्रीय साधन के रूप में वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति (जीसीटीएस) के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने कहा कि भारत जीसीटीएस की 9वीं समीक्षा के लिए परामर्श में सक्रियता से हिस्सा लेगा तथा उन्होंने इस प्रक्रिया में वार्ता के दौरान सह-सहायकों फिनलैंड और मोरक्को को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुरी ने कहा, न्यूयॉर्क और दुनिया भर में (आतंकवादी घटनाओं के बाद) भारत की सभी पहल हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसमें 'दिल्ली घोषणा' भी शामिल है। आतंक फैलाने के उद्देश्य से संचालित गतिविधियों में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के मुद्दे पर 'दिल्ली घोषणा' एक ऐतिहासिक दस्तावेज है।पुरी ने कहा कि आतंकवादी उद्देश्यों में नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मुद्दा कई सदस्य देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने राजनीतिक-नैतिक रूप से आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है।

- **खरगे ने लगाया ईरान युद्ध के घटनाक्रमों पर चुप्पी साधने का आरोप**

उन्होंने कहा, एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। मोदी मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा, खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**तुला** – आज दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृष** – आज मानसिक रूप से शांति रहेगी। कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समय बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में आई खटास दूर होगी। व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गई यात्रा में समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**कर्क** – आज आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**मकर** – आज बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अपनी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय को लेकर महत्वपूर्ण डील हो सकती है। समाज में आपको विशेष पहचान मिल सकती है।

**कुंभ** – आज नए संबंधों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें।

**कन्या** – आज किसी के बहकावे में न आएं। स्वभाव में लचीलेपन के कारण आपको लोग पसंद करेंगे। परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठा सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 17.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 09.29 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

**औपचारिकता बना चुनाव**

**दस राज्यों से 37 सीटों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों ने दाखिल किए हैं नामांकन**

# राज्यसभा चुनाव : आठ राज्यों में 35 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए। दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश की है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने चार उम्मीदवार रामदास अठावले, विनोद तावड़े, माया वाघमारे और रामराव वडकुटे को मैदान में उतारा तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और दिवंगत नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। अस्वस्थ पवार के आवास पर जाकर अधिकारियों ने नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कीं। राज्य में सीटों और उम्मीदवारों की संख्या बराबर है इसलिए मतदान के बगैर प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होगी।

हरियाणा से दो सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने भी नामांकन दाखिल कर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हिमाचल प्रदेश से एक सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है जिनका निर्वाचित होना तय है। तमिलनाडु से राज्यसभा की छह सीटों के लिए छह उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल कर दिए। इनमें सत्तारूढ़ दल के चार और विपक्ष के दो उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ मोर्चे की ओर से एन शिवा, प्रो. जे कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन, क्रिस्टोफर तिलक और एलके सुदीश ने नामांकन दाखिल किया। विपक्षी गठबंधन की ओर से वर्तमान सांसद एम थंबीदुरई और पीएमके नेता अम्बुमणि रामदास ने नामांकन दाखिल किया। यहां भी सभी छह उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना है।

पश्चिम बंगाल में पांच सीटों के लिए टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। ओडिशा की चार सीटों के लिए भाजपा और बीजद के दो-दो सदस्य मैदान में उतरे हैं, दिलीप रे भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।



नितीश के राज्यसभा के लिए नामांकन कराने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

### असम में विपक्ष नहीं खड़े कर सका अपने प्रत्याशी

असम में तीन सीटों के लिए विपक्ष सर्वसम्मति से उम्मीदवार नहीं खड़े कर सका। यहां राजग से तीनों नामांकित उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है। कैबिनेट मंत्री जोगेन महान, पूर्व भाजपाविधायक तेराश गोवाला और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने नामांकन दाखिल किया है। विपक्ष के किसी भी उम्मीदवार के मैदान में नहीं उतरने के कारण राजग के उम्मीदवारों के लिए चुनाव महज औपचारिकता बनकर रह गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग की ओर से पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



मैं बस घर जाना चाहता हूं। कम से कम एक अपडेट तो दो, हमें कुछ तो बताओ। आज कल, अगले हफ्ते। पांच दिन हो गए हैं। टीम के सभी सदस्य परेशान हो रहे हैं। फिलहाल एक अपडेट मिला, देखते हैं कब जाने को मिलेगा।
–डेरेन सैमी, वेस्टइंडीज के कोच




अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज का मैच

**टीम :** भारत-ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का टेस्ट मुकाबला
**समय :** सुबह 10 :50 बजे से

## हाईलाइट

### फाइनल में चुनौतियां अलग होंगी : सैंटनर



**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ़ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फ़ाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ़्रीका पर दबाव बनाए रखा।

### आर्सेनल ने खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ।

# संजू की तूफानी पारी से भारत फाइनल में न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत

## टी-20 विश्व कप : दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रनों से हराया



89 रन
42 गेंद
08 चौके
07 छक्के

संजू सैमसन।

**मुंबई, एजेंसी**

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड 7 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड 246 रन बना सका।

इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में भारत की जीत के हीरो सैमसन ने 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की।

हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने सैमसन की तूफानी पारी से पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। सैमसन ने जोफ्रा आर्चर की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ तेवर दिखाए। इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में मिड ऑन पर कप्तान हैरी ब्रूक ने सैमसन का आसान कैच छोड़ा और इस बल्लेबाज ने ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ दिया। अभिषेक शर्मा (09) ने भी स्पिनर विल जैक्स पर दो चौके मारे लेकिन फिर उनकी गेंद को हवा में लहराकर डीप मिडविकेट पर फिल सॉल्ट को आसान कैच दे बैठे।

ईशान किशन ने भी जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौके मारे जबकि सैमसन ने सैम कुरेन के साथ ऐसा किया। सैमसन ने लेग स्पिनर आदिल राशिद का स्वागत चौके के साथ किया और फिर बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन पर छक्के के साथ सिर्फ 26 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी डॉसन पर छक्का मारा।

सैमसन और इशान ने अगले ओवर में कुरेन पर भी छक्के मारे जिससे नौवें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। ईशान हालांकि इसके बाद राशिद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर लॉन्ग ऑफ पर जैक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। शिवम दुबे ने आते ही राशिद पर दो छक्के मारे। सैमसन ने भी आर्चर पर दो छक्के मारे लेकिन इसके बाद जैक्स की गेंद पर सॉल्ट को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) ने राशिद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर स्टंप हो गए। हार्दिक पंड्या ने ओवरटन पर तीन चौकों के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। दुबे ने कुरेन पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। तिलक वर्मा (21) ने 19वें ओवर में आर्चर पर तीन छक्के मारे लेकिन फिर बोल्ड हो गए। पंड्या ने अंतिम ओवर में दो छक्के जड़कर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया लेकिन फिर रन आउट हो गए।



जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम।

### भारत

**253/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| ईशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-61-1, जैक्स 4-0-40-2, ओवरटन 3-0-36-0, कुरेन 4-0-53-0, राशिद 4-0-41-2, डॉसन 1-0-19-0

**19** छक्के लगे भारतीय पारी में

**07** छक्के सर्वाधिक सैमसन ने लगाए

# यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है : कोच कॉनराड

**कोलकाता, एजेंसी**

● पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी हार से हुए निराश



दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था।

उन्होंने कहा आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहाआज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

## द. अफ्रीका का सामना डटकर करने का किया था फैसला : एलन

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया।

# भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ, एजेंसी**

● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला आज से





भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है।

भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे।

भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान एवं विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, मैटलान ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, राहेल ट्रेनामन, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## शुभ घड़ी आई

स्टार कपल की शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल

# अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की

**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के 'द सेंट रेजिस मुंबई' में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अर्जुन ने भारत के लिए अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला है और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह गोवा क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।



महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया चंडोक की शादी के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। एजेंसी

दुल्हन सानिया उद्योगपति रवि घई की पोती हैं और पशु-चिकित्सा (वेटरिनरी) क्षेत्र में उद्यमी के तौर पर काम कर रही हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह, पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, वेंकटेश प्रसाद और मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले शामिल थे। इसके अलावा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर, चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा, पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस सांसद यूसुफ पठान तथा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन और उनकी पत्नी जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और उनका परिवार, आमिर खान, आशा भोसले और सोनू निगम समेत कई गणमान्य व्यक्ति शादी में उपस्थित थे। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे भी शादी में शामिल हुए।



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, पत्नी गौरी खान (बीच में) और बेटी सुहाना खान के साथ।





पूर्व क्रिकेटर पृथ्वी शॉ, एक्टर आकृति अग्रवाल के साथ। सुरेश रैना पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ।



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (बाएं) परिवार के साथ।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य

**बर्मिंघम, एजेंसी**

● प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को हराया

> रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं। तीसरे गेम को अपनी योजना के मुताबिक खेलने में सफल रहा।
> – लक्ष्य सेन

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया।

इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने कहा शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है।

मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं। लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे।